हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शनिवार 26 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 121, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### आईएएस विनय चौबे की बेल पर अब 1 अगस्त को सुनवाई

रांची : झारखंड शराब घोटाला के आरोपी राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. इस दौरान न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया.
अब इस मामले में सुनवाई के लिए अदालत ने 1 अगस्त की तारीख निर्धारित की है. कोर्ट ने शुक्रवार को एसीबी की उस हस्तक्षेप याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एजेंसी ने अपना शपथपत्र वापस लेने का अनुरोध किया था.

#### एसीबी द्वारा दर्ज प्राथमिकी और गिरफ्तारी को दी है चुनौती

दरअसल विनय चौबे ने अपनी याचिका में एसीबी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी और गिरफ्तारी को चुनौती दी है. उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और सभी दंडात्मक कार्रवाई को रद्द किया जाए.

#### 20 मई को पूछताछ के बाद विनय चौबे को एसीबी ने किया था गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2025 को एसीबी ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में विनय चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर कर लिया था. फिलहाल विनय चौबे न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार के उन पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है.

### लैंड माइन ब्लास्ट, एक अग्निवीर शहीद

पुंछ(ईएमएस)। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। घटना उस समय हुई जब सेना की टुकड़ी गश्त पर थी। शहीद जवान की पहचान जाट रेजिमेंट के अग्निवीर के रूप में हुई है। हादसे में एक जूनियर कमिशंड अफसर और दो जवान घायल हुए हैं। सभी घायल सैनिकों को तुरंत एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित आर्मी बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### कार चालक ने 4 को रौंदा

गांधीनगर(ईएमएस)। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में शुक्रवार सुबह नशे में धुत कार चालक ने 7 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला समेत 4 राहगीरों की मौके पर ही मौत हो गई है और 3 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि कार चालक नशे में था। हादसा रांदेसन के भाईजीपुरा से सिटीप्लस जाने वाली सर्विस रोड पर हुआ। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक टाटा सफारी कार चालक फुल स्पीड में सडक़ पर चल रहे लोगों और वाहन चालकों को टक्कर मार देता है। एक स्कूटी करीब 20 से 25 मीटर तक घिसट जाती है।

### एअर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी-लैंडिंग

जयपुर(ईएमएस)। जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एअर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। यह फ्लाइट जयपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। टेकऑफ के महज 18 मिनट बाद ही फ्लाइट में टेक्निकल प्रॉब्लम आ गई। इसके बाद पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-612 की मिड एयर प्रॉब्लम को टेक्निकल टीम ने दुरुस्त कर लिया। इसके बाद शाम 4 बजकर 29 मिनट पर फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई। सूत्रों के मुताबिक टेकऑफ के बाद पायलट को फ्लाइट के कार्गो के गेट का साइन ऑन (गेट खुला होने का संकेत) मिला। हालांकि एअर इंडिया की ओर से अब तक विमान में आई तकनीकी खराबी को लेकर किसी तरह का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### डीआरडीओ ने किया ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से अग्रसर हो रहा है। देश में लगातार एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और स्वदेशी विमानों का निर्माण हो रहा है। इस दिशा में नेतृत्व कर रहा है रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ। अब डीआरडीओ ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल यूएलपीजीएम-वी3 का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल ड्रोन से लॉन्च की जाती है और इसमें अत्यंत सटीक लक्ष्यभेदन की क्षमता है।

### मणिपुर में छह महीने और बढ़ा राष्ट्रपति शासन, संसद में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में पेश किए गए एक प्रस्ताव के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। यह विस्तार 13 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। मीडिया रिपोर्ट में आधिकारिक सूचना के मुताबिक यह सदन राष्ट्रपति द्वारा मणिपुर के संबंध में 13 फरवरी, 2025 को जारी की गई उद्घोषणा को 13 अगस्त, 2025 से छह महीने तक बढ़ा दिया है। बता दें मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था, पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद, जिसका मुख्य कारण मैतेई समुदाय से संबंधित साथी बीजेपी विधायकों द्वारा बढ़ते राजनीतिक दबाव था, जो उनके नेतृत्व का विरोध कर रहे थे। राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का यह कदम सत्तारूढ़ एनडीए के मैतेई और नागा विधायकों द्वारा राज्य में निर्वाचित सरकार की बहाली के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच उठाया गया है। राष्ट्रपति शासन राज्यपाल के कार्यालय के जरिए से लागू किया जाता है, जो आमतौर पर छह महीने तक चलता है और संसद की मंजूरी से हर छह महीने में अधिकतम तीन साल की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है।

### राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी, 8 बच्चों की मौत, 8 गंभीर, 27 घायल

झालावाड़(ईएमएस)। राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने 8 बच्चों की मौत हो गई है, 27 घायल हो गए, वहीं 8 गंभीर हैं। झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 3 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।
प्रार्थना के लिए सभी बच्चों को इकट्ठा किया था गांव वालों ने बताया कि वहां सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो सभी क्लास के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने की बजाय कमरे में बैठा दिया, ताकि वे गीले न हों। इसके कुछ देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। गांववालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम हैं। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे।

# सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति
# लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी कार्यवाही



नई दिल्ली : मानसून सत्र में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही शुक्रवार को भी स्थगित कर दी गई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पहले आज सुबह राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक अब सोमवार सुबह 11 बजे होगी, जबकि लोकसभा दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी।
सोमवार से (28 जुलाई) से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए।
विपक्षी सांसद बिहार में चल रही विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले की जा रही यह प्रक्रिया जन प्रतिनिधित्व के अधिकार पर हमला है। विपक्ष का कहना है कि इस प्रक्रिया के जरिए लाखों मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाया जा रहा है, जो संविधान और लोकतंत्र पर जानबूझकर किया गया हमला है।

#### विपक्ष के विरोध से भड़के ओम बिरला

शुक्रवार को जब विपक्षी सदस्य तख्तियां लिए सदन के वेल में आ गए तो ओम बिरला ने कहा कि विरोध दर्ज करने का एक तरीका होता है। अगर आप संसद नहीं चलाना चाहते हैं... तो सदन की कार्यवाही आज दोपहर 2:00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।
लोकसभा स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से निचले सदन को सामान्य रूप से चलने देने का आग्रह किया और बैनरों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह "गतिरोध" ठीक नहीं है। गतिरोध समाप्त करने के लिए चर्चा होगी। सरकार के प्रतिनिधि भी होंगे... अगर कोई असहमति है, तो उसे सदन के नियमों के अनुसार व्यक्त किया जाना चाहिए । इससे पहले दिन में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने बिहार में 52 लाख मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किए जाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया था। उन्होंने इसे मोदी सरकार द्वारा चुनाव आयोग का उपयोग कर संविधान और लोकतंत्र पर सुनियोजित हमला बताया। 21 जुलाई को शुरू होने के बाद से संसद की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है। कल विपक्ष के हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई थी।

#### इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद भवन के मकर द्वार पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों के विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। यह विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हिस्सा लिया।

# छत्तीसगढ़ में 66 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण
# लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा की शपथ ली



रायपुर,(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में 66 कट्टर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जो राज्य में वामपंथी उग्रवाद के लिए एक बड़ा झटका है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे सुरक्षा दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह सामूहिक आत्मसमर्पण पांच जिलों में हुआ, जिसमें बीजापुर से 25, दंतेवाड़ा से 15, कांकेर से 13, नारायणपुर से 8 और सुकमा से 5 उग्रवादियों ने औपचारिक रूप से हिंसा का त्याग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा की शपथ ली। समूह में महिला उग्रवादियों का एक बड़ा हिस्सा शामिल था, जिनमें से कुछ दो दशकों से भी अधिक समय से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थीं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि हथियार डालने वालों में 49 उग्रवादी शामिल थे, जिन पर कुल 2.27 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। इनमें उच्च पदस्थ नेता और लंबे समय से उग्रवादी शामिल थे। इनमें सबसे प्रमुख रमन्ना इरपा उर्फ जगदीश था, जो विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य था और जिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटनाक्रम को छत्तीसगढ़ के सुरक्षा परिदृश्य, विशेषकर बस्तर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के प्रभाव में पिछले 18 महीनों में 1,570 माओवादी कार्यकर्ताओं ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने इस प्रवृत्ति को शासन, बुनियादी ढांचे की पहुंच और जन कल्याणकारी कार्यों की प्रभावशीलता का प्रमाण बताया। उन्होंने डबल इंजन सरकार के माध्यम से इस परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को श्रेय दिया। पुनर्वास प्रयासों के केंद्र में पूना मारगेम अभियान है, जिसका अर्थ है पुनर्वास के माध्यम से पुनरुत्थान, जो आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को वित्तीय सहायता, व्यावसायिक सहायता और पुनः एकीकरण के रास्ते प्रदान करता है।

## राज्य में एक और सैनिक स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू

रांची : मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिक्षा सचिव को राज्य में एक और सैनिक स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया. 9.49 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक स्कूल में पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का फैसला किया. सैनिक स्कूल के शिक्षकों के वेतन भत्ते का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करने के मुद्दे पर विचार करने का आश्वासन दिया. सैनिक स्कूल के मुद्दे पर आज हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद मुख्य सचिव ने राज्य में एक और सैनिक स्कूल की जरूरत बतायी. उन्होंने शिक्षा सचिव को एक और सैनिक स्कूल खोलने की दिशा में पहल शुरू करने का निर्देश दिया. बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई राज्यों में एक से अधिक सैनिक स्कूल चल रहे हैं. झारखंड के सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 875 है. यह दूसरे राज्यों के सैनिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या से ज्यादा है. उन्होंने छात्रों के सालाना स्वास्थ्य की जांच हजारीबाग के बदले कोडरमा में कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया.मुख्य सचिव ने तिलैया स्कूल में छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का फैसला किया. इसके तहत 9.49 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक स्कूल में नयी पेयजलापूर्ति योजना शुरू की जायेगी. पेयजल एंव स्वच्छता विभाग ने इससे संबंधित योजना की स्वीकृति दे दी है. स्कूल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया. भवन निर्माण विभाग को सैनिक स्कूल के भवनों के उचित रखरखाव का निर्देश दिया. स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल के कर्मचारियों का वेतन भत्ता, पेंशन आदि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करने का अनुरोध किया गया.

## पांच लाख राशन कार्डधारकों ने नहीं कराया ई-केवाईसी हो सकता है रद्द

#### ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि समाप्त

#### 13 लाख राशन कार्डधारियों ने कराया ई-केवाईसी

धनबाद। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केंद्र सरकार की ओर से सभी राशन कार्डधारियों को ई-केवाइसी कराने का आदेश दिया गया था। ई-केवाइसी कराने के लिए सरकार की ओर से 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था।
समय समाप्त होने के बाद धनबाद जिले में अब भी पांच लाख राशन कार्डधारियों ने अपना ई-केवाइसी नहीं कराया। इस कारण अब इन सभी का कार्ड रद किए जाने की कगार पर है।
धनबाद जिले में पीएचएच और अंत्योदय कार्डधारियों की कुल संख्या करीब 18 लाख के आसपास है। इनमें से 13 लाख राशन कार्डधारियों ने अपना ई-केवाइसी करा लिया है। वहीं, यहां के 13 हजार मृत लोगों का नाम भी राशन कार्ड से हटा दिया गया है। इधर ई-केवाइसी कराने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार की ओर से इस समयवधि में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। ऐसे में जिन लोगों ने ई-केवाइसी नहीं कराया है उनका कार्ड रद होने की संभावना है। मामले को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि राशनकार्ड को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कार्ड डिलीट करने को लेकर अब तक राज्य सरकार से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। फिलहाल वैसे लोगों का नाम राशनकार्ड से हटाया जा रहा है जिन्होंने पिछले तीन साल से एक बार भी राशन का उठाव नहीं किया है। राशन उठाव नहीं करने वालों के कारण धनबाद जिला अपने लक्ष्य से पीछे रह जाता है।

## झारखंड में 28 जुलाई तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट

रांची : झारखंड में मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है. बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव अब और अधिक सक्रिय हो गया है, जिससे राज्य के मौसम पर बदलाव देखने को मिल रहा है. इसकी वजह से गुरुवार को भी राजधानी रांची सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई. मौसम विभाग की मानें तो 28 जुलाई तक इसी तरह बारिश का दौर जारी रहेगा. आईएमडी ने अगले चार दिनों तक झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है.

#### इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार, आज भी दक्षिणी झारखंड के जिलों में भारी बारिश हो सकती है. इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है. आईएमडी ने रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में भारी बारिश के साथ तेज हवा और वज्रपात की आशंका जताई है. वहीं राज्य के बाकी हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है.

#### बंगाल की खाड़ी में बना ट्रफ झारखंड में कर चुका है प्रवेश

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम ओडिशा और पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड के दक्षिणी हिस्सों में प्रवेश कर चुका है और अब यह पश्चिमोत्तर दिशा की ओर बढ़ेगा. इसके कारण कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा, आंधी-तूफान और वज्रपात की भी आशंका है. मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने, बिजली की गड़गड़ाहट के समय खुले मैदानों से दूर रहने और यात्रा से पहले मौसम अपडेट देखने की सलाह दी है.

### ओबीसी सम्मेलन में पीएम मोदी पर बरसे खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज हक्चष्ट महासम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सामाजिक न्याय के मुद्दों से भाग रही है और पिछड़ों को उनका अधिकार नहीं दे रही. खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी झूठ बोलने की आदत वाले नेता हैं और उनका नारा अब सबका साथ, सबका विकास नहीं, बल्कि सबका विनाश बन गया है. खड़गे ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि वो सवर्ण जाति से हैं, फिर भी पिछड़े, दलित और आदिवासी समाज के लिए आवाज़ उठा रहे हैं. आप उनके साथ क्यों नहीं खड़े होंगे? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर वर्ग के लिए लड़ रहे हैं, और यही कांग्रेस की विचारधारा है. खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शैक्षिक रूप से पिछड़े और वंचित समुदायों को आरक्षण देने से बचते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी पहले सवर्ण जाति से थे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद खुद को पिछड़ा वर्ग में शामिल करा लिया.

# जेपीएससी सिविल सेवा अंतिम परिणाम घोषित, आशीष अक्षत बने टॉपर

नई दिल्ली : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है. उम्मीदवार जेपीएससी सिविल सेवा अंतिम परिणाम आधिकारिक वेबसाइट jpsc.gov.in पर देख सकते हैं. सीधा लिंक नीचे दिया गया है. आयोग ने चयनित उम्मीदवारों के नाम और आवेदन संख्या के साथ-साथ उनकी श्रेणियों और उन्हें आवंटित सेवाओं की जानकारी भी साझा की है. यह भर्ती अभियान विभिन्न राज्य सेवाओं की 342 रिक्तियों के लिए आयोजित किया गया था. परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक की डिग्री की आवश्यकता थी. कट-ऑफ तिथि तक उनकी आयु 21-35 वर्ष होनी चाहिए. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी गई थी.
यह परीक्षा दो भागों में आयोजित की गई थी. प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा (लिखित और



साक्षात्कार) लिए गए थे. मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने थे. हालांकि, आरक्षित वर्ग के पात्र उम्मीदवारों को कुछ छूट दी गई थी. इस परीक्षा में आशीष अक्षत ने टॉप किया है, उसके बाद अभय कुमार और रवि रंजन कुमार का स्थान है. परिणाम, टॉपर्स और आगे क्या होता है, इसके बारे में आपको जो कुछ भी जानना है.

#### किन पदों पर होगी भर्ती

विभाग और प्रस्तावित पद चयनित उम्मीदवारों को झारखंड सरकार में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया जाएगा, जिनमें-डिप्टी कलेक्टर (207 पद) पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) (35 पद) राज्य कर अधिकारी (56 पद) जेल अधीक्षक, परिवीक्षा अधिकारी, श्रम अधिकारी, शिक्षा सेवा अधिकारी, आदि शामिल है.
उम्मीदवारों का अंतिम चयन मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में उनके संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर किया गया.
निष्पक्षता और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए चयन प्रक्रिया के दौरान झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति का कड़ाई से पालन किया गया. अब जबकि परिणाम घोषित हो चुके हैं, चयनित उम्मीदवारों को अगले चरणों के बारे में जल्द ही सूचित किया जाएगा, जिसमें दस्तावेज सत्यापन, प्रशिक्षण कार्यक्रम और राज्य के विभिन्न विभागों में उनकी संबंधित प्रशासनिक भूमिकाओं के लिए पदस्थापन विवरण शामिल हैं.

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली तार स्क्रैप चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 8 गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)।चुटिया थाना क्षेत्र स्थित बिजली विभाग पावर हाउस से तार स्क्रैप चोरी करने के मामले का पुलिस ने उद्भेदन किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह के कुल आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इनके पास से चोरी किए गए चालीस बंडल स्क्रैप तार, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और छह मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं. पकड़े गए अपराधियों में गुड्डू होरो, रोहित कुमार, विवेक थापा, दीपक महली,पवन यादव, रॉकी नायक और आर्यन मुंडा शामिल हैं।इनमें से गुड्डू होरो और एक अन्य अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है।दरअसल पावर हाउस चुटिया से तार स्क्रैप चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले के उद्भेदन के लिए एसएसपी ने एक विशेष टीम का गठन किया गया था।गठित टीम ने तत्परता से अनुसंधान करते हुए इस चोरी में शामिल गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस की टीम ने छापेमारी कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया।

### साई मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धा और भक्ति में डूबा शहर

धनबाद(ईएमएस)।पूजा टॉकीज स्थित साई बाबा मंदिर का 54वां स्थापना दिवस शुक्रवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।इस पावन अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया और विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।शुक्रवार सुबह विधिवत पूजा-अर्चना और अभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इसके उपरांत साई बाबा की पालकी को पूरे सम्मान और भक्ति भाव के साथ मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई।इस शोभायात्रा में भगवान शिव और हनुमान के वेश में सजे कलाकारों ने शहर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कलाकारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुत किए गए धार्मिक नृत्य और झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।शोभा यात्रा पूजा टॉकीज, सिटी सेंटर, रणधीर वर्मा चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान पूरा शहर जय साई राम के जयकारों के साथ गूंज उठा।कार्यक्रम के दौरान पूरे मार्ग को भगवा पताकाओं और पुष्पों से सजाया गया था।मंदिर संचालक ने बताया कि हर वर्ष 25 जुलाई को मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन विशेष पूजा, भव्य रैली, झांकी, भंडारा और रात्रिकालीन जागरण का आयोजन होता है।इस वर्ष भी स्थानीय व बाहरी भजन मंडलियों की प्रस्तुति के साथ रात्रि जागरण और विशेष भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक समरसता से सराबोर इस आयोजन ने न सिर्फ श्रद्धालुओं को भावविभोर किया बल्कि शहरवासियों को भी एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।

### राष्ट्रपति के दौरे को लेकर 31 जुलाई से 1 अगस्त तक बरवाअड्डा हवाई पट्टी क्षेत्र 'नो फ्लाई जोन' घोषित

धनबाद(ईएमएस)।राष्ट्रपति के प्रस्तावित धनबाद दौरे को देखते हुए बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को 31 जुलाई सुबह 10 बजे से 1 अगस्त शाम 6 बजे तक नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किया है।इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रपति का 1 अगस्त को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम) धनबाद का दौरा प्रस्तावित है जिसमें वे वायुमार्ग के माध्यम से बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर उतरेंगी।इस कारण सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आदेश के तहत इस अवधि में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून और अन्य किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी।इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से सहयोग की अपील की।

### बाबूलाल मरांडी की राजनीति सिर्फ अफवाह और आलोचना : इरफान अंसारी

रांची(ईएमएस)।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी राजनीति अब सिर्फ अफवाह और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने तक सीमित रह गई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, अब आपको देखकर बस एक बात याद आती है गिरगिट ने आत्महत्या कर ली... स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग पर हमला सिर्फ इसलिए हो रहा है क्योंकि वह अल्पसंख्यक समुदाय से हैं।उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को न विकास दिखता है न अच्छे काम, बस आलोचना और नकारात्मक राजनीति करना उनकी आदत बन चुकी है।बता दें कि गुरूवार को भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य स्वास्थ्य सेवा को लेकर और मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदले जाने पर सरकार की आलोचना की थी। जिसका जवाब में इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया पर दिया है।

### राज्य में है एक और सैनिक स्कूल की जरूरत : मुख्य सचिव

रांची(ईएमएस)।मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिक्षा सचिव को राज्य में एक और सैनिक स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। 9.49 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक स्कूल में पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का फैसला किया। सैनिक स्कूल के शिक्षकों के वेतन भत्ते का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करने के मुद्दे पर विचार करने का आश्वासन दिया।सैनिक स्कूल के मुद्दे पर आज हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद मुख्य सचिव ने राज्य में एक और सैनिक स्कूल की जरूरत बतायी। उन्होंने शिक्षा सचिव को एक और सैनिक स्कूल खोलने की दिशा में पहल शुरू करने का निर्देश दिया।बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई राज्यों में एक से अधिक सैनिक स्कूल चल रहे हैं। झारखंड के सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 875 है।यह दूसरे राज्यों के सैनिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या से ज्यादा है। उन्होंने छात्रों के सालाना स्वास्थ्य की जांच हजारीबाग के बदले कोडरमा में कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।मुख्य सचिव ने तिलैया स्कूल में छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का फैसला किया। इसके तहत 9.49 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक स्कूल में नयी पेयजलापूर्ति योजना शुरू की जायेगी। पेयजल एंव स्वच्छता विभाग ने इससे संबंधित योजना की स्वीकृति दे दी है।स्कूल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया।भवन निर्माण विभाग को सैनिक स्कूल के भवनों के उचित रखरखाव का निर्देश दिया।स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल के कर्मचारियों का वेतन भत्ता, पेंशन आदि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करने का अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया।साथ ही शिक्षा सचिव को यह निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे पर दूसरे राज्यों में चल रहे सैनिक स्कूलों का अध्ययन करें। इसके बाद इस मुद्दे पर आगे की कार्रवाई करें।बैठक में राज्य में पेयजल सचिव एमआर मीणा,शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह और सैनिक स्कूल के अधिकारी उपस्थित थे।

### रांची में अतिक्रमण हटाओ अभियान से फुटपाथ विक्रेताओं की आजीविका पर आया संकट

रांची(ईएमएस)।रांची नगर निगम द्वारा पिछले एक महीने से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान ने फुटपाथ पर व्यापार करने वाले हजारों लोगों की ज़िंदगी को प्रभावित किया है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों से छोटी दुकानों, ठेलों और फेरीवालों को हटाया जा रहा है। जिससे इनका रोजगार छिन गया है और जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है।प्रभावित फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि उनका ठेला या छोटी दुकान ही उनके परिवार की जीविका का एकमात्र स्रोत थी। दुकानों के हटने के बाद अब उन्हें भुखमरी की नौबत आ गई है।एक दुकानदार ने कहा कि रोज की कमाई से ही घर चलता था, अब समझ नहीं आ रहा कि जाएं तो कहां जाएं।रोजगार छिन गया है और कोई विकल्प नहीं बचा।विक्रेताओं ने नगर निगम पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की असली समस्याएं जैसे नालियों की सफाई, जर्जर सड़कों की मरम्मत और जल निकासी की समस्या पर ध्यान देने के बजाय केवल छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है।उनका कहना है कि बड़े स्तर पर अतिक्रमण करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप भी लगाया जा रहा है।

# झारखंड में शिक्षा सुधार को बदनाम कर रही भाजपा कर रही है ओछी राजनीति : विनोद कुमार पांडेय

रांची(ईएमएस)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों को नकारते हुए तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आरोप न केवल भ्रामक है, बल्कि राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं का अपमान भी है। श्री पांडेय ने साफ कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लाया गया नया विधेयक पूरी तरह संवैधानिक है और इसका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना है।राज्यपाल की भूमिका पर भाजपा की टिप्पणी को पाखंड बताते हुए श्री पांडेय ने कहा कि जब केंद्र सरकार विश्वविद्यालयों में कुलपति और अन्य पदों पर एकतरफा नियुक्तियाँ करती है, तब भाजपा को लोकतंत्र और संविधान की याद क्यों नहीं आती? भाजपा का विरोध सिर्फ इसलिए है क्योंकि वह सत्ता से बाहर है और उसका एजेंडा विश्वविद्यालयों को भी अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाना है।उन्होंने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा का जो संकट आज है, वह भाजपा की वर्षों की लापरवाह सरकारों की देन है। यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों की विरासत है कि



झारखंड के नौजवानों को मेडिकल, तकनीकी, प्रबंधन और व्यावसायिक शिक्षा के लिए हजारों किलोमीटर दूर दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। आज भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति का 80-85% हिस्सा दूसरे राज्यों में चला जाता है। यह हमारी बौद्धिक पूंजी का बहिर्गमन है, जिसे रोकना अब आवश्यक हो गया हैश्री पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार का यह विधेयक झारखंड को उच्च शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनाएगा और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा। उन्होंने झामुमो की ओर से विधेयक का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्रीनहेमंत सोरेन और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुदिव्य कुमार को बधाई दी और विश्वास जताया कि यह विधेयक जल्द ही विधानसभा से पारित होकर लागू होगा।उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसी के अधिकारों को कमजोर करने का नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य को मजबूत करने का प्रयास है। यह विधेयक झारखंड के लाखों करोड़ों युवाओं के सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखकर लाया गया है। भाजपा को चाहिए कि वह राजनीति छोड़कर राज्यहित में सकारात्मक भूमिका निभाए। विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारी प्राथमिकता है, जिसे कोई बाधित नहीं कर सकता।

## उपायुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर दामोदरपुर का किया निरीक्षण

धनबाद(ईएमएस)।उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी आदित्य रंजन ने शुक्रवार को दामोदरपुर पंचायत अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उपकेंद्र) का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र की गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं और कमियों की विस्तृत समीक्षा की।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ने उपायुक्त को बताया कि उपकेंद्र में ओपीडी, गैर-संचारी रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच, प्रसव-पूर्व एवं पश्चात सेवाएं नियमित रूप से दी जा रही हैं। उन्होंने एएनएम की कमी, आवश्यक फर्नीचर, डिलीवरी किट, आधारभूत संरचना और योग हेतु शेड की आवश्यकता की भी जानकारी दी।इस पर उपायुक्त ने रिक्त एएनएम पदों की बहाली के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिया।इसके अलावा उन्होंने बिल्डिंग रिनोवेशन करने, आधारभूत संरचना करने, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, सभी खिड़कियों में नेट लगाने, आवश्यकता के अनुसार फर्नीचर निर्माण करने, ईसीजी मशीन लगाने, डिलीवरी किट उपलब्ध कराने, परिसर के चारों ओर उनकी झाड़ियां की साफ-सफाई करने, योग करने हेतु शेड निर्माण करने एवं वॉल पेंटिंग कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए भी दिशा निर्देश सिविल सर्जन एवं डीएमएफटी की टीम को दिया।साथ ही सीएचओ को डिलीवरी की संख्या बढ़ाने सर्विस इंप्रूव करने के साथ-साथ जो भी सुविधा उपलब्ध है उसके रखरखाव करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने दवाओं की उपलब्धता की लिस्ट बोर्ड पर प्रकाशित करने, नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अच्छी से अच्छी व्यवस्था देने हेतु निर्देशित किया।मौके पर उपायुक्त, सिविल सर्जन के साथ डीपीएम नीरज यादव के अलावा सीएचओ एवं डीएमएफटी की टीम मौजूद रही।

## उपायुक्त ने नीति आयोग के निर्धारित मानकों को लेकर की समीक्षा बैठक

लातेहार(ईएमएस)। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत् किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा की गई।उपायुक्त ने प्रथम एएनसी चेक अप शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। वहीं गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषित बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने, कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, संबंधित पदाधिकारी, पीरामल की टीम उपस्थित थे।

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, मुआवजा से संबंधी जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## विश्वविद्यालय सेवा आयोग गठन का बंधु तिर्की ने किया स्वागत, रखीं प्रमुख मांगें

रांची(ईएमएस)।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार द्वारा झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन और उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सराहनीय है और इससे राज्य के विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। विवि आयोग के गठन से इन रिक्तियों को भरने में पारदर्शिता आएगी और राज्य के नेट/पीएचडी धारकों, विशेषकर आदिवासी और मूलवासी युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा।उन्होंने यह भी बताया कि 11 दिसंबर 2024 को उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन की मांग की थी। इस पत्र में उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय का हवाला देते हुए यह सुझाव दिया था कि झारखंड विश्वविद्यालय सेवा नियमावली में संशोधन कर राज्य सरकार को किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त करने का अधिकार दिया जाए।बंधु तिर्की ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में केवल झारखंडवासी शिक्षाविदों को ही कुलपति नियुक्त किया जाए, चाहे वे देश के किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत हों। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड की उच्च शिक्षा को स्थानीय नेतृत्व और दिशा मिलेगी।इस संदर्भ में उन्होंने 9 जून 2025 को राज्यपाल को भी पत्र के माध्यम से सुझाव भेजा था। प्रेस वार्ता के दौरान अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. एम. तौसीफ और वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन पासवान भी मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक, दिए निर्देश

रांची। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं।इसी क्रम में मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में रांची और दुमका में होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को समारोह की सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए झंडोत्तोलन निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए और सारी व्यवस्थाएं पूर्व-निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं।बताते चलें कि 15 अगस्त का मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री झंडोत्तोलन करेंगे, जबकि दुमका के पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में राज्यपाल झंडा फहराएंगे।मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी, जिला पुलिस, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड और एनसीसी की महिला व पुरुष बटालियन शामिल होंगी। इसी तर्ज पर राज्य के सभी जिलों में भी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी तैयारी पूर्व के प्रोटोकॉल के अनुरूप करने का निर्देश दिया गया।मुख्य सचिव ने कई निर्देश दिए हैं।

इनमें राष्ट्रीय गान के दौरान प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए।मोरहाबादी मैदान में मंच का निर्माण पूर्व के मंच के आकार और मानकों के अनुसार किया जाए।मंच की सुरक्षा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।एलईडी स्क्रीन की गुणवत्ता ऐसी हो कि प्रसारण में तस्वीरें स्पष्ट दिखें।

### सीपीआई का 24 वां अंचल सम्मेलन संपन्न

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 24वां कांके अंचल सम्मेलन शुक्रवार को मनहा गांव में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन जिला सचिव सह पर्यवेक्षक अजय सिंह ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में अजय सिंह ने कहा कि कांके क्षेत्र हमेशा से सीपीआई का मजबूत आधार रहा है। यहां पार्टी ने साहूकारों और जमीन संबंधी शोषण के खिलाफ ऐतिहासिक लड़ाइयां लड़ी हैं, जिसमें कई कार्यकर्ताओं ने कुर्बानियां दी हैं। उन्होंने कहा कि कांके संघर्षों की धरती रही है और पार्टी अब इसे घर-घर तक पहुंचाने के लक्ष्य पर कार्य करेगी।अंचल सचिव हसीब अंसारी ने सम्मेलन में सांगठनिक एवं राजनीतिक कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने विस्तृत बहस की।


## जिला परिषद, धनबाद

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**
**8/2025-26/DE/ZPDH/DHANBAD/2nd Call**

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धनबाद (मुख्यालय) | लुबी सर्कुलर रोड स्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष का आवास मरम्मति कार्य। | 3,13,500 | 750 | B.O.Q. का 2% | 2 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 28-07-2025
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04-08-2025 को 5 P.M. बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय : दिनांक 06-08-2025 को 3:00 P.M. बजे।
4. केवल ई–निविदा (E-Tender) ही स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : जिला अभियंता, जिला परिषद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संख्या– 9431396945
7. जिला परिषद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, धनबाद

PR 358246 Rural Development(25-26).D

## जिला भू-अर्जन कार्यालय, जामताड़ा

**आम सूचना**

जामताड़ा जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 419 में कि.मी. 11.069 से कि.मी. 11.700 पथांश अन्तर्गत चितरंजन (ग्राम–कानगोई) में एक अद्द ROB निर्माण के प्रयोजनार्थ ग्राम–कानगोई, थाना संख्या–16, कुल रकवा 3.47 एकड़ (जिला जामताड़ा) के भू–अर्जन के एवज में मुआवजा राशि प्राप्ति हेतु निम्नांकित रैयतों/पंचाटियों के द्वारा दावा/अभिश्रव समर्पित नहीं किया गया है।

| अर्जनाधीन भूमि का क्षेत्रफल | | | | रैयतों का नाम | संबंधित पिता/पति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकवा (एकड़) | | |
| 1 | 50/1 | 1056 | 0.06 | रमेश राय | पिता स्व0 राजन राय |
| 2 | 50/1 | 1056 | संरचना | श्री मानिक माजि | पिता स्व0 अनील कुमार माजि। |
| 3 | 50 | 1061 | 0.05 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 4 | 50 | 1177 | 0.54 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 5 | 50 | 1182 | 0.62 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 6 | 7 | 509 | 0.08 | दुलाल राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 7 | 7 | 509 | 0.08 | बुलु राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 8 | 7 | 509 | 0.08 | निमाई राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 9 | 7 | 509 | 0.08 | जगदीश राय | पिता स्व0 संतोष राय |
| 10 | 7 | 509 | 0.08 | सुनिल राय | पिता स्व0 अनन्त राय |
| 11 | 7 | 527 | 0.02 | दुलाल राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 12 | 7 | 527 | 0.02 | बुलु राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 13 | 7 | 527 | 0.02 | निमाई राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 14 | 7 | 527 | 0.02 | जगदीश राय | पिता स्व0 संतोष राय |
| 15 | 7 | 527 | 0.02 | सुनिल राय | पिता स्व0 अनन्त राय |
| 16 | 34 | 525 | 0.09 | नारायण राय | पिता स्व0 हाराधन राय। |
| 17 | 22 | 529 | 0.01 | जामिनी गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 18 | 22 | 529 | 0.01 | भरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 19 | 22 | 529 | 0.01 | शरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 20 | 22 | 529 | 0.01 | लखन गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 21 | 22 | 993 | 0.24 | जामिनी गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 22 | 22 | 993 | 0.24 | भरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 23 | 22 | 993 | 0.24 | शरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 24 | 22 | 993 | 0.24 | लखन गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 25 | 22 | 993 | 0.24 | मदन गोराई | पिता स्व0 भूरू गोराई |
| 26 | 22 | 993 | 0.24 | मंजु गोराई | पिता स्व0 फटिक गोराई |
| 27 | 22 | 993 | 0.24 | प्रफुल्य गोराई | पिता स्व0 सहदेव गोराई |
| 28 | 22 | 993 | 0.24 | दिनेश गोराई | पिता स्व0 सहदेव गोराई |
| 29 | 22 | 993 | 0.24 | मानिक गोराई | पिता स्व0 मोतीलाल मंडल |
| 30 | 22 | 993 | 0.24 | शंकर गोराई | पिता स्व0 मोतीलाल मंडल |
| 31 | 22 | 993 | 0.24 | निरा गोराई | पति स्व0 निमाई गोराई |
| 32 | 22 | 993 | 0.24 | दुलाली गोराई | पति स्व0 कर्णधर गोराई |
| 33 | 22 | 993 | 0.24 | अमर जोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 34 | 22 | 993 | 0.24 | देवजोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 35 | 22 | 993 | 0.24 | ध्रुवजोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 36 | 9 | 1009 | संरचना | आनन्द कुमार सिंह | पिता अरविन्द नारायण सिंह |
| 37 | 9 | 1002 | संरचना | श्रीमति किरण देवी | पति श्री अनिल कुमार |
| 38 | 9 | 1002 | संरचना | श्रीमति सोना देवी | पति श्री राजेश प्रसाद साव |
| 39 | 9 | 1002 | संरचना | श्रीमति शियासुन्दर देवी | पति श्री रामवचन शर्मा। |
| 40 | 26 | 1001 | 0.03 | दिनेश माजि | पिता स्व0 बलराम माजि |
| 41 | 26 | 1001 | 0.03 | परितोष माजि | पिता स्व0 बलराम माजि |
| 42 | 26 | 1000 | 0.04 | मेघनाथ माजि 4 में 1 भाई का | पिता स्व0 रामगति माजि |
| 43 | 26 | 1000 | 0.04 | तारापद माजि | पिता स्व0 दिवाकर माजि |
| 44 | 26 | 1000 | 0.04 | लाल मोहन माजि | पिता स्व0 सुदर्शन माजि |
| 45 | 26 | 1000 | 0.04 | गुरूपद माजि | पिता स्व0 पशुपति माजि। |
| 46 | 26 | 999 | संरचना | श्रीमति आशा शर्मा | |
| 47 | 26 | 997, 998 | संरचना | श्रीमति रिंकु शर्मा | पति श्री धर्मेन्द्र शर्मा |
| 48 | 46 | 1003 | 0.04 | वासुदेव राय | पिता स्व0 हेलु राय |
| 49 | 20 | 1007 | संरचना | श्रीमति द्रोपदी देवी | पति श्री रामजीवन शर्मा |
| 50 | 3 | 996 | 0.15 | हरि साधन माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 51 | 3 | 996 | 0.15 | श्यामल माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 52 | 3 | 996 | 0.15 | उतम माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 53 | 3 | 996 | 0.15 | धिरेन माजि | पिता स्व0 नारायण माजि |
| 54 | 3 | 996 | 0.15 | राखाल माजि | पिता स्व0 नारायण माजि |
| 55 | 3 | 996 | 0.15 | सखाल माजि | पिता स्व0 पुन्दर माजि |
| 56 | 3 | 996 | 0.15 | नटवर माजि | पिता स्व0 पुन्दर माजि |
| 57 | 3 | 996 | 0.15 | विश्वजीत माजि | पिता स्व0 कान्हाई लाल माजि |
| 58 | 3 | 996 | 0.15 | सुजित माजि | पिता स्व0 कान्हाई लाल माजि |
| 59 | 3 | 996 | 0.15 | हरेकृष्ण माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 60 | 3 | 996 | 0.15 | सुवल चन्द माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 61 | 3 | 996 | 0.15 | ध्रुवक चन्द माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 62 | 3 | 996 | 0.15 | प्रशान्त कुमार माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 63 | 3 | 996 | 0.15 | सुकान्त माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 64 | 3 | 996 | 0.15 | प्राण कृष्ण माजि | पिता स्व0 निमाई माजि |
| 65 | 3 | 996 | 0.15 | असिम कृष्ण माजि | पिता स्व0 निमाई माजि |
| 66 | 3 | 996 | 0.15 | जगवन्धु माजि | पिता स्व0 देवेन्द्र नाथ माजि |
| 67 | 3 | 996 | 0.15 | यादव माजि | पिता स्व0 उपेन्द्रनाथ माजि। |
| 68 | 36 | 995 | 0.24 | विकास चन्द माजि | पिता स्व0 धनंजय माजि |
| 69 | 36 | 1643 | 0.02 | विकास चन्द माजि | पिता स्व0 धनंजय माजि |
| 70 | 50/1 | 1054 | 0.05 | पोचन राय आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 71 | 50/1 | 1054 | 0.05 | वीरबल राय आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 72 | 50/1 | 1056 | 0.06 | अकलु राय आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 73 | 50 | 1061 | 0.05 | चुनूवाला दास्या आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 74 | 50 | 1061 | 0.05 | गोपाल चन्द माजि आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 75 | 50 | 1177 | 0.54 | चुनूवाला दास्या आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 76 | 50 | 1177 | 0.54 | गोपाल चन्द माजि आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 77 | 50 | 1182 | 0.62 | चुनूवाला दास्या आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 78 | 50 | 1182 | 0.62 | गोपाल चन्द माजि आर0टी0 | खतियानी रैयत |
| 79 | 22 | 993 | 0.24 | रमन मंडल (आर0टी0) | खतियानी रैयत |
| 80 | 9 | 1002 | 0.21 | रूपलाल राय (आर0टी0) | खतियानी रैयत |
| 81 | 9 | 1005 | 0.07 | रूपलाल राय (आर0टी0) | खतियानी रैयत |
| 82 | 9 | 1009 | 0.16 | रूपलाल राय (आर0टी0) | खतियानी रैयत |

अतः अनुरोध है कि मुआवजा राशि प्राप्ति हेतु निर्गत नोटिस (मूल प्रति), बैंक खाता, आधार, पर्चा एवं लगान रसीद की छायाप्रति आदि सात दिनों के अन्दर जिला भू–अर्जन कार्यालय, जामताड़ा में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा किसी प्रकार का दावा नहीं होने पर उपरोक्त जमीन के भू–अर्जन से संबंधित मुआवजा राशि सक्षम न्यायालय में जमा कर दी जाएगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 358205 District(25-26).D

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बदडीहा में साइकिल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

# अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की

### हम अपने राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु कृत-संकल्पित हैः- मंत्री, श्री चमरा लिंडा

### बड़े सपना देखना अच्छी बात है, सपना आपकी मंजिल की नींव हैः मंत्री

### बेहतर कल/बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यकः मंत्री, सुदीव्य कुमार



गिरिडीह राजकीयकृत मध्य विद्यालय बदडीहा में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंत्री, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार, श्री चमरा लिंडा, मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, श्री सुदिव्य कुमार, जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी, प्रमुख समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मंत्री, श्री चमरा लिंडा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की सोच है कि हमारे राज्य के बच्चे खूब पढ़ें लिखे और आगे बढ़े तथा राज्य का नाम पूरे देश में रौशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी चाहते हैं कि राज्य के सभी बच्चे पढ़े लिखे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को हर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। ताकि हम अपने राज्य को आगे बढ़ता हुए देखें। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही पूंजी है, खूब पढ़िए, मेहनत करिए। मेहनत करिएगा तो बड़ा पदाधिकारी,बड़ा साहब बनिएगा और अपने जिले का नाम रौशन करिएगा।

उन्होंने कहा कि बड़ा सपना देखना है अच्छी बात है परन्तु सपना को पूरा करने के लिए खूब मेहनत करिए। सपना आपकी मंजिल का नींव है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सरदार पटेल, पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी इतने महान कैसे बने, सबने खूब मेहनत की, पढ़ाई की, अपने सपनों को पूरा करने के लिए जी जान लगा दी। उन्होंने कहा कि बीच में स्कूल न छोड़े, विद्यालय जाना बंद न करें, स्वयं भी विद्यालय जाएं, अपने दोस्तों को भी प्रेरित करें। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने कुछ बच्चों के बीच सांकेतिक रूप से साइकिल वितरण किया तथा छात्रवृति का लाभ दिया। मौके पर मंत्री, श्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के बच्चें मेहनती होते है।

आप सभी भी खूब मन लगाकर पढ़ाई कीजिए। घर के काम के साथ-साथ पढ़ाई भी अत्यंत आवश्यक है। जीवन में शिक्षा का बहुत व्यापक महत्व है। बेहतर कल/बेहतर भविष्य के लिए पढ़िए। इसके अलावा माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, सरकार की यही प्राथमिकता है। मौके पर जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का लाभ हरेक जरूरतमंद को मिलें, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्री मैट्रिक छात्रवृति के तहत 1,93,000 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति का लाभ दिया गया है तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के तहत 42,000 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति का लाभ दिया गया है। इसके अलावा वर्ग 08 में अध्ययनरत 38,157 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया है। उपायुक्त ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया।

# कुमारधुबी बांग्ला बालक बालिका मध्य विद्यालय में नई कमेटी का किया गया गठन



चिरकुंडा, (धनबाद), शुक्रवार को निरसा में विधायक रूप चटर्जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई 1 जिसमें सर्वसम्मति से स्कूल के समिति के अध्यक्ष, पूर्वी सरकार और सचिव, अभिजीत घोष को चुना गया 1 सर्वप्रथम दिवंगत विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय डॉक्टर मनोरंजन सिंह और सचिव स्वर्गीय सुरजीत सिंह के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनकी श्रद्धांजलि दी गई 1 स्कूल की ओर से विधायक और आए हुए सभी अतिथियों को माथे पर तिलक और दीप दिखाकर सम्मान किया गया। प्रधानाध्यापक के द्वारा स्कूल की प्रधानाध्यापक के द्वारा स्कूल की पठन पाठ के साथ-साथ पीने का पानी शौचालय की स्थिति लगभग सभी स्कूल के मूलभूत सुविधाएं दिखाया गया 1 विधायक घुम घुम कर एक एक चीज को देखा और कहा हर संभव स्कूल की जिर्णोद्धार करने का प्रयास करेंगे 1

मौके पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार मिश्रा, पूरवी सरकार, डॉक्टर स्मृति सिंह, मधुमिता राय, चौधरी काजल चक्रवर्ती, अमरीश चक्रवर्ती, देवाशीष कांजीलाल, विश्वनाथ दास, खोखन बनर्जी, बुबाई बनर्जी, सहित अनेक लोग मौजूद थे1

# गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी ने किया वैश्विक संवाद का नेतृत्व




धनबाद : डब्ल्यू एफ ई बी के 7वें 'वर्ल्ड समिट ऑन एथिक्स एंड लीडरशिप इन स्पोर्ट्स' में उठे मूल्यों, नेतृत्व और खेल के अहम सवाल । एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी। श्री श्री रबिशंकर ने कहा "आज युद्ध खेलों की तरह लड़े जा रहे हैं, और खेल युद्धों की तरह खेले जा रहे।

बीते वर्षों में खेल में कीर्तिमान और प्रतिष्ठा की दौड़ में, नैतिक मूल्यों की हानि एक बड़ी चिंता का विषय बन गई है, जिससे दर्शकों का विश्वास भी कई बार डगमगाया है। वहीं दूसरी ओर, जब खेल भावना और मूल्यों के साथ खेला जाता है, तो वही खेल एक पूरी पीढ़ी को प्रेरणा दे सकता है। 'वर्ल्ड फोरम फॉर एथिक्स इन बिज़नेस' द्वारा आयोजित 7वें 'वर्ल्ड समिट ऑन एथिक्स एंड लीडरशिप इन स्पोर्ट्स' में इसी विषय पर विश्व भर से खेल, राजनीति, व्यवसाय, शिक्षा, सामाजिक संस्थाओं और चिंतन मंचों से आए वक्ताओं ने यह विचार साझा किया । सम्मेलन में खेल को शांति निर्माण के साधन के रूप में देखने, लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य, चरम प्रदर्शन और दीर्घायु जैसे विषयों पर विचारपूर्ण चर्चा हुई। यह भी साझा किया गया कि कैसे मैदान से प्राप्त सबक - जैसे निष्पक्ष खेल, टीम भावना, और सहनशीलता राजनीति और व्यापार में नैतिक नेतृत्व को आकार दे सकते हैं। गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी ने अपने मुख्य भाषण में कहा, "खेल में या तो आप जीतते हैं, या किसी और को जिताते हैं। दोनों को समान उत्साह से मनाना सीखना चाहिए। खेलना ही अपने आप में आनंद का कारण है। जब हम इसे समझ लेते हैं, तो नैतिकता खेल में सहज हो जाती है। वरना वही मैदान हिंसक हो जाते हैं।" मानसिक स्वास्थ्य के पहलू पर बोलते हुए गुरुदेव ने कहा, "एक शिशु चलने से पहले भी खेलना शुरू कर देता है। खेल हमारे स्वभाव में है, फिर आज हम कहाँ चूक रहे हैं?" गुरुदेव ने इस ओर ध्यान दिलाया कि संगीत और खेल होते हुए भी दुनिया की एक-तिहाई आबादी अकेलेपन, अवसाद और असंतोष से जूझ रही है, यह विचारणीय है। गुरुदेव ने आगे कहा, "अगर हम जीवन को ही एक खेल मान लें, तो न युद्ध होंगे, न मनमुटाव, और न ही अविश्वास।" 'वर्ल्ड फोरम फॉर एथिक्स इन बिज़नेस', जो संयुक्त राष्ट्र से विशेष परामर्शदाता दर्जा प्राप्त संस्था है, बीते दो दशकों से नैतिक मूल्यों के संवाहक के रूप में कार्यरत है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में इस मंच ने यूरोपीय संसद, फ़ीफ़ा, मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट और जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठनों के साथ मिलकर यह संदेश पहुँचाया है कि मूल्य और प्रदर्शन विरोधाभासी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं।

# उपायुक्त ने जिला खनन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, दिए जरूरी दिशा-निर्देश



### अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मद्देनजर नियमित रूप से जांच अभियान चलाने का सख्त निर्देश

गिरिडीह। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने जिला खनन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण कार्यों का जानकारी लेते हुए राजस्व संग्रहण में बढ़ोतरी हेतु प्रभावी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त ने खनन कार्यालय में संधारित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की पंजियों की जांच की एवं निर्धारित दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संचिकाओं का संधारण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मद्देनजर नियमित रूप से जांच अभियान चलाने एवं कहीं से भी अवैध खनन अथवा परिवहन संबंधित किसी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन/क्रशर संचालन की रोकथाम एवं वन क्षेत्रों माईका के अवैध उत्खनन एवं प्रेषण की रोकथाम हेतु नियमित छापामारी करने का निर्देश दिया गया।

# गिरिडीह-जमुआ मार्ग पर वाहन जांच अभियान, स्कूल बसों सहित सभी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ियों की हुई जांच






गिरिडीह। गिरिडीह जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देश पर शुक्रवार को गिरिडीह-जमुआ मार्ग (SH-13) पर एक व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक श्री कमल किशोर ने किया। जांच के दौरानदो मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ियों,समान बसों एवं स्कूल बसों का विधिवत निरीक्षण किया गया।जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य यह था कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़िय में अवैध रूप से यात्री से पैसे की वसूली तो नहीं हो रही है। बता दे की मुख्यमंत्री ग्राम गाड़िय में छः प्रकार के लोगो को निशुल्क करने का प्रावधान है। जिसमे छात्र/छात्रा, वरिष्ठ नागरिक, झारखण्ड आंदोलनकारी, दिव्यांगजन, HIV से संक्रमित एवं विधवा पेंशन और साथ ही अन्य वाहनों की तकनीकी स्थिति, सुरक्षा मानकों की अनुपालन स्थिति एवं वैध दस्तावेजों की पुष्टि करना था। विशेष रूप से स्कूल बसों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न हो। इस अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो. वाजीद हसन भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। उन्होंने वाहन चालकों और प्रबंधकों को यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे निरीक्षण आगे भी समय-समय पर जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाया गया है जलार्पण काउंटर

# जलार्पण काउंटर व्यवस्था से सुगम हो रहा है बाबा का जलार्पण और दर्शन



दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 के अंतर्गत बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक सुव्यवस्थित एवं समर्पित "जलार्पण काउंटर" की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो लंबी कतार में खड़े होकर बाबा पर जलार्पण करने में असमर्थ हैं।इन काउंटरों के माध्यम से श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से बाबा बासुकीनाथ पर जल अर्पित कर सकते हैं। जलार्पण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से टीवी स्क्रीन के माध्यम से भी दिखाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को श्रद्धा एवं संतोष की अनुभूति होती है।इन काउंटरों पर भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त सफाईकर्मी एवं मेला कर्मी भी सतत रूप से सेवा में लगे हुए हैं, जिससे परिसर स्वच्छ और सुव्यवस्थित बना रहे।उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहाः बासुकीनाथ आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुगमता से बाबा पर जलार्पण का अवसर मिले, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जलार्पण काउंटर सुविधा इसी सोच का साकार रूप है।

प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन काउंटरों का लाभ ले रहे हैं और प्रशासन द्वारा की गई इस सुविधा की सराहना भी कर रहे हैं। यह व्यवस्था श्रावणी मेले की समग्र योजना में सुगमता एवं श्रद्धा का सुंदर संगम है।

# गुप्त सूचना के आधार पर कुमारधुबी पुलिस ने पकड़े ऑटो सहित तीन क्विंटल चोरी का लोहा

कुमारधुबी, (धनबाद), ओपी क्षेत्र के अनुसार अंसार मोहल्ला से कुमारधुबी पुलिस ने ऑटो सहित तीन क्विंटल लोहा जप्त किया 1 ज्ञात हो की पास के लोहा गोदाम में चोरी का लोहा बेचने जा रहा था। गुप्त सूचना पर अंसार मोहल्ला से ऑटो एवं लोहा जप्त किया गया 1 पुलिस को देखते ही ऑटो चालक एवं उसमें सवार व्यक्ति भागने में सफल रहे 1पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# 31 जुलाई से 1 अगस्त तक बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास का क्षेत्र "नो फ्लाई जोन" घोषित

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को 31 जुलाई के सुबह 10 बजे से 1 अगस्त 2025 की संध्या 6बजे तक नो फ्लाई जोन घोषित किया है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपति, भारत सरकार का आई.आई.टी. आई.एस.एम. में 1 अगस्त 2025 को भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। राष्ट्रपति का वायुमार्ग से अवतरण बरवाअड्डा हवाई पट्टी निर्धारित है। उक्त के निमित्त सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से ड्रोन, पाराग्लाईडिंग, हॉट एयर बैलून एवं अन्य संबंधित गतिविधियों को निषेध करते हुए बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को "नो फ्लाई जोन" घोषित किया जाना आवश्यक है।

राष्ट्रपति, भारत सरकार के प्रस्तावित धनबाद भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत दिनांक 31.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01.08.2025 की संध्या 6 बजे तक बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

### जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है

गिरिडीह, जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।


## कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, धनबाद

**कृषक बन्धुओं के लिए अति आवश्यक सूचना**

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड राँची का अधिसूचना सं0 916 दिनांक 14.08. 2024 एवं विभागीय पत्रांक 1273(5),दिनांक 12.06.2025 के द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 योजना अन्तर्गत धनबाद जिले में बजाज एलियांज जनरल ईन्सोरेन्स कंपनी लि0 का चयन किया गया है। गैर ऋणी किसान अपने नजदीक के प्रज्ञा केन्द्र अथवा https://pmfby.gov.in पर स्वहपद पर स्वंय Online आवेदन कर सकते है।

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 का मुख्य बिन्दु**

1. अधिसूचित फसल– अगहनी धान एवं भदई मकई अगहनी धान बीमित राशि प्रतिहेक्टेयर 77203.43 रूपये भदई मकई बीमित राशि प्रतिहेक्टेयर 54719.06 रूपये
2. प्रीमियम राशि– किसानों का प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। किसान मात्र 1.00(एक) रूपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाईन भुगतान किया जाना है।
3. गौर ऋणी किसानों का फसल बीमा कराने हेतु आव यक दस्तावेज

(क) किसान का आधार कार्ड ।
(ख) किसान का बैंक पास बुक की छाया प्रति ।
(ग) भुमि स्वामित्व संबंधित प्रपत्र अथवा वंशावली प्रमाण पत्र।
(घ) फसल बुआई का स्वसत्यापित प्रमाण पत्र।
(ड़) बटाई प्रमाण पत्र (बटाईदार कृषक होने के लिए)।
(च) मोबाईल नं0।

4. कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाईन नं0 14447।
5. किसान सुविधा– बजाज आलियांज के टोल फ्री नं0 1800 209 0144 पर योजना संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।
6. बीमा कराने की अंतिम तिथि–31.07.2025।
7. अधिक जानकारी के लिए सभी प्रखण्ड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/ BTM/ ATM/ कृषक मित्र से जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

निवेदक
जिला सहकारिता पदाधिकारी, धनबाद

PR.NO.358222 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26):D

## झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद
हटिया मोड़, गोल्फ ग्राउण्ड रोड, हीरापुर, धनबाद–826001
Website –www.jrda.in E-mail ID–infojrda.dhn@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जेआरडीए, धनबाद द्वारा निम्नांकित स्थानों पर नवनिर्मित दूकानों को लॉटरी के माध्यम से मासिक भाड़े पर आवंटन करने एवं आवेदन पत्र खरीद हेतु जेआरडीए, धनबाद कार्यालय एवं बेलगड़िया फेज–02 कैंप कार्यालय में आवेदन फार्म मूल्य 100/–रूपये मात्र बैंक चालान के माध्यम से जमा करके प्राप्त कर सकते हैं।

| क्रं सं0 | दूकान का नाम | दूकानों की संख्या | दूकानों की क्षेत्रफल | सलामी राशि | मासिक किराया (प्रति माह) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलगड़िया टाउनशिप फेज–2 | 20 | 10x12 | भूतल–35000.00 प्रथम तल–30000.00 | 1000.00 (रूपया एक हजार मात्र) |
| 2 | बेलगड़िया टाउनशिप फेज–3 साईट ए | 10 | 10x12 | भूतल–35000.00 प्रथम तल–30000.00 | 1000.00 (रूपया एक हजार मात्र) |
| 3 | बेलगड़िया टाउनशिप फेज–3साईट बी | 10 | 10x12 | भूतल–35000.00 प्रथम तल–30000.00 | 1000.00 (रूपया एक हजार मात्र) |

**नियम एवं शर्तें:–**

1. 25 प्रतिशत दूकान ऐसे लोगों के लिए आरक्षित होंगे जिनकी जमीनें विस्थापित टाउनशिप में संबंधित फेज के निर्माण के लिए प्रयोग हुआ है, जिसमें एक परिवार में से एक ही व्यक्ति का आवेदन स्वीकार होगा।
2. 75 प्रतिशत दूकान ऐसे लोगों के लिए आरक्षित होंगी जो विस्थापित परिवारों में से हैं और बेलगड़िया टाउनशिप के फेजवार NOC जमा कर शिफ्ट हो गए हैं। एक विस्थापित परिवार में से एक ही व्यक्ति को दूकान आवंटित किया जाएगा।
3. झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद के साथ सफल प्रतिभागी को एकरारनामा करना होगा।
4. एक रैयत/विस्थापित परिवार से एक ही व्यक्ति आवेदन कर सकेंगे।
5. जेआरडीए, धनबाद द्वारा जिन्हें पूर्व में दूकान आवंटित है, वे लॉटरी में भाग लेने के लिये सक्षम नही होंगे।
6. नियमनुसार जेआरडीए, धनबाद के बेलगड़िया स्थित दूकानों में मदिरा एवं ज्वलनशील पदार्थ जैसे वस्तुओं का व्यापार नहीं किया जाएगा।
7. दूकान का आवंटन अस्थायी रूप से 11 (ग्यारह) वर्श की लीज पर किया जाएगा। 11 (ग्यारह) वर्श के पश्चात मूल भाड़ा में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ पुनः एकरारनामा कर नवीकरण किया जा सकेगा।
8. एकरारनामा अवधि समाप्त होने के एक माह पूर्व ही एकरारनामा नवीकरण हेतु आवेदन कार्यालय में जमा करना होगा। अन्यथा 20 प्रतिशत अतिरिक्त दण्ड शुल्क के साथ एकरारनामा नवीकरण किया जाएगा।
9. सफल प्रतिभागियों का जमा सलामी राशि आवंटन के पश्चात् वापस नहीं की जाएगी।
10. संबंधित परिसम्पति दूकान का स्वामित्व सदैव जेआरडीए, धनबाद का रहेगा ।
11. एकरारनामा में वर्णित सभी शर्तें सफल प्रतिभागी को मान्य होंगी।
12. आवंटित दूकान का विद्युत मीटर एवं विपत्र तथा किसी भी प्रकार का टैक्स का भुगतान एवं परिसर की साफ–सफाई सफल प्रतिभागी को स्वयं करनी होगी।
13. दूकान को किसी भी अन्य व्यक्ति को भाड़े पर देने एवं कोई भी अवैध व्यापार संचालित नहीं किया जाऐगा अन्यथा उक्त आवंटन रद्द् कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
14. लगातार 03 महीना का किराया जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटन रद्द किया जा सकता है।
15. दूकान छोड़ने की स्थिति में दूकान को जेआरडीए, धनबाद कार्यालय में सुपुर्द करना होगा।
16. किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति पर जेआरडीए, धनबाद के दूकान आवंटन समिति में निबटारा होगा। जेआरडीए, धनबाद कार्यालय का निर्णय सर्वमान्य होगा।
17. बिना कारण बताये लॉटरी को रद्द, संशोधित एवं स्थगित करने का अधिकार दूकान आवंटन समिति, जेआरडीए, धनबाद के पास सदेव सुरक्षित रहेगा।
18. अन्य जानकारी जेआरडीए, धनबाद कार्यालय में कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
19. आवेदन बिक्री की तिथि एवं समय–.28.07.2025. से 04.08.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक।
20. आवेदन जमा की तिथि एवं समय–29.07.2025 से 06.08.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक।

प्रभारी पदाधिकारी (R&R and Estt.) झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद
(उप विकास आयुक्त–सह–परियोजना निदेशक) झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद।
(उपायुक्त–सह–प्रबंध निदेशक) झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद

PR 358221 (Rural Development)25-26*D

# फुलवरिया जलाशय मुआवजा विवाद पर कोर्ट का कड़ा रुख नवादा समाहरणालय और सर्किट हाउस कुर्क करने का आदेश



नवादा : फुलवरिया जलाशय परियोजना (रजौली) से जुड़े विस्थापितों को अब तक मुआवजा नहीं दिए जाने के मामले में नवादा व्यवहार न्यायालय ने बड़ा और ऐतिहासिक आदेश जारी किया है। सब-जज प्रथम आशीष रंजन की अदालत ने मुआवजा भुगतान में देरी और अदालती आदेशों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए नवादा समाहरणालय और सर्किट हाउस (परिसदन भवन) को कुर्क करने का आदेश दिया है। इन सभी मामलों में प्रतिवादी के रूप में बिहार सरकार, नवादा जिला समाहर्ता, फुलवरिया जलाशय परियोजना के कार्यपालक अभियंता एवं विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी को शामिल किया गया है। वाद संख्या 09/2021 में अदालत ने 2015 में ही गणेश पंडित को 6,58,687.21 की मुआवजा राशि देने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक न तो यह राशि दी गई और न ही ब्याज सहित अदायगी की प्रक्रिया शुरू हुई। अदालत ने अब इस राशि पर 15% वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान का निर्देश दिया है, जिससे मुआवजा राशि दोगुनी से भी अधिक हो गई है। गुरुवार को न्यायालय कर्मी बाल्मीकि प्रसाद ने वादी पक्ष के अधिवक्ता रंजीत कुमार पटेल के साथ नवादा समाहरणालय और सर्किट हाउस की दीवारों पर ढोल बजाकर कुर्की का इश्तेहार चस्पा किया। वादी पक्ष के अधिवक्ता ने जानकारी दी कि वाद संख्या 03/2022 – शांति देवी व अन्य बनाम बिहार सरकार में भी न्यायालय ने समाहरणालय और परिसदन भवन को कुर्क करने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ। न्यायालय ने कई बार संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजकर मुआवजा भुगतान करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारियों की लगातार अनदेखी और लापरवाह रवैये के चलते अदालत को सख्त कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा। यह मामला प्रशासनिक उदासीनता का ज्वलंत उदाहरण बन गया है, जहां वर्षों से प्रभावित परिवार न्याय के लिए भटक रहे हैं और सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। विस्थापित परिवार आज भी न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि मुआवजा भुगतान में देरी और अदालती आदेशों की अनदेखी सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है। अदालत के सख्त रुख के बाद अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है।

# सदन की गरिमा के विपरित आचरण तेजस्वी यादव की सोच और संस्कार का प्रमाण : जदयू



पटना, (ईएमएस)। सदन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आचरण पर जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि निष्ठा से अर्जित पद और प्रतिष्ठा, जब संस्कार और संस्कृति से जुड़ी होती है, तो वह आदर प्राप्त करती है। लेकिन जब संस्कार देने वाला ही दागदार हो, तो फिर शाखाएं कैसी होंगी, यह समझना कठिन नहीं है। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो खुद भ्रष्टाचार के आरोपी हों और जिनके पिता लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार के मामले में सजायाफ्ता हों उनसे राजनीतिक मर्यादा का पालन करने की उम्मीद करना बेमानी है।उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का राजनीतिक आचरण लगातार पतन की ओर बढ़ रहा है। उनके विचारों की परिपक्वता समाप्त हो रही है और उनकी भाषा व व्यवहार में संयम की जगह ओछापन स्पष्ट झलकने लगा है। विधानसभा जैसी पवित्र लोकतांत्रिक संस्था के भीतर अमर्यादित व्यवहार दर्शाना केवल राजनीतिक अपरिपक्वता ही नहीं, बल्कि मानसिक दिवालिएपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जनता सबकुछ देख और समझ रही है और ऐसे लोगों को समय आने पर राजनीतिक सबक सिखाने का काम करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में एकबार फिर से सरकार बनाने का ठान चुकी है और आरजेडी को विपक्ष में बैठने लायक सीटें भी नहीं मिल पाएगी।चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक विषय पर चर्चा के दौरान जिस तरह तेजस्वी यादव और उनके सहयोगियों ने सदन की मर्यादा को भंग किया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उनके नेतृत्व में आरजेडी की राजनीतिक दिशा किस ओर जा रही है। दल के विधायकों द्वारा उपयोग की गई भाषा और तेजस्वी यादव का आचरण निंदनीय है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि ये वही तेजस्वी यादव हैं जो आए दिन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार पर ओछी टिप्पणी करते रहते हैं। जिनके पिता लालू प्रसाद यादव खुद भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं और जो 'जंगलराज' के प्रतीक रहे हैं। जब ऐसे व्यक्तियों से नीति और नैतिकता की अपेक्षा की जाए, तो वो एक मज़ाक जैसा लगता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा सांगठनिक रूप से बिहार में मजबूत हुई है : सम्राट चौधरी

पटना, (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के वर्तमान अध्यक्षीय कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार में मंत्री नीरज कुमार सिंह, मंत्री संजय सरावगी, मंत्री जीवेश मिश्रा, मंत्री सुमित कुमार, मंत्री संतोष सिंह, बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख, विधान पार्षद अनिल शर्मा, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, विधान पार्षद प्रमोद चंद्रवंषी, विधान पार्षद नीरज कुमार, विधान पार्षद रवींद्र सिंह, विधान पार्षद कृष्ण कुमार ऋषि एवं राज्य सभा सांसद मनन मिश्रा ने बिहार विधान परिषद परिसर में उनका स्वागत किया और उनके नेतृत्व में बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए के विजयी होने का विश्वास व्यक्त किया।इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में भाजपा सांगठनिक रूप से बिहार में मजबूत हुई है, हमारा सदस्यता अभियान भी काफी सफल रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस बार के विधान सभा चुनाव में एनडीए को विजयी बनाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करेगी और एनडीए की भारी बहुमत से एक बार पुनः सरकार बनेगी।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की पूंजी हैं। उनके बल पर ही भाजपा और एनडीए गठबंधन को लगातार जनता की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारी बहुमत से जीत कर सरकार बनाएगी और बिहार के विकास को नई गति देगी।

### बिहार विधानसभा में काले कपड़े पहनकर पहुंचे आरजेडी विधायक, सदन में हंगामा

पटना,(ईएमएस)। बिहार विधानमंडल के मॉनसून सत्र का शुक्रवार को आखिरी दिन है। वोटर लिस्ट रिवीजन के विरोध में आरजेडी विधायक काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंचे। वहीं राजद पर सदन में जंगलराज लाने का आरोप लगाकर जेडीयू और बीजेपी के विधायक हेलमेट लगाकर विधानसभा पहुंचे। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। सीएम नीतीश कुमार ने उनके काले कपड़ों पर निशाना साधा। हंगामे के बाद स्पीकर नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी। इसी तरह विधान परिषद में भी सदन शुरू होते ही हंगामा हुआ और कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। बता दें यह मौजूदा सरकार का विदाई सत्र है। इसके बाद नेता सीधे चुनावी मैदान में उतरेंगे। फिर नवंबर में नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा का सत्र शुरु होगा ।

### दिल्ली से बिहार जीतने की रणनीति पर भाजपा सक्रिय

पटना (ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव साल के अंत में हैं लेकिन इसकी बिसात अभी से बिछ गई है। राजधानी पटना से हजार किलोमीटर दूर देश की राजधानी दिल्ली में भी इसके लिए सियासी पार्टियों में गुणा-भाग शुरू हो गया है। इसकी बड़ी वजह दिल्ली में पूर्वांचल की बड़ी संख्या में आबादी का निवास करना है। यही वजह है कि भाजपा ने दिल्ली की गलियों से बिहार में चुनाव जीतने की इबारत लिखनी शुरू कर दी है। प्रदेश भाजपा ने दिल्ली में बसे करीब 25 लाख पूर्वांचलियों को चुनावी रणनीति का केंद्रीय हिस्सा बनाया है। मिशन बिहार के तहत उसने दिल्ली के पूर्वांचली बहुल इलाकों में अपने नेताओं का प्रवास कराना शुरू कर दिया है। इस दौरान एक-एक व्यक्ति से संवाद कर, उनके गांव और परिजनों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी रंगेहाथ गिरफ्तार निगरानी विभाग की बड़ी कार्रवाई



नवादा : नवादा जिले के सिरदला प्रखंड में शुक्रवार को निगरानी विभाग, पटना की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी रणजीत कुमार उर्फ रणजीत पासवान को 50,000 की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी सिरदला अंचल कार्यालय परिसर स्थित गार्ड रूम के पास से की गई। निगरानी विभाग के डीएसपी आदित्य राज ने बताया कि ग्राम पंचायत चौकियां अंतर्गत बनियाडीह गांव निवासी उमेश कुमार ने 10 जुलाई को निगरानी थाना, पटना में एक लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप था कि राजस्व कर्मचारी ने 6 डिसमिल जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में 50,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के आधार पर निगरानी थाना कांड संख्या 55/25, दिनांक 24 जुलाई 2025 को दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई थी। जांच में आरोप सत्य पाए जाने के बाद शुक्रवार को निगरानी की विशेष टीम ने जाल बिछाकर आरोपी कर्मचारी को रंगेहाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया। गिरफ्तार कर्मचारी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए निगरानी थाना, पटना भेजा गया है। इस कार्रवाई में निगरानी विभाग, पटना की टीम में इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद, सिपाही राजीव कुमार, हिमांशु कुमार, शशिकांत कुमार समेत अन्य अधिकारी भी शामिल थे। राजस्व कर्मचारी की गिरफ्तारी से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं आम जनता के बीच निगरानी विभाग की तत्परता की सराहना की जा रही है।

# गोलीबारी में घायल किशोरी अंजली की मौत पूर्व विवाद बना खूनी संघर्ष का कारण



नालंदा : नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोराईपुर गांव में 7 जुलाई को हुए मारपीट और फायरिंग की घटना में घायल किशोरी अंजली कुमारी (17) की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतका लक्ष्मण प्रसाद की पुत्री थी और उसे गोली बाएं जांघ में लगी थी। इलाज के क्रम में उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि गोराईपुर गांव में अशोक पासवान और इंदल पासवान के बीच पूर्व के विवाद को लेकर 7 जुलाई की सुबह कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट और गोलीबारी में बदल गई। इसी दौरान अंजली अपने भाई को बुलाने गांव के चौकीदार के पास गई थी, तभी आंगनबाड़ी केंद्र के पास उसे गोली लग गई। घटना के बाद अंजली को पहले नगरनौसा अस्पताल, फिर बिहारशरीफ सदर अस्पताल और अंत में पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। नगरनौसा थाना अध्यक्ष शशि रंजन मिश्रा ने बताया कि इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### तीन किलकारियों से गूंज उठा रूपनपट्टी गांव

वैशाली : वैशाली जिले के पातेपुर प्रखंड अंतर्गत पीएचसी अस्पताल में गुरुवार देर रात एक गर्भवती महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। लदहो पंचायत के रूपनपट्टी गांव निवासी मुकेश सहनी की पत्नी पूजा देवी को गुरुवार शाम को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में पातेपुर पीएचसी में भर्ती कराया। यहां देर रात पूजा देवी ने दो बेटियों और एक बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी जीएनएम प्रेमलता और निभा भारती की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। डॉक्टरों के अनुसार, जच्चा और तीनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। एक साथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है, वहीं यह खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस संबंध में जीएनएम प्रेमलता ने बताया कि महिला को गुरुवार शाम अस्पताल लाया गया था और कई घंटों बाद उसने तीन बच्चों को जन्म दिया।

# किशनगंज में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप




किशनगंज : किशनगंज जिले में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय जूही के रूप में हुई है। मृतका के भाई मोहम्मद नदीम कौसर ने किशनगंज सदर थाना में आवेदन देकर ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। नदीम के अनुसार, तीन साल पूर्व उनकी बहन जूही का विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से शाहबाज (पिता अली हुसैन), निवासी टैंगरमारी सालकी, किशनगंज के साथ हुआ था। विवाह के समय परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने पाँच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करनी शुरू कर दी। परिवार द्वारा एक लाख रुपये दिए जाने के बावजूद जूही को प्रताड़ित किया जाता रहा। नदीम का कहना है कि 17 जुलाई को जूही मायके आई थी और उसने बताया था कि ससुराल वाले अब भी चार लाख रुपये की मांग कर रहे हैं और उसे प्रतिदिन शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। 18 जुलाई को ससुराल वाले जूही को लेने मायके पहुंचे और गांववालों के सामने प्रताड़ना न करने का वादा करते हुए उसे साथ ले गए। लेकिन 22 जुलाई की शाम नदीम को सूचना मिली कि जूही की मौत हो गई है। जब वे ससुराल पहुंचे तो देखा कि बहन का शव बरामदे में पड़ा हुआ था और ससुराल वाले घर छोड़कर फरार थे। नदीम ने आरोप लगाया कि जूही की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। मृतका के शरीर पर मारपीट के कई निशान भी पाए गए हैं। जूही के भाई ने शाहबाज, साईबा, नूरजबीं और महजबी (सभी पिता अली हुसैन) के खिलाफ नामजद आवेदन देकर न्याय की मांग की है। आवेदन मिलने के बाद किशनगंज सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 14 वर्षीय किशोर का शव झाड़ियों से बरामद, गोली लगने की आशंका



लखीसराय : लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहा गांव स्थित बालकिशन सिंह गंगा घाट के पास शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घाट के समीप झाड़ियों से 14 वर्षीय किशोर अमन कुमार का रक्तरंजित शव बरामद किया गया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खुटहा चेतन टोला निवासी चुनचुन सिंह उर्फ चूनमा के पुत्र के रूप में की गई है। अमन गुरुवार सुबह करीब 10 बजे से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह गंगा स्नान के लिए जा रहे लोगों ने घाट के पास झाड़ियों में कुत्तों को भौंकते देखा। संदेह होने पर जब वे झाड़ियों की ओर बढ़े तो वहां अमन का शव खून से सना हुआ पड़ा मिला। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृत किशोर के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया गोली लगने या धारदार हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, शव का सीना हिस्सा जंगली जानवरों द्वारा नोच दिए जाने से विकृत अवस्था में मिला है। जानकारी के अनुसार, अमन स्थानीय सिपाही स्थान के पास एक छोटी गुमटी में किराना और पेट्रोल बेचने का कार्य करता था और साथ ही वह मध्य विद्यालय चेतन टोला खुटहा में आठवीं कक्षा का छात्र था।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अमन अपने दो किशोर साथियों के साथ एक पिस्टल जैसे हथियार को देख रहा था। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो सीधे अमन के सिर में जा लगी। इसके बाद दोनों किशोर घबरा गए और शव को झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने दोनों किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# डिजिटल बिहार की ओर नीतीश सरकार का एक और कदम, शुरू की तीन बड़ी योजनाएं



पटना : नागरिक केंद्रित प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में बिहार सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। आज बिहार के मुख्य सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के माध्यम से कई डिजिटल प्लेटफॉर्म और पहलों का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सह मिशन निदेशक BPSMS, विभिन्न विभागों के सचिव, एनआईसी, एसबीआई और केपीएमजी के प्रतिनिधि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धि के रूप में आरटीपीएस ऑनलाइन अपील और पुनरीक्षण पोर्टल (https://rtpsappeal.bihar.gov.in) का उद्घाटन किया गया। यह पोर्टल बिहार लोक सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत नागरिकों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक प्रभावी डिजिटल मंच प्रदान करता है। इसके माध्यम से लोग यदि किसी सेवा में विलंब या अस्वीकृति का सामना करते हैं तो ऑनलाइन अपील या पुनरीक्षण कर सकते हैं। इस पोर्टल में पेपरलेस प्रोसेसिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और रियल-टाइम डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं हैं जो पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करती हैं। मुख्य सचिव ने कहा, "तकनीक का उद्देश्य जनसेवा होना चाहिए और यह पोर्टल सुनिश्चित करता है कि सेवाओं की समय पर उपलब्धता केवल वादा न होकर एक व्यवहारिक हकीकत बने।" सरकारी कर्मचारियों की सुविधा के लिए एचआरएमएस बिहार एंड्रॉयड मोबाइल ऐप का भी लॉन्च किया गया। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसके जरिए कर्मचारी छुट्टी के लिए आवेदन कर सकते हैं, अपनी सर्विस बुक देख सकते हैं, सेवा से संबंधित प्रविष्टियों को ट्रैक कर सकते हैं और आवश्यक सुधार के लिए दस्तावेज़ संलग्न कर अनुरोध भेज सकते हैं। ऐप का आईओएस संस्करण भी जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। इस मौके पर एचआरएमएस सिस्टम के फेज-2 मॉड्यूल की भी घोषणा की गई, जिसमें अनुशासनात्मक कार्यवाही, पेंशन, बीमा, पदोन्नति, प्रशिक्षण, और निकासी प्रबंधन जैसे आंतरिक प्रशासनिक कार्यों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर ई-सर्विस बुक, कर्मचारी पंजीकरण और सेल्फ-सर्विस से जुड़ी गाइडबुक्स भी जारी की गईं। इस आयोजन का एक और मुख्य आकर्षण बीपीएसएमएस और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर था। इसके तहत बिहार सरकार में कार्यरत 3,560 संविदा कर्मियों को 5 लाख तक का कैशलेस ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। यह योजना 2,850 एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट्स, 608 आईटी असिस्टेंट्स और 102 आईटी मैनेजर्स को कवर करेगी। 1.42 करोड़ का प्रीमियम (जीएसटी सहित) मिशन सोसाइटी द्वारा वहन किया जाएगा और एमओयू तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा।यह योजना पहले दिन से प्रभावी होगी और इसमें पूर्व-रोग स्थितियों, प्रसव देखभाल (20,000 सामान्य और 50,000 सी-सेक्शन), आयुष इलाज, आईसीयू देखभाल, और 30 दिन पूर्व व 60 दिन बाद के हॉस्पिटल खर्च भी शामिल हैं। इसमें देशभर के 17,500 से अधिक अस्पताल, पटना के 185 और बिहार के 375 अस्पतालों में इलाज की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही एक 24x7 क्लेम सपोर्ट टीम, एक घंटे में प्री-अप्रूवल और तीन घंटे में डिस्चार्ज स्वीकृति की सुविधा भी दी गई है। बिहार के विकास आयुक्त ने कहा, "यह पहल संविदा कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म प्रशासन में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और कुशलता को बढ़ावा देते हैं।" इन पहलों के माध्यम से बिहार सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस, कर्मचारी कल्याण और नागरिक सशक्तिकरण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन नहीं होगा, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने की मांग वाली याचिका खारिज की। मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दोनों राज्यों के खिलाफ कथित भेदभाव की दलील को खारिज कर कहा कि राज्यों में परिसीमन से संबंधित प्रावधान केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में अलग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए जारी परिसीमन अधिसूचना से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को बाहर रखना मनमाना या भेदभावपूर्ण नहीं था और इसलिए संवैधानिक है। इसके अलावा, शीर्ष न्यायालय ने के पुरुषोत्तम रेड्डी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिन्होंने केंद्र को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 को लागू करने का निर्देश देने की मांग की थी, जो दोनों राज्यों में विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित है। रेड्डी ने तर्क दिया है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को छोड़कर, केवल नवगठित केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन करना एक अनुचित वर्गीकरण बनाता है और इसलिए, असंवैधानिक है।

### महाभियोग मामले में सीजेआई गवई को ये जिम्मेदारी सौंप सकते हैं लोकसभा अध्यक्ष बिरला

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग मामले की जांच के लिए गठित होने वाली समिति के गठन में अहम भूमिका निभाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन सदस्यीय जांच समिति के लिए सीजेआई गवई से सुप्रीम कोर्ट के एक मौजूदा न्यायाधीश और एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नामों की सिफारिश करने का अनुरोध कर सकते हैं। दरअसल यह प्रथा है कि जब महाभियोग प्रस्ताव सदन में पहुंचता है, तब लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर पैनल में शामिल होने वाले न्यायाधीशों के नामों पर सुझाव मांगे जाते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत, स्पीकर बिरला सीजेआई गवई से न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए समिति हेतु नामों की सिफारिश करने के लिए कह सकते हैं। यह पूरा घटनाक्रम न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा पूर्व में की गई एक आंतरिक जांच के निष्कर्षों को चुनौती देने के लिए शुरू की गई कानूनी कार्यवाही के बीच हुआ है। इस आंतरिक जांच में न्यायमूर्ति वर्मा को उनके आधिकारिक आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद दोषी पाया गया था। मुख्य न्यायाधीश गवई ने संकेत दिया है कि न्यायमूर्ति वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ गठित की जाएगी, जिसमें तीन न्यायाधीशों वाली समिति की रिपोर्ट को चुनौती दी गई है। यह मामला पहले मुख्य न्यायाधीश गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष आया था।

### राहुल गांधी ने जेलर वाला बाग और वजीरपुर इलाकों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिले

नई दिल्ली,(ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अशोक विहार स्थित जेलर वाला बाग और वजीरपुर इलाकों का दौरा किया है। बात दें कि ये वहीं इलाके हैं, जहां कुछ दिनों पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने डिमोलिशन अभियान चलाया था। अभियान के तहत बुलडोजर से सैकड़ों झुग्गियों को तोड़ा गया था। राहुल गांधी ने डिमोलिशन के दौरान प्रभावित हुए जेलर वाला बाग और वजीरपुर में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। राहुल गांधी ने इन लोगों से यह जानने की कोशिश की कि कितने एकड़ में झुग्गियों को तोड़ा गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि करीब 500 मीटर के एरिया में कार्रवाई की गई थी। कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम ने एक्स पर लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जेलरवाला बाग और वजीरपुर का दौरा किया, जहां डीडीए ने 500 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियां तोड़ दी थीं। राहुल गांधी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और उनका दर्द बांटा। इसी बीच, आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि आने वाले दिनों में शालीमार बाग और शाहदरा इलाके में बुलडोजर चलाने की तैयारी है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, बीते 6 महीने से दिल्ली में गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि पिछले 6 महीने में वजीरपुर, मद्रासी कैंप, जेलरवाला बाग, गोकुलपुर और मादीपुर सहित कई इलाकों में बुलडोजर चलाए गए। उन्होंने आरोप लगाए कि दो और इलाकों में बुलडोजर चलाने की तैयारी हुई है।

### बिरला के साथ बैठक में बनी सहमति सोमवार से सुचारु रुप से चलेगा संसद

नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की सुचारू कार्यवाही और रचनात्मक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। यह बैठक शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाना था। बैठक बुलाने से पहले सदन में हुए जोरदार हंगामे को देखकर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदन को 2 बजे तक के लिए स्थगित किया था। उन्होंने चिंता जाहिर की थी कि सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने तख्तियां लहराने और नारेबाजी जैसी बाधाओं को संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में बाधक बताया था। इस सर्वदलीय बैठक में सोमवार से संसद को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी है। इससे उम्मीद की जा रही है कि 21 जुलाई से शुरू हुआ संसद का मॉनसून सत्र अब और व्यवस्थित ढंग से चलेगा।

### कोटा में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग सीसीटीवी फुटेज आया सामने

कोटा,(ईएमएस)। राजस्थान के कोटा जिले में देर रात दादाबाड़ी थाना क्षेत्र के वफ्फ नगर में 5 बदमाशों ने एक युवक इरशाद (28) पर उसके घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में इरशाद को दो गोलियां लगी हैं, और घायल इरशाद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश फायरिंग करते साफ दिख रहे हैं। इरशाद ने बताया कि अल्फेज, शाहरुख, सलमान और भाया नाम के बदमाश दो बाइकों पर आए और उन पर 7 राउंड फायर किए। इरशाद का कहना है कि इन लोगों से उनकी पुरानी दुश्मनी है और पहले भी उस पर चाकू से हमला कर चुके हैं। कोटा पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए टीम गठित कर दी है। डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया कि देर रात फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुरानी रंजिश के चलते हुई इस वारदात में घायल इरशाद को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### महिला टीचर से डिजिटल अरेस्ट मामले में किसान गिरफ्तार, बैंक खाता साइबर ठगों को किराए पर दिया

अजमेर,(ईएमएस)। राजस्थान के अजमेर जिले की पुलिस ने महिला टीचर से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हुई 12.80 लाख रुपये की ठगी के मामले में जयपुर से किसान को गिरफ्तार किया है। इस किसान ने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को महज 10 हजार रुपये में किराए पर दिया था। यह घटना सितंबर 2024 की है। अजमेर की एक महिला इंग्लिश टीचर, गार्गी दास, को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। सबसे पहले उन्हें टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) का अधिकारी बनकर कॉल आया, जिसमें उनके मोबाइल नंबर को बंद करने और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी दी गई। इसके बाद, 25 अगस्त को उन्हें एक व्हाट्सएप कॉल आया। इस बार कॉलर ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी विजय खन्ना बताया और कहा कि उनके खिलाफ कनाडा में एक एफआईआर दर्ज है। ठगों ने फर्जी दस्तावेज भेजकर महिला टीचर को डराया और धमकाया। उन्हें धमकी दी गई कि अगर उन्होंने किसी को इस बारे में बताया तब उनका परिवार मुश्किल में पड़ जाएगा। जेल जाने के डर से महिला टीचर ने चार अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 12 लाख 80 हजार रुपये ठगों द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

# डीके शिवकुमार के साथ कर्नाटक सीएम सिद्धरमैया दिल्ली रवाना



बेंगलुरु(ईएमएस)। धुआं तभी उठता है जब आग होती है। कर्नाटक कांग्रेस में सियासी आग को ढंकने की कोशिशों के बीच धुआं उठता लोगों को दिखने लगा है। जहां एक तरफ कांग्रेस की सरकार में सब कुछ ठीक होने का दावा किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ अफरातफरी का महौल बना हुआ है। खबरें है कि कर्नाटक के राजनीतिक हलको में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के कार्यकाल पूरा करने को लेकर केवल इसी बात की चर्चा हो रही है कि वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे या नहीं जबकि वह एक अनोखा रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर हैं। इस बीच, सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री व मुख्यमंत्री पद के एक और दावेदार डीके शिवकुमार एक बार फिर दिल्ली रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में सिद्धरमैया अब कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित मुख्यमंत्री बनने के करीब हैं। वह वरिष्ठ नेता देवराज उर्स के रिकॉर्ड की बराबरी करने के करीब हैं।देवराज उर्स 2700 से अधिक दिनों तक मुख्यमंत्री बने रहे थे।

वैसे तो सिद्धरमैया बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, लेकिन इसके बावजूद यह सवाल बना हुआ है कि क्या वह तथाकथित 'रोटेशनल फॉर्मूले' के तहत डीके शिवकुमार के लिए पद छोड़ देंगे। शिवकुमार को डीकेएस कहा जाता है। जून माह के बाद से दोनों नेता तीसरी बार दिल्ली गए हैं, जबकि कांग्रेस की राज्य इकाई में मुख्यमंत्री पद को लेकर असहज शांति व्याप्त है। राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान दोनों नेता (सिद्धरमैया व शिवकुमार) कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मिल सकते हैं। कांग्रेस नेतृत्व के आदेश के बाद इस बार विधायकों ने मुख्यमंत्री के बदलने के संबंध में खुलकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

हालांकि, अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राज्य के राजनीतिक हलकों में, खासकर सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर इस बात की अटकलें काफी समय से लगाई जा रही हैं कि इस साल के अंत में मुख्यमंत्री बदले जा सकते हैं। यह चर्चा सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच सत्ता साझा करने के समझौते को लेकर है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व ने बिहार चुनाव समाप्त होने तक दोनों पक्षों को इंतजार कराने की रणनीति अपनाई है। इस समय सिद्धरमैया देश में कांग्रेस के इकलौते ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मुख्यमंत्री हैं और पार्टी के कई नेताओं का मानना है कि अगर पार्टी उन्हें हटाती है तो इसका असर बिहार चुनाव पर पड़ सकता है क्योंकि यहां ओबीसी मतदाता की चुनाव परिणामों में निर्णायक भूमिका होती है। सिद्धरमैया के खिलाफ कोई कदम उठाया तो इसके क्या परिणाम हो सकते हैं? एक कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कदम ओबीसी हितों के भी खिलाफ माना जाएग क्योंकि राहुल गांधी लगातार इसका (ओबीसी) समर्थन करते हुए नजर आ रहे हैं। जैसे कि वह जातीय जनगणना कराने और आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा उठा रहे हैं। पार्टी पूरी तरह से इस बात को लेकर सतर्क है कि अगर उसने सिद्धरमैया के खिलाफ कोई कदम उठाया तो इसके क्या परिणाम हो सकते हैं। सिद्धरमैया को कर्नाटक में अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और दलित समुदायों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त है और उन्हें अधिकतर विधायकों का भी विश्वास हासिल है। कांग्रेस ने जब 2023 में राज्य का चुनाव जीता था तो सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रही थी। पार्टी ने डीकेएस को मना लिया और उन्हें उपमुख्यमंत्री बना दिया। उस समय ऐसी खबरें थीं कि पार्टी ने ''रोटेशनल फॉर्मूला'' अपनाया है, जिसके तहत ढाई साल बाद शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

## इंदौर में इतिहास रचेगी राम डाक कांवड़ः अयोध्या से 1100 कि.मी. की नॉनस्टॉप दौड़!

इंदौर (ईएमएस)। स्वच्छता में लगातार आठ बार सिरमौर रहने के बाद, अब इंदौर भक्ति के क्षेत्र में भी एक नया अध्याय लिखने को तैयार है। सीताराम भक्त मंडल के तत्वावधान में देश की अपनी तरह की पहली अखंड सीताराम सुपरफास्ट डाक कांवड़ अयोध्या से इंदौर तक 1100 किलो मीटर का सफर मात्र तीन दिन (72 घंटे) में पूरा करेगी। यह अभूतपूर्व कांवड़ यात्रा 29 जुलाई को राम जन्मभूमि अयोध्या से प्रारंभ होगी और 1 अगस्त को इंदौर के रामरामेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न होगी।

### अद्भुत नॉनस्टॉप यात्रा का वृतांत

आज शाम, अरण्य धाम संत आश्रम से वाहनों का एक विशाल काफिला अयोध्या के लिए रवाना होगा, जिसमें सैकड़ों सीताराम भक्त, श्रद्धालु और संत-महात्मा शामिल हैं। यह इंदौर में आयोजित होने वाली 11वीं सीताराम डाक कांवड़ यात्रा है, लेकिन अपनी असाधारण दूरी और गति के कारण यह विशेष महत्त्व रखती है।

अरण्य धाम संत आश्रम के महंत महामंडलेश्वर रामजी बाबा और सीताराम भक्त मंडल के कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि, यह सुपरफास्ट नॉनस्टॉप जर्नी इस वर्ष अपनी 11वीं वर्षगांठ मना रही है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से 29 जुलाई को अभिजीत मुहूर्त में यह कांवड़ यात्रा शुरू होगी। लगभग 200 भक्त बारी-बारी से इस कांवड़ को लेकर दौड़ेंगे, जिसका लक्ष्य एक घंटे में 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करना है। यह यात्रा लखनऊ, कानपुर, कालपी, झांसी, शिवपुरी, गुना, शाजापुर, मक्सी और देवास जैसे प्रमुख शहरों से होते हुए इंदौर पहुंचेगी। इंदौर से अयोध्या के लिए रवाना होने वाले कांवड़िए हनुमान जी की महाआरती के बाद प्रस्थान करेंगे। मार्ग में देश भर के सैकड़ों ख्याति प्राप्त संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु इस अनोखी यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे।

### कांवड़ के प्रकार और पिछले वर्षों का सफर

महामंडलेश्वर रामजी बाबा ने सावन के महीने में प्रचलित कांवड़ के तीन मुख्य प्रकार बताए हैंः पैदल कांवड़, अखंड कांवड़ (दिन-रात लगातार चलना) और डाक कांवड़, जिसमें एक ही कांवड़ को बारी-बारी से लेकर भक्त दौड़ते हैं।

कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने पिछले 10 वर्षों की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि, सुपरफास्ट सीताराम डाक कांवड़ का यह 11वां वर्ष है। वर्ष 2015 में अरण्य धाम संत आश्रम से यह अनोखी सीताराम डाक कांवड़ शुरू हुई थी। पिछले वर्षों में यह यात्रा ओंकारेश्वर से महाकालेश्वर, अमरकंटक से 900 किलोमीटर, गंगोत्री से 1500 किलोमीटर और द्वारिका से 1000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर चुकी है।

### भक्ति और सेवा का प्रेरक संदेश

यह असाधारण डाक कांवड़ यात्रा न केवल इंदौर की धार्मिक पहचान को मजबूत करेगी, बल्कि भक्तों के बीच उत्साह का संचार भी करेगी। यह निस्वार्थ सेवा और भक्ति का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती है, जो युवाओं को भी अपनी जड़ों से जुड़ने और सामुदायिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## 32,000 कैमरे खराब, 15,000 का अता-पता नहीं, ऑडिट कराएगी रेखा गुप्ता सरकार

### आप सरकार के दौरान हुई सीसीटीवी कैमरे लगाने में गड़बड़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली की सीसीटीवी परियोजना, जो कि पिछली आप सरकार ने लागू की थी, अब भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के कारण जांच में घेर गई है। कुल 2.64 लाख सीसीटीवी कैमरों में से 32,000 से अधिक काम नहीं कर रहे हैं और 15,000 से अधिक अभी तक लगे नहीं हैं। कई क्षेत्रों में, स्वीकृत कैमरों की संख्या से काफी कम कैमरे लगे है। इतना ही नहीं आप सरकार के दौरान स्थापित किए गए 2.64 लाख कैमरों में से 32,000 से अधिक कैमरे काम नहीं कर रहे हैं। वहीं 15,000 से अधिक कैमरे अभी तक लगाए ही नहीं गए हैं, जबकि उन्हें परियोजना के तहत स्थापित होना था। आप सरकार के दौरान कई विधानसभा क्षेत्रों में, स्वीकृत संख्या से कम कैमरे लगाए गए हैं। जिससे इस पूरी योजना पर सवाल खड़े हो रहे है। इन गंभीर कमियों के जवाब में, वर्तमान में रेखा गुप्ता सरकार ने परियोजना का व्यापक तकनीकी ऑडिट कराने की घोषणा की है। इस ऑडिट का उद्देश्य कमियों का पता लगाना और जवाबदेही तय करना है। बात दें कि 19 मार्च को, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ इस परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया। एसीबी का आरोप है कि कथित तौर पर 16 करोड़ रुपये के क्षतिपूर्ति मुआवजे को मनमाने ढंग से माफ करने के लिए 7 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई थी। सीसीटीवी लगाने में देरी के बावजूद, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को परियोजना के तहत 1.4 लाख कैमरों के अतिरिक्त ऑर्डर मिले। रिश्वत उन ठेकेदारों के माध्यम से दी गई, जिन्हें इन अतिरिक्त ऑर्डरों से लाभ हुआ।

## गृहमंत्री शाह से मिले बीजेपी सांसद चिटफंड घोटाले पर की कार्रवाई की मांग

देहरादून,(ईएमएस)। उत्तराखंड में लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) चिटफंड घोटाले के आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के बीजेपी सांसदों ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की। शाह ने आश्वस्त किया कि इस प्रकरण में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने वालों में हरिद्वार सांसद एवं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट और टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह शामिल थीं। सांसदों ने उत्तराखंड के हजारों गरीब, ग्रामीण निवेशकों की मेहनत की कमाई को ठगने वाली कंपनी एलयूसीसी के संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अनुरोध किया कि इन आरोपितों को इंटरपोल की सहायता से भारत लाकर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय और उनकी धनराशि की वापसी तय की जा सके।

सांसदों ने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच की संस्तुति पहले ही कर दी है। इस घोटाले में शामिल व्यक्तियों को कड़ी सजा दिलाकर भविष्य में इस प्रकार की ठगी को रोका जाना अत्यंत जरुरी है। गृह मंत्री अमित शाह ने सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को उनके कृत्य की सजा जरुर मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास से जुड़ा है और इसके समाधान के लिए सभी स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएंगे।

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि प्रदेश के सांसद इस संबंध में विदेश मंत्री से भी भेंट करेंगे ताकि घोटाले के आरोपितों के पासपोर्ट रद्द हों। निवेशकों की धनराशि वापस हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बलूनी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर कोटद्वार-आनंद विहार एक्सप्रेक्स में एक एसी-टू डिब्बे को जोड़ने और इस ट्रेन की यात्रा को कोटद्वार से जयपुर तक विस्तारित करने की मांग की। पत्र में सांसद बलूनी ने कहा कि स्थानीय लोग एवं व्यापारी काफी समय से यह मांग कर रहे हैं।

## विपक्ष पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ को फेयरवेल डिनर देने के पक्ष में, क्या न्योता स्वीकार करेंगे?

नई दिल्ली,(ईएमएस)। उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देकर राजनीतिक गलियारे में तूफान लाने वाले जगदीप धनखड़ इन दिनों भले ही हाशिये पर नजर आ रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें फेयरवेल डिनर देने की तैयारी में है। इस्तीफा देने के बाद वे न तो किसी कार्यक्रम में नजर आए हैं और न ही कोई आधिकारिक या व्यक्तिगत बयान ही उनका सामने आया है।

इस घटनाक्रम के बीच में खबर हे कि विपक्ष ने खुद अपने स्तर पर उन्हें फेयरवेल डिनर देने का निर्णय लिया है और जगदीप धनखड़ को औपचारिक न्योता भी भेजा है। दरअसल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने गुरुवार को सरकार से मांग की थी कि धनखड़ को पद छोड़ने के बाद औपचारिक विदाई (फेयरवेल) दी जाए, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे नाराज विपक्षी दलों ने स्वयं फेयरवेल डिनर की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, धनखड़ को न्योता भेजा जा चुका है, लेकिन उन्होंने अब तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। संभावना जताई जा रही है कि वे इस डिनर में शामिल न भी हों, क्योंकि वे फिलहाल स्वास्थ्य कारणों के हवाले से सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए हुए हैं।

### इस्तीफे को लेकर सियासी चर्चाएं

धनखड़ के पद से अचानक इस्तीफे को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि उन्होंने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, जिससे सरकार नाराज हो गई थी। यही वजह रही कि उन्हें पद छोड़ना पड़ा। हालांकि आधिकारिक तौर पर न तो धनखड़ ने और न ही सरकार ने इन अटकलों की पुष्टि की है।

### विपक्ष की मांग

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्षी दलों ने यह भी मांग की कि पूर्व उपराष्ट्रपति को संसद में फेयरवेल भाषण का मौका मिलना चाहिए। उनका मानना है कि यह संसदीय मर्यादा और परंपरा का हिस्सा है, और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। धनखड़ का इस्तीफा और उसके बाद की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। विपक्ष की तरफ से फेयरवेल डिनर की पहल न केवल एक राजनीतिक संदेश है, बल्कि यह संसदीय शिष्टाचार को भी बनाए रखने की कोशिश है।

### अश्लील और आपत्तिजनक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मोदी सरकार की स्ट्राइक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्र की सरकार ने शुक्रवार को अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रोक लगा दी। मोदी सरकार का कहना है कि ये एप्स एंटरटेनमेंट के नाम पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे। जो कि समाज के लिए ठीक नहीं है।

मोदी सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (आईएसपी) को इन ओटीटी एप्स-वेबसाइट्स को ब्लॉक करने को कह दिया है। बैन एप्स में एएलटीटी, उल्लू, देशी फ्लिक्स जैसे मशहूर प्लेटफॉर्म भी हैं। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लांच किया था। वहीं उल्लू एप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2023 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था साथ ही 19 वेबसाइट्स, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए थे।

## 21 दिनों में 3.52 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



श्रीनगर(ईएमएस)। अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक लगभग 3.52 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। शुक्रवार को 2,896 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के 21 दिनों में ही तीर्थयात्रियों की संख्या 3.50 लाख के अनुमानित आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि 2,896 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा काफिलों के साथ रवाना हुआ। 790 यात्रियों को लेकर 42 वाहनों का पहला काफिला सुबह 3:30 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 2,106 यात्रियों को लेकर 75 वाहनों का दूसरा काफिला सुबह 4:18 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए व्यापक बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, क्योंकि यह यात्रा 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हो रही है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम के बैसरन मैदान में कथित तौर पर धर्म पूछकर 26 लोगों की हत्या की थी। अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय पुलिस के अलावा सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी समेत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 180 अतिरिक्त कंपनियां तैनात हैं। सेना ने इस साल तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 8 हजार से अधिक विशेष कमांडो तैनात किए हैं। यह यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी। श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ मंदिर तक पारंपरिक पहलगाम मार्ग या छोटे बालटाल मार्ग से पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। इस यात्रा में तीर्थयात्री को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं। छोटे बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है और दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौटना पड़ता है।

पारंपरिक पूजा के लिए छड़ी मुबारक (भगवान शिव की पवित्र गदा) शुक्रवार को हरि पर्वत स्थित शारिका भवानी मंदिर में ले जाया जाएगा। इससे पहले, महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधु-संत गुरुवार को पारंपरिक पूजा के लिए छड़ी मुबारक (भगवान शिव की पवित्र गदा) को श्रीनगर के ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर लेकर गए। यह पूजा हर साल हरियाली अमावस्या (श्रावण अमावस्या) के अवसर पर की जाती है, जो प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। छड़ी मुबारक 4 अगस्त को श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से गुफा मंदिर की ओर अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगी और 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुंचेगी, जो यात्रा का आधिकारिक समापन होगा।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## रेहड़ी, फल और छोटे कारोबारियों को जीएसटी के लाखों रूपयों वसूली के नोटिस

डिजिटल इंडिया का सपना आज आम आदमी के लिए हकीकत बन चुका है। यूपीआई, फोन-पे, गूगल-पे जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए भुगतान अब केवल बड़े शॉपिंग मॉल्स तक सीमित नहीं रहा। चाय की टपरी, समोसे के ठेले, फल-सब्जी की रेहड़ियों फेरी और दूधवालों को मोबाइल के जरिए ऑनलाइन भुगतान हो रहा है। यह भुगतान 10 रूपये से लेकर 100- 200 रुपए के बीच होता है। इसी डिजिटल सुविधा के जरिए सरकार ने छोटे कारोबारियों के लिये टैक्स का जाल बिछा दिया है। रोजाना छोटे-छोटे से कारोबार करने वाले, जो झोपड़िया में रहते हैं। बामुश्किल 15 से 20000 रूपया महीना कमा पाते हैं। वह जीएसटी के जाल में फंसकर तड़पने के लिए मजबूर हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जीएसटी को "गब्बर सिंह टैक्स" बताकर इसका विरोध किया था। जीएसटी टैक्स अब एक नए रूप में उभरा है। जो गरीबों को आतंकित कर रहा है। गरीबों ने सोचा भी नहीं था, जीएसटी के उन्हें नोटिस मिलेंगे। लाखों रुपए की टैक्स डिमांड की जाएगी। उनके पास कल खाने के लिए भी कोई ठिकाना नहीं है। वह जो छोटा-मोटा कारोबार करते हैं, ग्राहकों से जीएसटी वसूल नहीं किया। अब सरकार उनसे जीएसटी के रूप में लाखों रुपए टैक्स के रूप में मांग रही है। बेंगलुरु जैसे शहर में ऑनलाइन भुगतान के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। लोगों ने ऑनलाइन भुगतान लेना बंद कर दिया है। केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान नगदी भुगतान के स्थान पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया था। छोटे से बड़े सभी लोगों ने डिजिटल भुगतान को स्वीकार कर लिया था। अब यही डिजिटल भुगतान गरीबों के गले में फांसी के फंदे की तरह लटक गया है। जीएसटी का नियम कहता है, सालाना 20 लाख रुपये की बिक्री करने वालों को जीएसटी के का लायसेंस लेना होगा। जीएसटी का कानून टर्नओवर पर आधारित है। दूध बेचने वाले फल सब्जी बेचने वाले रोड में चाय और समोसे बेचने वाले जो झोपड़िया में रहते हैं। बामुश्किल 10 से 12 घंटे की मेहनत करने के बाद 10 से 15000 रुपये महीने कमा पाते हैं। पिछले 10 वर्षों में महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। छोटे-छोटे कारोबारियों ने डिजिटल भुगतान के लिये बैंक से क्यूआर कोड लेकर भुगतान लेना शुरू कर दिया था। जीएसटी कानून में यह नहीं देखा जा रहा है, यह रेहड़ी, ठेले, फल या सब्जी बेचने वाले कितना मुनाफा कमा रहे हैं। सुबह से शाम तक कड़ी मेहनत के बाद सालभर में 20 लाख की बिक्री करने वाला गरीब व्यक्ति मुश्किल से 2-3 लाख सालाना की कमाई कर बामुश्किल से अपने परिवार का पेट पालते हैं। बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पाते हैं। उन्हें बैंक में हुए लेनदेन के आधार पर 18% जीएसटी का नोटिस भेजा जा रहा है। उन गरीबों से लाखों रुपए की टेक्स डिमांड की जा रही है। कुछ मामलों में जीएसटी के अधिकारियों ने 10 लाख रुपये तक की टैक्स देनदारी के नोटिस भेजे हैं, जो पूरी तरह से अमानवीय और असंगत है। ऐसा टेक्स मुगल शासको और अंग्रेजों ने भी गरीबों से कभी नहीं वसूला, जो वर्तमान सरकार द्वारा वसूल किया जा रहा है। यूपीआई का जाल गरीबों की गर्दन में फांसी फंदा बन गया है। ग्राहक 10 रूपये का धनिया लेते हैं, 20 रूपये की जलेबी या 30 रूपये की सब्जी का यूपीआई से पेमेंट कर देते हैं। छोटे कारोबारियों को यह पता नहीं था, ऑनलाइन पेमेंट के आधार पर उनसे जीएसटी वसूल किया जाएगा। उसका हर लेनदेन बैंक खाते में दर्ज हो रहा है। जीएसटी डिपार्मेंट ने इसी रिकॉर्ड्स को आधार बनाकर, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीबों के ऊपर टैक्स आरोपित कर उन्हें एक ही झटके मे अपराधी बना दिया है। जो टैक्स इन गरीबों ने ग्राहकों से वसूला ही नहीं, वह इन गरीबों से वसूल किया जा रहा है। इन्हें ना तो जीएसटी कानून की जानकारी है। ना यह इतने पढ़े लिखे हैं, कि वह हिसाब किताब रख पायें। सरकार ने एक ही झटके में इन्हें बड़ा व्यापारी मानकर लाखों रुपए की टैक्स डिमांड कर ली है। गरीबों को अब लगने लगा है, सरकार सही कहती है। भारत में ना तो गरीबी है, और ना महंगाई है। ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अब गरीब से गरीब आदमी भी लखपति कारोबारी बन गया है। सवाल यह है, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के नाम पर सरकार छोटे कारोबारियों को टैक्स के दायरे में लाकर उनका अस्तित्व खत्म कर देगी? क्या टैक्स आतंक का यह नया दौर "विकसित भारत" की नई तस्वीर है? सरकारी कानून बनाकर क्या कागजों के माध्यम से गरीबी खत्म की जा सकती है। सरकार का यह कोई नया जादू है। जिसमें गरीब भी अमीर बन रहा है। सरकार को चाहिए, वह बिक्री और मुनाफे में स्पष्ट अंतर करे। जीएसटी की सीमा और नियमों को यथार्थ के आधार पर संशोधित करे। छोटे कारोबारियों को जीएसटी बनाम गब्बर सिंह टैक्स से राहत दे। ऑनलाइन भुगतान से अब आम छोटे कारोबारी बुरी तरीके से डर गए हैं। बेंगलुरु से जो आंदोलन शुरू हुआ है। वह जल्द ही भारत के अन्य राज्यों और शहरों में फैल सकता है। भारत में 70 फ़ीसदी रिटेल कारोबारी जो 15 से 20000 रूपये महीना बामुश्किल कमा पाते हैं। ऑनलाइन भुगतान के चक्कर में उनका बेरोजगार होना तय हो गया है। यह बिना किसी सरकारी सहायता से अपना कारोबार करते हैं। जिस सामग्री की बिक्री करते हैं, सरकार पहले ही कई गुना जीएसटी पहिले ही वसूल कर चुकी होती है। जिनके पास रहने को घर नहीं है, धंधा करने के लिए दुकान नहीं है, रोड में बैठकर किसी तरीके से वह 15 से 20000 महीना कमाकर अपने परिवार के लिये दो टाइम के खान-पान और बच्चों की परवरिश का करता है। अपनी कमाई को रोज खर्च करके सरकार को 28 फ़ीसदी तक जीएसटी का भुगतान करता है। उस जीएसटी के अधिकारियों और सरकार का सीधा हमला है। जीएसटी अधिकारियों ने जिस तरह गरीबों को लाखों रुपए के नोटिस भेजे हैं। उससे सरकार के खिलाफ वातावरण बनेगा। जब लोगों के पास रोजगार नहीं होगा। ऐसी स्थिति में वह किस तरह का व्यवहार करेंगे, इसे आसानी से समझा जा सकता है। वह दिन दूर नहीं रहा, जब छोटे-छोटे कारोबारी अपने क्यूआर कोड को रोड पर फेंक देंगे। ग्राहक से नगद पैसा लेकर ही उसे सामान देंगे। सरकार ने डिजिटल लेनदेन को लेकर जो भ्रम फैलाया था। आम आदमी इस कार्यवाही के बाद भ्रम से बाहर निकल रहा है। सरकार गरीब से गरीब आदमी से जीएसटी के नाम पर हर महीने हजारों रुपए का टैक्स वसूल कर रही है। अब छोटे कारोबारी को खत्म करने के लिए जीएसटी के जरिए जो आतंक फैलाया जा रहा है। वह आगे चलकर सरकार के लिए भारी मुसीबतें भी पैदा कर सकता है।

## मस्तिष्क स्वास्थ्य एक आजीवन यात्रा है जो जन्म से शुरू होती है और जीवन के हर चरण में जारी रहती है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

सृष्टि में विचिरित 84 लाख़ योनियों में हालांकि सृष्टि रचयिता ने मस्तिष्क सभी को दिया है परंतु मानवीय योनि में जो मस्तिष्क की रचना की है वह अद्भुत कलाकृति ही नहीं उसके परिणामों में से एक, मस्तिष्क के दम पर ही मानव की चांद तक पहुंच सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी सहित अनेक कुदरती रचनाओं को आर्टिफिशियल तक बनाकर उनकी बराबरी करने की कोशिश की जा रही है बस !अब मानव शरीर में ऐसा क्या आता है और क्या निकल जाता है कि मानवीय जीव जीवन मृत्यु के घेरे में आ जाता है इसपर रिसर्च चल रहा है जिसमें मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं, कि मानवीय जीव कभी सफ़ल नहीं होंगे आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 22 जुलाई 2025 को विश्व मस्तिष्क दिवस मनाया जा रहा है विश्व मस्तिष्क दिवस मस्तिष्क स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जीवन भर अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के तरीकों को साझा करने के लिए समर्पित एक वैश्विक आंदोलन है। यह याद रखना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि मस्तिष्क स्वास्थ्य केवल वृद्धों की ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह हर उम्र के सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। मस्तिष्क स्वास्थ्य एक आजीवन यात्रा है जो जन्म से शुरू होती है और जीवन के हर चरण में जारी रहती है। खास करके भारत के लिए, जहां 65% से अधिक युवा युवा रहते हैं वह हमारे सामने विजन 2047 है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम मस्तिष्क स्वास्थ्य को समझने की करें तो,मस्तिष्क स्वास्थ्य का अर्थ है हमारे मस्तिष्क को सकारात्मक, लचीला और सक्रिय बनाए रखना। यह हमारे सोचने, सीखने, याद रखने और तनाव से निपटने के तरीके को प्रभावित करता है। स्वस्थ मस्तिष्क का होना समग्र स्वास्थ्य, सफल रिश्तों और जीवन भर स्वतंत्रता का आधार है।

# बिहार की मतदाता सूची संशोधन विवाद भारत के लोकतंत्र की परीक्षा

**के.के. झा**

नवंबर 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा 24 जून 2025 को घोषित विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। 2003 के बाद पहली बार शुरू यह अभियान बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं की सूची को घर-घर सत्यापित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया। चुनाव आयोग जहाँ अपने इस अभियान को मतदाता सूची को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने की नियमित कवायद बताता है, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे मतदाता वंचन और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पक्ष में साजिश करार दिया है। अपने इस लेख के माध्यम से लेखक इस विवाद की गहराई से पड़ताल कर विपक्ष के दावों का मूल्यांकन कर यह परखने की कोशिश की है कि क्या यह अभियान वास्तव में चुनावी पारदर्शिता की दिशा में कदम है या सियासी मकसद से प्रेरित है, जैसा कि विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं।

:: एसआईआर अभियान : उद्देश्य एवं प्रक्रिया ::

चुनाव आयोग का यह विशेष गहन मतदाता संशोधन अभियान, संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत सटीक मतदाता सूची सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पर आधारित है। तेजी से शहरीकरण, बार-बार प्रवास, असूचित मृत्यु, और डुप्लिकेट या गैर-नागरिक प्रविष्टियों को हटाने की आवश्यकता इसके प्रमुख कारण हैं। इस अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों ने पुरे प्रदेश में घर-घर जाकर मतदाताओं की पात्रता सत्यापित कर, गणना फॉर्म एकत्र करते हैं, और विशेष रूप से 2003 के बाद नामांकित या 1987 के बाद जन्मे मतदाताओं से दस्तावेजी सबूत मांगते हैं। अभियान 25 जून 2025 को शुरू हुआ, फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 25 जुलाई थी, प्रारंभिक सूची 1 अगस्त को प्रकाशित होगी, और दावे-आपत्तियों के बाद अंतिम सूची 30 सितंबर 2025 तक तैयार होगी। 24 जुलाई तक, 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 98.01% का सत्यापन हो चुका था, और 7.21 करोड़ फॉर्म जमा हुए। 61.1 लाख मतदाता हटाने के लिए चिह्नित किए गए, जिनमें 21.6 लाख मृत, 31.5 लाख प्रवासित, 7 लाख डुप्लिकेट, और 1 लाख अज्ञात शामिल हैं। यह बड़े पैमाने की सफाई का संकेत देता है, लेकिन विपक्ष को मतदाता वंचन का डर भी सता रहा है।

:: विपक्ष के आरोप : साजिश या वास्तविक चिंता?

विपक्ष, खासकर राजद और कांग्रेस, ने एसआईआर को दलित, ओबीसी, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, और प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर एनडीए को लाभ पहुंचाने की साजिश बताया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने इसे "वोटबंदी" करार दिया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे "वोट चुराने" की कोशिश बताया। उनके प्रमुख आरोप हैंः संदिग्ध समयः 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद मजबूत मतदाता सूची होने के बावजूद, चुनाव से कुछ महीने पहले यह अभियान संदेह पैदा करता है।

वर्जनात्मक दस्तावेजीकरण : आधार, राशन कार्ड जैसे सामान्य दस्तावेजों को छोड़कर 11 विशिष्ट दस्तावेजों की शुरुआती मांग को गरीबों और कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए वर्जनात्मक माना गया। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को ईसीआई से इन दस्तावेजों पर पुनर्विचार का आग्रह किया।

वंचन का जोखिम : हाशिए पर रहने वाले समुदाय और प्रवासी मजदूर, जो दस्तावेजों या सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते, वंचित हो सकते हैं।

नागरिकता की आशंका : 1987 के बाद जन्मे मतदाताओं से माता-पिता के दस्तावेज मांगने से सीमांचल जैसे क्षेत्रों में "बैकडोर एनआरसी" का डर पैदा हुआ है।

विपक्ष ने "बिहार बंद" जैसे प्रदर्शनों और सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं के जरिए इसे चुनौती दी, जिसमें संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप है।

:: ईसीआई का बचाव ::

वहीं, विपक्ष के आरोपों को ख़ारिज करते हुए चुनाव आयोग ने एसआईआर को पारदर्शी और समावेशी बताया, जो अनुच्छेद 326 के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करता है। आयोग ने राजनीतिक पक्षपात से इनकार करते हुए दावा किया कि 61.1 लाख अयोग्य प्रविष्टियों को हटाना चुनावी धोखाधड़ी रोकने के लिए जरूरी है। 6 जुलाई को दस्तावेजीकरण नियम शिथिल किए गए, और दावे-आपत्ति की अवधि में सुधार की गुंजाइश रखी गई। ईसीआई ने राजनीतिक दलों को चिह्नित मतदाताओं की सूची साझा की और 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स को शामिल किया। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एस. कृष्णमूर्ति ने इसे प्रवास और शहरीकरण जैसे बदलावों का जवाब बताया।

:: सियासत या सुधार?

बिहार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति - उच्च प्रवास दर (1.76 करोड़ लोग 2003-2024 में बाहर गए) और कम दस्तावेजीकरण - विपक्ष की चिंताओं को कुछ हद तक जायज बनाती है। प्रारंभिक दस्तावेजीकरण प्रतिबंध और एक महीने की समय-सीमा ने संदेह पैदा किया। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप और जद(यू) सांसद गिरिधारी यादव की "तुगलकी फरमान" वाली टिप्पणी प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित करती है।

हालांकि, विपक्ष का साजिश का दावा ठोस सबूतों के अभाव में सियासी रणनीति प्रतीत होता है। बिहार में जातिगत गतिशीलता और एनडीए की मजबूत स्थिति को देखते हुए, राजद और कांग्रेस इस विवाद का उपयोग अपने मतदाता आधार को एकजुट करने के लिए कर रहे हैं। ईसीआई के शिथिल नियम और दावे-आपत्ति की अवधि वंचन के जोखिम को कम करते हैं।

:: पारदर्शिता की आवश्यकता ::

61.1 लाख मतदाताओं को हटाने की विशालता को देखते हुए, चुनाव आयोग को निर्वाचन क्षेत्र-वार विस्तृत विवरण (मृत, प्रवासित, डुप्लिकेट आदि) सार्वजनिक करना चाहिए। यह राजनीतिक दलों के साथ साझा करना और 30 सितंबर के बाद व्यापक रिपोर्ट जारी करना पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाएगा।

:: समय और नियति ::

हालांकि चुनाव से पहले एसआईआर का समय और जनवरी 2025 की मतदाता सूची को रद्द करना संदेहास्पद प्रतीत होता है क्योंकि इस अभियान को लोक सभा चुनाव के पूर्व में भी शुरू किया जा सकता था पूर्व आयुक्त ओ.पी. रावत के अनुसार, महाराष्ट्र चुनाव विवाद ने संभवतः चुनाव आयोग को इस विशेष गहन अभियान को शुरू करने के लिए प्रेरित किया हो पर बिहार को इस अभियान को शुरू करने हेतु शुरुआती बिंदु चुनना शंका को स्वाभाविक रूप से आमंत्रित करता है। इन शंकाओं, कुशंकाओं के बीच चुनाव आयोग का जनादेश और कानूनी आधार ठोस है।

:: निष्कर्ष : लोकतांत्रिक सुधार और विश्वास की चुनौती ::

एसआईआर चुनावी सुधार के लिए जरूरी है, लेकिन प्रारंभिक प्रक्रियात्मक गलतियां और खराब जनसंचार ने विवाद को जन्म दिया। विपक्ष की चिंताएं आंशिक रूप से जायज हैं, लेकिन साजिश के दावे अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। ईसीआई को पारदर्शिता बढ़ाकर और समावेशिता सुनिश्चित करके आशंकाओं को दूर करना चाहिए। बिहार का यह विवाद भारत के लोकतंत्र की परीक्षा है, जो सतर्कता और विश्वास की मांग करता है, ताकि हर पात्र मतदाता की आवाज सुनी जाए।

# कारगिल युद्ध के नायकों के शौर्य और वीरता को नमन

**योगेश कुमार गोयल**

**26वें कारगिल विजय दिवस पर विशेष**



26 जुलाई को देश कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाएगा। भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटाई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी। दरअसल उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ।

भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुनः कब्जा कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ से मुलाकात की, जिसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ।

बहुत ऊंचाई पर लड़े गए उस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफ के कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारत सेना के अनेक नायकों ने अपने प्राणों की आहुति इसीलिए दी ताकि पूरा देश चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम के लिए ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव तथा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे को परमवीर चक्र और लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन एन केंगुरुसे को मरणोपरांत महावीर चक्र और कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान कर उनकी शहादत का सम्मान किया। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा के शब्द, 'ये दिल मांगे मोर' तो अब भी लोगों के कानों में गूंजते हैं। कारगिल युद्ध के ऐसे ही वीर नायकों की बहादुरी, साहस और जुनून की कहानियां आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में जोश भर देती हैं।

# इतिहास कहानी या मिथक नहीं, जिसे मनचाहा बदल लें

**भूपेन्द्र गुप्ता**

इतिहास केवल अतीत नहीं है, यह वर्तमान की नींव और भविष्य का मार्गदर्शक है। गलत या विकृत इतिहास हमें गलत सबक सिखाता है और भविष्य के लिए गलत नीतियां बनाने की ओर धकेलता है।

एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आलोचनात्मक सोच और अतीत से सीखने की क्षमता आवश्यक है। यदि नागरिकों को विकृत इतिहास पढ़ाया जाएगा, तो वे अपने राष्ट्र और समाज की चुनौतियों को ठीक से समझ नहीं पाएंगे।

इतिहास तथ्यों, साक्ष्यों और अकादमिक शोध पर आधारित एक अनुशासन है, न कि सत्ताधारी दल की राजनीतिक या इच्छाओं को पूरा करने का साधन। इतिहास से छेड़छाड़ करना न केवल अतीत के साथ अन्याय है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी हानिकारक है। सरकार द्वारा एनसीईआरटी द्वारा पाठ्य पुस्तकों में इतिहास नवलेखन के नाम पर जो बदलाव किये जा रहे हैं उससे कई प्रश्न उभरते हैं।

इतिहास की प्रकृति और सत्यनिष्ठा

इतिहास, जैसा कि नाम से स्पष्ट है, इति-ह-आस अर्थात ऐसा ही हुआ था। यह साक्ष्यों, दस्तावेज़ों, पुरातात्विक खोजों, समकालीन अभिलेखों और बहुआयामी शोध पर आधारित होता है। यह कोई कहानी या मिथक नहीं है जिसे मनचाहा बदला जा सके। जब सरकार इतिहास को अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए बदलती है, तो वह इसके सत्य को ही नष्ट कर देती है। यह अकादमिक स्वतंत्रता पर हमला है।

किसी विशेष घटना के उल्लेख को हटाना या उसे बिना विश्वसनीय साक्ष्य के तोड़-मरोड़ कर पेश करना लोकतंत्र और नागरिकता के लिए खतरा भी बन सकता है।सामुदायिक इतिहास से छेडछाड़ व्यापक सामाजिक संतुलन को प्रभावित करता है।

इतिहास से छेड़छाड़ करके सरकारें एक कथित राष्ट्रीय गौरव का निर्माण करना चाहती हैं, तो इसे सच्चाई पर आधारित होना चाहिए । क्योंकि विकृत इतिहास नागरिकों को सोचने, सवाल पूछने और वर्तमान के मुद्दों को ऐतिहासिक संदर्भ में देखने से रोकता है। पाठ्यपुस्तकों से कुछ अध्यायों को हटाना या उन्हें पूरी तरह से बदल देना जो किसी सत्ताधारी विचारधारा के अनुरूप न हों जैसे प्रयास सामाजिक स्थैर्य को हानि पहुंचाते है

ज्ञान और भविष्य पर प्रभाव

हम अपनी गलतियों से तभी सीखते हैं जब हम उन्हें स्वीकार करते हैं। इतिहास को साफ करके या नायक-पूजा करके हम अपनी कमजोरियों और गलतियों को पहचानने का मौका खो देते हैं।हर युग में हर समाज में नायक और खलनायक हो सकते हैं।

किसी शासनकाल की केवल उपलब्धियों को दिखाना और उसकी विफलताओं या क्रूरताओं को छुपाना इतिहास लेखन नहीं है।

सामाजिक समरसता पर नकारात्मक प्रभाव

अक्सर इतिहास से छेड़छाड़ का उद्देश्य कुछ समुदायों या विचारधाराओं को महिमामंडित करना और दूसरों को नीचा दिखाना होता है। यह समाज में विभाजन और वैमनस्य को बढ़ावा देता है। सच्चा इतिहास सभी आवाज़ों, दृष्टिकोणों और अनुभवों को समाहित करता है। वह विविधता को स्वीकारता है।

अंतर्राष्ट्रीय विश्वसनीयता पर प्रश्न

इतिहास वैश्विक ज्ञान का हिस्सा है। अन्य देशों के विद्वान और नागरिक इस छेड़छाड़ को आसानी से पहचान लेते हैं, जिससे देश की छवि खराब होती है।जब कोई देश अपने इतिहास से छेड़छाड़ करता है, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी अकादमिक और बौद्धिक विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं।

तर्क दिया जा सकता है कि इतिहास को सुधारा जा रहा है

किंतु इतिहास को सुधारने और छेड़छाड़ करने में फर्क है। अकादमिक इतिहास में नई खोजों, साक्ष्यों और गहन शोध के आधार पर लगातार नए दृष्टिकोण आते हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन सरकार द्वारा बिना किसी नए अकादमिक साक्ष्य के, केवल राजनीतिक एजेंडे के तहत बदलाव करना छेड़छाड़ है। क्या ये सुधार किसी स्वतंत्र इतिहासकार की कमेटी ने सुझाए हैं, या सिर्फ राजनीतिक इच्छाशक्ति से हो रहे हैं? यह पाठ्यक्रम में बदलाव करते समय सुनिश्चित होना चाहिए।

यह भी कहा जाता है कि राष्ट्र गौरव बढ़ाने के लिए यह किया जा रहा है । लेकिन सच्चा राष्ट्र गौरव अतीत की सच्चाइयों का सामना करने से आता है, चाहे वे कितनी भी कड़वी क्यों न हों। केवल मनगढ़ंत या चुनिंदा इतिहास से निर्मित गौरव खोखला होता है और यह कभी भी एक मजबूत राष्ट्र की नींव नहीं बन सकता। क्या हम अपनी कमियों और गलतियों से सीखे बिना सच में आगे बढ़ सकते हैं? यह भी कहा जा रहा हैं कि ऐतिहासिक तथ्य पश्चिमी या औपनिवेशिक दृष्टिकोण से लिखे गए थे, उन्हें बदलना ज़रूरी है। निश्चित रूप से, औपनिवेशिक इतिहास में पूर्वाग्रह थे, और उनका अकादमिक रूप से विश्लेषण और आलोचना होनी चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम एक पूर्वाग्रह को दूसरे पूर्वाग्रह से बदल दें। हमें नए, भारतीय दृष्टिकोण से इतिहास लिखना चाहिए जो तथ्यों पर आधारित हो, न कि प्रतिक्रिया या निजी विचार पर।अगर अप्रकाशित नायकों और घटनाओं को सामने लाया जा रहा है। तो यह एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन सामने लाने और बाकियों को मिटाने में अंतर है। नए नायकों को जोड़ना चाहिए, उनकी कहानियों को पढ़ाना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम स्थापित और स्वीकृत इतिहास को मिटा दें ।

उदाहरण के लिये हाल ही में इतिहास से छेड़छाड़ के आरोप इसलिये लगे हैं क्योंकि गांधी जी की हत्या में हत्यारे नाथूराम गोडसे की जगह लिखा गया है कि एक युवा ने गांधी जी की हत्या कर दी।क्या यह इतिहास लेखन है? पूरी दुनिया इस तथ्य को जानती है,वह किताब से हटाओगे तो गूगल बता देगा ।इसी तरह बिरसा मुंडा इतिहास के नायक हैं उन्होंने अंग्रेजों और हिंदु लैंडलार्डस की ज्यादतियों के विरुद्ध संघर्ष किया था इसमें से हिंदु शब्द हटा दिया गया है। अब यह सिद्ध हो चुका है कि आर्य भी ईरान से 1500 बीसी के पहले भारत आये थे उन्हें भारत का ही बताना तथ्यों को नकारना है तो इसके तार्किक कारण बताये जाने चाहिये।सच्चा इतिहास तो साक्ष्य-आधारित होता है। इतिहास से छेड़छाड़ भावी पीढ़ियों के साथ धोखा है। यह उन्हें अपनी जड़ों और सच्चाई से दूर करता है। एक राष्ट्र जो अपने इतिहास का सम्मान नहीं करता, वह अपने भविष्य का निर्माण नहीं कर सकता। पाठ्यपुस्तकों का निर्माण अकादमिक पारदर्शिता से होना चाहिए। सच्चा राष्ट्र तभी बनता है जब वह अपने पूरे इतिहास को, उसकी अच्छाइयों और बुराइयों सहित, स्वीकार करे और उससे सीखे। इतिहास को राजनीतिक हथियार बनाना, देश के भविष्य से खिलवाड़ है।

# किंग' में अहम भूमिका निभाएंगे राघव जुयाल



डांसिंग सेंसेशन और उभरते अभिनेता राघव जुयाल अब अपनी एक्टिंग से भी दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। वह जल्द ही शाहरुख खान की मोस्टअवेटेड फिल्म 'किंग' में एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर में राघव जुयाल, दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ के बेटे का किरदार निभाते नजर आएगें। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि जैकी श्रॉफ फिल्म में एक शक्तिशाली खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और राघव उनके बेटे के रूप में दर्शकों को चौंकाएंगे। सूत्रों के अनुसार, फिल्म का अधिकांश भाग शूट हो चुका है, जबकि बचे हुए कुछ सीन की शूटिंग अक्टूबर में की जाएगी। वहीं, कुछ विशेष हिस्से अगले साल फिल्माए जाने की योजना है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जो 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से पहले ही दर्शकों का भरोसा जीत चुके हैं। फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। हालांकि, दोनों पहले आर्यन खान के निर्देशन में एक विज्ञापन में साथ काम कर चुके हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब बाप-बेटी की जोड़ी फिल्मी पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म में स्टारकास्ट बेहद दमदार है। शाहरुख खान, जैकी श्रॉफ और राघव जुयाल के साथ-साथ दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत, अनिल कपूर और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। खास बात यह है कि अभिषेक बच्चन फिल्म में एक और खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी पुष्टि खुद अमिताभ बच्चन ने हाल ही में की थी। राघव जुयाल को उनके जबरदस्त डांस स्टाइल के लिए 'स्लो मोशन किंग' कहा जाता है। अभिनय की बात करें तो 2024 में आई फिल्म 'किल' में उनके प्रदर्शन को सराहा गया था। इसके अलावा वह 'युध्रा' जैसी एक्शन फिल्म में भी नजर आ चुके हैं। अब 'किंग' जैसी बड़े स्तर की फिल्म में उनका शामिल होना उनके करियर का अहम मोड़ साबित हो सकता है। डांसिंग सेंसेशन और उभरते अभिनेता राघव जुयाल अब अपनी एक्टिंग से भी दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। वह जल्द ही शाहरुख खान की मोस्टअवेटेड फिल्म 'किंग' में एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर में राघव जुयाल, दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ के बेटे का किरदार निभाते नजर आएगें। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि जैकी श्रॉफ फिल्म में एक शक्तिशाली खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और राघव उनके बेटे के रूप में दर्शकों को चौंकाएंगे। सूत्रों के अनुसार, फिल्म का अधिकांश भाग शूट हो चुका है, जबकि बचे हुए कुछ सीन की शूटिंग अक्टूबर में की जाएगी। वहीं, कुछ विशेष हिस्से अगले साल फिल्माए जाने की योजना है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जो 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से पहले ही दर्शकों का भरोसा जीत चुके हैं। फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। हालांकि, दोनों पहले आर्यन खान के निर्देशन में एक विज्ञापन में साथ काम कर चुके हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब बाप-बेटी की जोड़ी फिल्मी पर्दे पर नजर आएगी।फिल्म में स्टारकास्ट बेहद दमदार है। शाहरुख खान, जैकी श्रॉफ और राघव जुयाल के साथ-साथ दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत, अनिल कपूर और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## आज का राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, दोइज, शनिवासरे, अश्लेषा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, वालव करणे, कर्क की चंद्रमा, चंद्र दर्शन मुर्हूत, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा उत्तम होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, दार्शनिक तथा उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, सुंदर, सुशील, कोमल हृदय, तार्किक तथा शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, धनी-मानी, राजनेता, विधायक तथा मंत्री होगा।

मेष राशि :- आशानुकूल सफलता का संतोष होगा तथा सफलता के साधन अवश्य ही बनेंगे ध्यान दें।र्

वृष राशि :- समय आराम से बीतेगा, व्यवसायिक क्षमता का ध्यान अवश्य रखें, समय का ध्यान रखें।

मिथुन राशि :- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहेगा, किन्तु इष्ट मित्रों से परेशानी बनेगी, कार्य पर ध्यान दें।

कर्क राशि :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, कार्य समय पर निपटा लें।

सिंह राशि :- प्रतिष्ठा वृद्धि एवं बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य पर ध्यान अवश्य दें।

कन्या राशि :- संघर्ष से सफलता, व्यवसायिक क्षमता से संतोष, आशानुकूल लाभ से हर्ष होगा।

तुला राशि :- मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि एवं बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य बनेंगे।

वृश्चिक राशि :- सामाजिक कार्य में सुधार, कार्यगति में अनुकूलता बनेगी, इष्ट मित्र सुखवर्धक रहेगा।

धनु राशि :- अचानक शुभ समाचार प्राप्ति से कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी।

मकर राशि :- कार्य स्थिति यथावत् रहेगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, कार्य समय पर करें।

कुंभ राशि :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, शारीरिक कष्ट एवं चिन्ता, असमंजस की स्थिति बनेगी।

मीन राशि :- इष्ट मित्र सहायक होगा, दैनिक कार्यगति अनुकूल होगी, समय स्थिति का ध्यान अवश्य रखें।

## रसोई में खाना बनाती नजर आई सोफ ने जीता दिल

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस का दिल जीत लिया। हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों में वह हल्के गुलाबी रंग के सूट में बेहद साधारण और घरेलू अंदाज में रसोई में खाना बनाती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा, हां, ये मैं ही हूं, जो खाना बना रही है, कोई एआई नहीं। इस बयान के साथ सोहा ने मजाकिया लहजे में उन अफवाहों पर भी जवाब दिया कि कई बार सेलेब्स की किचन तस्वीरें सिर्फ दिखावे के लिए होती हैं। दिलचस्प बात यह है कि खुद सोहा पहले ही बता चुकी हैं कि उन्हें खाना बनाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। फिल्म छोरी 2 के प्रचार के दौरान उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि उनके घर की रसोई की जिम्मेदारी पूरी तरह उनके पति कुणाल खेमू पर है। उन्होंने यह भी हंसते हुए कहा था कि वह सिर्फ कैमरे के लिए खाना बनाते हुए दिखती हैं, जबकि असल में कुछ भी नहीं बनातीं। उन्होंने स्वीकार किया, मैं बस खाना बनाते हुए कुणाल को देखती हूं और कुछ करने का नाटक करती हूं। पूछती रहती हूं, यह नमक है या चीनी? सोहा ने यह भी बताया कि उनकी बेटी इनाया उनसे बेहतर खाना बना सकती है। इनाया बेहद सुंदर रोटियां बनाती है और उसे रसोई का काम करना भी अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, हमारे परिवार में असली शेफ कुणाल हैं और अब इनाया भी उनसे बेहतर बनने की राह पर है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोहा को हाल ही में हॉरर फिल्म छोरी 2 में देखा गया था.

## बैटल ऑफ गलवान में अहम भूमिका निभाएंगे सलमान




बालीवुड अभिनेता सलमान खान बैटल ऑफ गलवान नामक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से सलमान खान का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है, जिसमें उनका जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला। सलमान के लिए यह रोल शारीरिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है, जिसके लिए वह कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं। सलमान ने एक बातचीत में बताया कि इस फिल्म की डिमांड को पूरा करने के लिए उन्हें पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा, यह रोल शारीरिक रूप से बहुत ज्यादा डिमांडिंग है। पहले मैं एक या दो हफ्ते में ट्रेनिंग कर लेता था, लेकिन अब मुझे रोज दौड़ना, किक करना और बाकी सारे एक्सरसाइज करने पड़ रहे हैं। सिकंदर की तुलना में इसका एक्शन बिल्कुल अलग है, ये किरदार भी बहुत अलग है। फिल्म की शूटिंग को लेकर उन्होंने बताया कि वह लद्दाख में 20 दिनों तक शूटिंग करेंगे और इसके अलावा 7 से 8 दिन उन्हें बेहद ठंडे पानी में सीन शूट करने होंगे। सलमान ने माना कि जब उन्होंने फिल्म साइन की, तब उन्हें स्क्रिप्ट बेहद शानदार लगी, लेकिन अब उन्हें समझ आ रहा है कि यह फिल्म कितनी कठिन है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि एक्शन करते-करते बेहोश हो गए, इसलिए ट्रेनिंग जरूरी है। लद्दाख में ऊंचाई और मौसम भी एक बड़ी चुनौती है।

यह पहली बार नहीं है जब सलमान किसी सैन्य पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म में नजर आएंगे, लेकिन 'बैटल ऑफ गलवान' उनके करियर की सबसे कठिन फिल्मों में एक मानी जा रही है, जो दर्शकों के लिए एक नया अनुभव लेकर आएगी।फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चल रही अटकलों पर भी सलमान ने जवाब दिया है। पहले कहा जा रहा था कि यह फिल्म उनकी परंपरागत ईद रिलीज नहीं होगी। इस पर सलमान ने खुद पुष्टि की है कि फिल्म जनवरी में रिलीज होगी।

## श्रीदेवी के साथ एक भावुक पल को याद किया बोनी कपूर ने

सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी एवं दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की एक पुरानी तस्वीर शेयर कर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने एक भावुक पल को याद किया। शेयर की गई तस्वीर में श्रीदेवी कुर्सी पर बैठकर कैमरे की ओर हल्की मुस्कान के साथ देख रही हैं। बोनी कपूर ने इस फोटो के कैप्शन में लिखा, मुझे देखकर मुस्कुरा रही हैं, यह पल हमारी शादी से पहले का है। बोनी कपूर और श्रीदेवी की प्रेम कहानी 1987 में फिल्म मिस्टर इंडिया की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। दोनों ने वर्ष 1996 में शादी रचाई और उनके दो बेटियां जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर हैं। साल 2018 में श्रीदेवी के अचानक निधन ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दुबई में एक पारिवारिक समारोह में हिस्सा लेने गईं श्रीदेवी की मौत बाथटब में डूबने के कारण हुई थी। बोनी कपूर अक्सर श्रीदेवी से जुड़ी यादों को सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक और दिलचस्प किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे राज कपूर श्रीदेवी को अपनी फिल्म घुंघट के पट खोल में लेना चाहते थे।

बोनी ने कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, राज कपूर श्रीदेवी को 'मिस्टर इंडिया' की सिल्वर जुबली ट्रॉफी बड़े ही प्यार से दे रहे हैं।

# एनटीआर की वॉर 2 और ड्रैगन का इंतजार कर रहे दर्शक




तेलुगु सिनेमा के एस. एस. राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' से ग्लोबल ऑडियंस का दिल जीतने के बाद अब एनटीआर 2025 और 2026 की दो सबसे बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों के दिलों पर और गहराई से छाने को तैयार हैं। सबसे पहले उनकी फिल्म वॉर 2 रिलीज होगी, जो उनके लंबे समय से प्रतीक्षित बॉलीवुड डेब्यू को चिह्नित करेगी। इस फिल्म में वह ऋतिक रोशन के साथ आमने-सामने दिखेंगे। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और इसमें कियारा आडवाणी भी अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और फैंस इस टकराव को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद एनटीआर की अगली फिल्म ड्रैगन रिलीज होगी, जिसका निर्देशन केजीएफ फेम प्रशांत नील कर रहे हैं।

इस फिल्म को मैथरी मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं और यह 25 जून 2026 को रिलीज होगी। इन दो बड़ी फिल्मों की घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर फैंस का जोश चरम पर है। ट्रेड एनालिस्ट का भी मानना है कि फिलहाल किसी भी एक्टर के पास एनटीआर जैसी तगड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों की लाइनअप नहीं है। उनकी इन फिल्मों को 2025 और 2026 की सबसे बड़ी और चर्चित फिल्मों में गिना जा रहा है। इतना ही नहीं, खबर है कि एनटीआर जल्द ही त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक माइथोलॉजिकल ड्रामा में भी नजर आ सकते हैं, जिसमें वह भगवान कार्तिकेय यानी मुरुगन का किरदार निभा सकते हैं।

इस फिल्म के जरिए वह अपने करियर में एक नया और आध्यात्मिक मोड़ जोड़ सकते हैं। एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ एनटीआर का स्टारडम लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। फैंस उनके हर अगले कदम पर नजरें टिकाए हुए हैं, और यह साफ है कि अगले दो साल एनटीआर के नाम रहने वाले हैं। बता दें कि तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने अपनी जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस, दमदार अभिनय और प्रभावशाली ऑरा के दम पर इंडियन सिनेमा में एक अलग मुकाम बना लिया है।

## अभिनेता साबू दस्तगीर की कहानी अब बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी




खिका देबलीना मजूमदार की चर्चित जीवनी 'साबूः द रिमार्केबल स्टोरी ऑफ इंडियाज फर्स्ट एक्टर इन हॉलीवुड' के फिल्म और टेलीविजन अधिकार ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स ने हासिल कर लिए हैं। भारत के पहले हॉलीवुड अभिनेता साबू दस्तगीर की प्रेरणादायक कहानी अब बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। साबू की यह कहानी एक ऐसे साधारण लड़के की असाधारण यात्रा है, जो मैसूर के हाथी पालन करने वाले परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के मंच तक पहुंचा। निर्माता और अभिनेत्री प्रभलीन संधू ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि साबू की कहानी को भव्यता और सच्चाई के साथ दर्शकों के सामने लाना एक जिम्मेदारी है। उनके अनुसार यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक विरासत को संभालने जैसा कार्य है जिसे दुनिया को जानना चाहिए। साबू का जन्म 1924 में ब्रिटिश भारत के मैसूर के करपुरा गांव में हुआ था। वह एक महावत के बेटे थे और हाथियों की देखभाल करने वाले परिवार से ताल्लुक रखते थे। लेकिन 13 साल की उम्र में उनके जीवन ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने उन्हें सीधे हॉलीवुड पहुंचा दिया। 1937 में आई फिल्म 'एलिफेंट बॉय' से उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म रुडयार्ड किपलिंग की कहानी 'टूमाई ऑफ द एलीफेंट्स' पर आधारित थी और इसका निर्देशन डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर रॉबर्ट जे. फ्लेहर्टी ने किया था, जबकि जोल्टन कोर्डा ने इसे पूरा किया और इसके लिए वेनिस फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी जीता। साबू ने इसके बाद 'द थीफ ऑफ बगदाद' (1940), 'जंगल बुक' (1942), 'अरेबियन नाइट्स' (1942) और 'ब्लैक नार्सिसस' (1947) जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाईं। वे पूरब और पश्चिम के बीच एक सांस्कृतिक पुल बन गए थे। इसके साथ ही उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना में भी सेवा दी। 1960 में उन्हें हॉलीवुड 'वॉक ऑफ फेम' में भी स्थान मिला। दुर्भाग्य से, 1963 में मात्र 39 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 15 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.55 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी की पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर 86.59 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि स्थानीय मुद्रा सीमित दायरे में कारोबार कर रही है क्योंकि निवेशक नवीनतम वैश्विक व्यापार घटनाक्रमों पर विचार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.59 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 97.60 पर आ गया।

### एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी ने 2,000 करोड़ के एनसीडी जारी किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। एम्बेसी ऑफिस पार्क्स (आरईआईटी) ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी कर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एनसीडी 10 वर्ष की अवधि के लिए जारी किए गए हैं, जिनकी कूपन दर पहले पांच वर्षों के लिए 7.25 फीसदी और अगले पांच वर्षों के लिए 7.45 फीसदी है। कंपनी ने इस राशि का उपयोग अपने मौजूदा ऋणों के पुनर्वित्त और ब्याज लागत बचाने के लिए किया जाएगा। इस निर्गम में बीमा कंपनियां, पेंशन फंड, म्यूचुअल फंड सहित 15 से अधिक संस्थागत निवेशकों ने भाग लिया। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट है, जिसके पास 5.11 करोड़ वर्ग फुट से अधिक कार्यालय क्षेत्र है। यह कार्यालय पार्क बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में फैले हुए हैं। कंपनी की यह पहल उसके वित्तीय स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डिक्सन को लॉन्गचियर के साथ संयुक्त उद्यम के लिए मिली सरकार की मंजूरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। डिक्सन टेक्नोलॉजीज को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से चीन की लॉन्गचियर की सिंगापुर इकाई के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, इस जेवी में डिक्सन की 74 फीसदी और लॉन्गचियर की 26 फीसदी हिस्सेदारी होगी। दोनों कंपनियां आपसी सहमति से इसका खाका तैयार करेंगी। डिक्सन इस जेवी के जरिए मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में प्रयुक्त घटकों के निर्माण और बिक्री को बढ़ावा देगी। कंपनी ने पहले ही चीन की चोंगकिंग युहाई प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग और कुनशान क्यू टेक्नोलॉजी की भारतीय इकाई के साथ समझौते किए हैं। इसके साथ ही, डिक्सन चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो के साथ भी जेवी की संभावनाएं तलाश रही है। यह साझेदारी भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को बढ़ावा देने और मेक इन इंडिया पहल को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### एनएसडीएल का आईपीओ 30 जुलाई से खुलेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने अपने 4,011 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 760 से 800 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा, जबकि एंकर निवेशक 29 जुलाई को ही बोली लगा सकेंगे। आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल पर आधारित है, जिसमें 5.01 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। इससे कंपनी को कोई नया पूंजी निवेश नहीं मिलेगा। शेयर बेचने वालों में एनएसई, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक शामिल हैं। इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधकों में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचएसबीसी और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं।

### एमएंडबी इंजीनियरिंग का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की प्रमुख इंजीनियरिंग कंपनी एमएंडबी इंजीनियरिंग लिमिटेड का 650 करोड़ का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ)। 30 जुलाई को खुलेगा और 1 अगस्त को बंद होगा। इस आईपीओ का मूल्य दायरा 366 से 385 प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 275 करोड़ के नए शेयर और 375 करोड़ की बिक्री पेशकश शामिल है, जो प्रवर्तकों द्वारा की जाएगी। कंपनी इस निर्गम से जुटाई गई राशि का उपयोग मशीनरी खरीद, ऋण चुकाने, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए करेगी। इस इश्यू के प्रबंधक इक्विरस कैपिटल और डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स हैं। कंपनी के शेयर 6 अगस्त को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकते हैं। निवेशकों में इस आईपीओ को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।

### आईटीसी मध्यम अवधि में नई विनिर्माण इकाइयों में 20,000 करोड़ का करेगी निवेश




कोलकाता (ईएमएस)। आईटीसी लिमिटेड ने मध्यम अवधि में अपने विनिर्माण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 20,000 करोड़ निवेश की घोषणा की है। कंपनी के चेयरमैन ने वार्षिक आम बैठक में बताया कि पिछले वर्षों में आठ नई विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। आईटीसी की रणनीति 'भारत पहले' पर आधारित है, जिसके तहत कंपनी घरेलू बाजार में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर देगी और विदेशों में विस्तार बाद में करेगी। उन्होंने कहा कि नए ब्रांड्स के माध्यम से मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। सिगरेट से इतर व्यवसाय अब कंपनी की कुल आमदनी का 65% हिस्सा बन चुका है। आईटीसी आज एफएमसीजी, होटल, कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है। यह निवेश कंपनी के विविधीकृत विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 721 अंक, निफ्टी 225 अंक गिरा




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली वाली रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 721.08 अंक नीचे आकर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.10 अंक टूटकर 24,837.00 पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के परिणामों की घोषणा के बाद सबसे ज्यादा 4.73 फीसदी की गिरावट रही। वहीं पावर ग्रिड, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी टूटे। केवल सन फार्मा और भारती एयरटेल के शेयर ही ऊपर आये। जानाकारों के अनुसार कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुसार नहीं रहने और दुनिया भर से नकारात्मक संकेतों से भी बाजार गिरा। इसके अलावा लार्ज-कैप शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बड़ी शॉर्ट पोजीशन से भी बाजार पर दबाव आया। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 4.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 453.35 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर थे। बजाज फाइनेंस की एसेट क्वालिटी में गिरावट आई है। कंपनी का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (जीएनपीए) एक साल पहले के 0.86 फीसदी से बढ़कर 1.03 फीसदी हो गया है। वहीं नेट एनपीए भी 0.38 फीसदी से बढ़कर 0.50 फीसदी हो गया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचयूएल, टाटा स्टील और मारुति भी गिरावट के साथ ही लाल निशान पर खुले। दूसरी ओर एटरनल (जोमेटो), एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक में बढ़त देखी गई। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 244 अंक की गिरावट के साथ 81,939 और निफ्टी 86 अंक की कमजोरी के साथ 24,985 पर खुला।

# 10 ग्राम सोने के भाव 98,550 रुपए चांदी 1,15,350 रुपए के करीब





नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने के भाव में शुक्रवार को नरमी के साथ कारोबार देखा जा रहा है। जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 98,550 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,15,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के शुरुआती कारोबार में नरमी, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 144 रुपये की गिरावट के साथ 98,582 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 98,726 रुपये था। इस समय यह 175 रुपये की गिरावट के साथ 98,551 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 334 रुपये की तेजी के साथ 1,15,466 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,15,133 रुपये था। इस समय यह 235 रुपये की तेजी के साथ 1,15,368 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ, सोने की गिरावट के साथ हुई।

कॉमेक्स पर सोना 3,372.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,373.50 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 9.60 डॉलर की गिरावट के साथ 3,363.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 39.29 डॉलर के भाव पर खुले। बंद भाव 39.22 डॉलर था। इस समय यह 0.08 डॉलर की तेजी के साथ 39.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### टेस्ला के मुनाफे और कमाई में भारी गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। टेस्ला ने अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए हैं, जिसमें कंपनी की कमाई और मुनाफे में भारी गिरावट देखी गई है। कंपनी का कुल रेवेन्यू 12 फीसदी घटकर 22.5 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 25.5 अरब डॉलर था। वहीं मुनाफा 16 फीसदी गिरकर 1.17 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल 1.4 अरब डॉलर था। समायोजित आधार पर कंपनी की प्रति शेयर कमाई 40 सेंट रही। टेस्ला की कमाई में सबसे बड़ी गिरावट उसके ऑटोमोबाइल कारोबार से आई है। इस सेगमेंट का रेवेन्यू घटकर 16.7 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 19.9 अरब डॉलर था। रेगुलेटरी क्रेडिट से होने वाली बिक्री भी लगभग आधी होकर 439 मिलियन डॉलर रह गई, जो पहले 890 मिलियन डॉलर थी। कंपनी ने इस तिमाही में 3.84 लाख वाहन डिलीवर किए, जो पिछले साल के मुकाबले 14 फीसदी कम है। हालांकि टेस्ला के सर्विस सेगमेंट ने थोड़ी राहत दी। इसमें सुपरचार्जर स्टेशन शामिल हैं।

# दुर्लभ खनिज संकट के बीच ईवी कंपनियों को नहीं मिली राहत

### केंद्र सरकार ने कहा, ईवी कंपनियों को ट्रैक्शन मोटर भारत में ही बनानी होगी



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन निर्माताओं को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ट्रैक्शन मोटर और इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल जैसे महत्वपूर्ण पुर्जों का स्थानीय निर्माण सुनिश्चित करें। भारी उद्योग मंत्रालय की ओर से यह निर्देश ऐसे समय आया है जब चीन ने 4 अप्रैल को दुर्लभ खनिज मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा है। मंत्रालय की नामित परीक्षण एजेंसियों ने वाहन निर्माताओं को एक घोषणा पत्र भेजा है, जिसमें यह पुष्टि करने को कहा गया है कि उनके पास नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम जैसे दुर्लभ खनिजों का पर्याप्त भंडार है। इन खनिजों का उपयोग ईवी में ट्रैक्शन मोटर और इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल के निर्माण में होता है। बिना इस घोषणा के कंपनियां सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगी। उद्योग जगत ने इस सख्त रुख पर चिंता जताई है। कई कंपनियों का कहना है कि वे स्थानीयकरण के पक्ष में हैं, लेकिन मौजूदा वैश्विक हालात में यह व्यावहारिक नहीं है।

उन्होंने अस्थायी रूप से पूरी तरह असेंबल की गई मोटर्स के आयात की अनुमति मांगी थी, जिसे मंत्रालय ने अस्वीकार कर दिया। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी, हीरो मोटोकॉर्प, एथर एनर्जी और बजाज ऑटो जैसी कंपनियों ने इस बारे में टिप्पणी नहीं की है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का यह कदम आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के इरादे से है, लेकिन इससे ईवी क्षेत्र की वृद्धि फिलहाल प्रभावित हो सकती है।

### ट्रंप ने किया मस्क का समर्थन टेस्ला पर संकट बरकरार

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के गिरते शेयरों के बीच एलन मस्क की कंपनियों का समर्थन करते हुए कहा है कि उनका मस्क की कंपनियों को बर्बाद करने का कोई इरादा नहीं है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैं एलन और देश के सभी व्यवसायों को फलता-फूलता देखना चाहता हूं। यह बयान उस वक्त आया है जब दोनों के बीच बीते कुछ हफ्तों से जुबानी जंग तेज हो गई थी। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि सरकार मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स खत्म कर बजट में भारी बचत कर सकती है। इसके जवाब में मस्क ने ट्रंप पर तीखे हमले किए और यहां तक कहा कि ट्रंप के यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंध थे। इस राजनीतिक टकराव का असर टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी मस्क की कंपनियों पर पड़ता दिख रहा है। सरकार द्वारा मिलने वाले इलेक्ट्रिक वाहन टैक्स क्रेडिट जैसे 7,500 के नए और 4,000 के इस्तेमालशुदा ईवी टैक्स क्रेडिट 30 सितंबर से खत्म हो रहे हैं। इसके अलावा, व्हाइट हाउस ने डिफेंस डिपार्टमेंट और नासा को स्पेसएक्स के अरबों डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट्स की समीक्षा करने को कहा है, जिसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई माना जा रहा है।

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा 13.4 फीसदी गिरा, लागत बढ़ने से लाभ में कमी




नई दिल्ली (ईएमएस)। नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में 13.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 646.59 करोड़ का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले साल की इसी अवधि में कंपनी का लाभ 746.6 करोड़ था। हालांकि, इस दौरान कंपनी की उत्पाद बिक्री से आय 5.86 प्रतिशत बढ़कर 5,073.96 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष 4,792.97 करोड़ थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में घरेलू बिक्री 5.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,860.01 करोड़ रही, जबकि निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 213.95 करोड़ पर पहुंच गया। नेस्ले इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तिमाही में कच्चे माल की कीमतों में तेजी और विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के कारण परिचालन लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसका सीधा असर कंपनी के मुनाफे पर पड़ा। कंपनी का कुल व्यय 9.25 प्रतिशत बढ़कर 4,199.73 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3,844.52 करोड़ था।

# स्टॉक पोर्टफोलियो के लिए बेहतर हो सकता है एचडीएफसी बैंक

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के तीन सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने जून तिमाही के नतीजे जारी कर दिए है। आंकड़े आने के बाद एनालिस्ट्स ने नतीजों और गाइडेंस की पृष्ठभूमि में अपने पसंदीदा बैंकों का चयन किया है। हालांकि विशेषज्ञों को आईसीआईसीआई बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही का बेदाग रिपोर्ट कार्ड पसंद है। लेकिन उनका मानना है कि एचडीएफसी बैंक के पास लॉन्ग टर्म में एक मजबूत फ्रेंचाइजी के रूप में उभरने की संभावनाएं हैं। जबकि एक्सिस बैंक तिमाही के दौरान सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाला बैंक बनकर उभरा। इससे वह विशेषज्ञ के रडार से बाहर हो गया। निवेश के लिहाज से विशेषज्ञ को आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों की लंबी अवधि में वैल्यूएशन की सीमित गुंजाइश नजर आती है। ज्यादातर पॉजिटिव पॉइंट पहले ही कीमत में मौजूद हैं। उनका मानना है कि इस लिहाज से एचडीएफसी बैंक निवेशकों के लिए एक अवसर वाला दांव हो सकता है।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से वाहन उद्योग को बड़ा अवसरः सियाम

### प्रधानमंत्री और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में लंदन में हस्ताक्षर किए गए



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में लंदन में हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापारिक शुल्कों में कटौती होगी, जिससे विशेष रूप से वाहन उद्योग सहित कई घरेलू क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के एक अधिकारी ने कहा कि यह समझौता भारतीय वाहन उद्योग के लिए विकास के नए रास्ते खोलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग मिलकर काम करेंगे ताकि इस समझौते के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़े और तकनीकी उन्नति हो। उन्होंने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने वाला एक अहम कदम बताया। यह समझौता भारत को ब्रिटेन के बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी, रसायन जैसे कई क्षेत्रों में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा, जिससे लगभग 23 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यावसायिक अवसर सृजित होंगे। सियाम ने सरकार द्वारा व्यापार वार्ता में हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श की भी प्रशंसा की है। यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक भागीदारी को गहरा करेगा और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वाहन क्षेत्र के शुल्कों में राहत से उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा, जो भारतीय उद्योग के व्यापक हित में है।

# वित्त वर्ष 2025-26 में पांच बड़ी आईटी कंपनियों की रफ्तार रहेगी सीमित



नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के नतीजों के बाद देश की पांच सबसे बड़ी आईटी कंपनियों टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो और टेक महिंद्रा की परफॉर्मेंस देखकर विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल सेक्टर में हाई सिंगल डिजिट ग्रोथ की संभावना बेहद कम है। एक रिसर्च फर्म के मुताबिक वित्त वर्ष 26 में टेक सर्विसेज इंडस्ट्री की ग्रोथ 3-5 फीसदी के बीच रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले समय में इन कंपनियों की ग्रोथ मामूली रहेगी और किसी मजबूत रिकवरी की उम्मीद निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। इस सुस्ती के पीछे कई वजहें बताई जा रही हैं जैसे वैश्विक आर्थिक कमजोरी, अमेरिका की ट्रेड पॉलिसी में बदलाव और कई देशों में जारी भू-राजनीतिक तनाव, इन वजहों से डील बंद होने में देरी हो रही है और क्लाइंट खर्च में भी तेजी नहीं दिख रही। गौरतलब है कि पिछले दो वित्त वर्षों में इन शीर्ष पांच कंपनियों की रेवेन्यू ग्रोथ लगातार कमजोर रही है। देश की शीर्ष पांच आईटी कंपनियों ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में मिला-जुला प्रदर्शन दिखाया है। टीसीएस ने तिमाही दर तिमाही रेवेन्यू में गिरावट के बावजूद 9.4 अरब डॉलर का ऑर्डर बुक दर्ज किया। इंफोसिस ने भी 3.8 अरब डॉलर के बड़े सौदे हासिल किए, जबकि एचसीएलटेक के लिए कुल ऑर्डर वैल्यू 1.81 अरब डॉलर रही। इंफोसिस का प्रदर्शन सबसे बेहतर माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि कंपनी ने वित्त वर्ष 26 के लिए रेवेन्यू ग्रोथ गाइडेंस की निचली सीमा को बढ़ाया है।

# फिलिस्तीन को देश की मान्यता देगा फ्रांस इजरायल भड़का, हमास हुआ गदगद



वाशिंगटन, (ईएमएस)। फ्रांस फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस फैसले ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। गाजा में जारी युद्ध और वहां भूख से मरते लोगों की बढ़ती त्रासदी के बीच यह फैसला शांति के लिए उम्मीद की एक नई किरण भी माना जा रहा है। एक्स पर मैक्रों ने लिखा, गाजा में युद्ध का रुकना और आम नागरिकों की जान बचाना आज सबसे जरूरी है। फ्रांस अब फिलिस्तीन को एक राज्य के रूप में मान्यता देगा। शांति संभव है। इस आशय की घोषणा दुनिया के सबसे बड़े कूटनीतिक मंच, संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस सितंबर होने की संभावना है।इस मामले में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह फैसला आतंकवाद को इनाम देने जैसा है। एक फिलिस्तीनी राज्य, वर्तमान हालातों में, इजरायल के खिलाफ हमले की जमीन बन सकता है। वहीं हमास ने इस कदम का स्वागत किया। उसने कहा, 'हमारे उत्पीड़ित फिलिस्तीनी लोगों के लिए न्याय पाने और उनके आत्मनिर्णय के वैध अधिकार का समर्थन करने और उनके सभी कब्जे वाले क्षेत्रों पर एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना की दिशा में सकारात्मक कदम है।वहीं फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने मैक्रों के फैसले का स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास को गुरुवार को आधिकारिक पत्र सौंपा गया। पीएलओ के उपाध्यक्ष हुसैन अल शेख ने मैक्रों को धन्यवाद देते हुए कहा, यह फैसला अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति फ्रांस की प्रतिबद्धता और फिलिस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन है। यूरोप में बदल रहा माहौलः यूरोप की जमीन पर यह फैसला उस समय आया है जब गाजा में जारी युद्ध पर वैश्विक नाराजगी तेज हो रही है। फ्रांस और सऊदी अरब अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र में दो राष्ट्र समाधान पर एक अहम सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी शुक्रवार को जर्मनी और फ्रांस के नेताओं के साथ एक आपात बैठक का ऐलान किया है। उनका साफ कहना है, 'फिलिस्तीन की राज्य की मान्यता उसका जन्मसिद्ध अधिकार है।

### 140 से ज्यादा देश दे चुके हैं मान्यता

यह फैसला भले ही प्रतीकात्मक हो, लेकिन इसके मायने बहुत गहरे हैं। यूरोप के सबसे प्रभावशाली देशों में से एक फ्रांस का यह कदम इजरायल पर कूटनीतिक दबाव को और बढ़ाता है।

# हमास चीफ सिनवार की पत्नी गाजा से हुईं फरार, तुर्की पहुंच कर की शादी

### अपने नेताओं और परिवारों को गाजा से बाहर निकाल रहा हमास



हिब्रू,(ईएमएस)। पिछले साल गाजा में इजराइली हमले में मारे गए हमास नेता याह्या सिनवार की बेगम समर मुहम्मद अबू जमर फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर गाजा से फरार हो गईं हैं। वह अपने बच्चों को भी साथ ले गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक समर फिलहाल तुर्की में रह रही हैं और उन्होंने वहां शादी भी कर ली है। यह शादी सिनवार की मौत के कुछ महीनों बाद की थी। रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि हमास के ही एक वरिष्ठ अधिकारी ने गाजा से उनके फरार होने में मदद की की थी। हमास लगातार अपने नेताओं और उनके परिवारों को गाजा से बाहर निकालने में जुटा है।हमास के वरिष्ठ अधिकारी फाथी हमाद ने तुर्की में समर की शादी की व्यवस्था की थी। हमाद वह फर्जी पासपोर्ट, फर्जी मेडिकल रिकॉर्ड और अन्य देशों के दूतावासों की मदद लेकर हमास से जुड़े लोगों को गाजा से बाहर निकाल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 16 अक्टूबर 2024 को सिनवार की मौत से पहले ही उनकी पत्नी समर ने गाजा छोड़ दिया था। वह राफा बॉर्डर के जरिए मिस्र में दाखिल हुईं और फर्जी पासपोर्ट के जरिए वहां से तुर्की चली गईं।बता दें समर ने 2011 में याह्या सिनवार से निकाह किया था। वह सिनवार से उम्र में 18 साल छोटी थीं। सिनवार से उनके तीन बच्चे हैं। बता दें याह्या सिनवार हमास के प्रमुख नेता थे, जिन्हें सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। वह 2017 से गाजा में हमास के नेता थे और अगस्त 2024 से हमास के पॉलिटिकल ब्यूरो के अध्यक्ष भी थे। पिछले साल 16 अक्टूबर को इजराइली हमले में उन्हें मार गिराया गया था। इससे पहले छह अस्टूबर 2023 को इजराइली सेना आईडीएफ ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें याह्या सिनवार को समर और अपने बच्चों के साथ खान यूनिस की एक सुरंग में भागते देखा गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कोई बात नहीं, बीच-बीच में अंग्रेजी के शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं : पीएम मोदी

#### जब हिंदी में ट्रांसलेट करते समय अटक गईं ट्रांसलेटर तो पीएम मोदी ने दिया हौंसला

लंदन,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में गुरुवार को दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ। इसे लेकर भारत-ब्रिटेन के बीच तीन साल से बातचीत जारी थी। समझौते के बाद एक वाक्या पेश आया। जब दोनों नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तब ट्रांसलेटर स्टार्मर की बातों को हिंदी में ट्रांसलेट करते वक्त अटक गईं। उनकी परेशानी देखकर पीएम मोदी ने तुरंत कहा- कोई बात नहीं...बीच-बीच में अंग्रेजी के शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं। चिंता मत कीजिए।इसके बाद ट्रांसलेटर ने उन्हें धन्यवाद दिया और माफी मांगी। इस पर दोनों नेता मुस्कुराए। पीएम मोदी ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं, जबकि स्टार्मर ने हंसते हुए कहा- मुझे लगता है हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम से कहा कि ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के लोग हमारे संबंधों में एक लिविंग ब्रिज का काम करते हैं। मोदी ने स्टार्मर को भारत आने का न्योता दिया। इसके साथ ही उन्होंने ब्रिटिश पीएम से कहा कि जो लोग लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लोकतांत्रिक आजादी का गलत इस्तेमाल करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### थाईलैंड-कंबोडिया जंग के चलते एक लाख थाई नागरिक घर छोड़ने को मजबूर

बैंकॉक,(ईएमएस)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जंग जारी है। शुक्रवार सुबह दोनों देशों के सैनिकों ने बॉर्डर पर फायरिंग की है। थाई सरकार ने कहा कि एक लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं। अब तक थाईलैंड के 16 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 1 सैनिक और 15 आम लोग हैं। 46 लोग घायल हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक कंबोडिया की तरफ से मृतकों या घायलों की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। विवाद की वजह 900 साल पुराना मंदिर है। जब थाई सेना के मुताबिक कंबोडियाई सैनिकों ने थाई सैन्य ठिकानों के ऊपर ड्रोन उड़ाए। थाई सेना का कहना है कि उसने बातचीत के जरिए तनाव कम करने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो सुबह 8:20 बजे गोलीबारी शुरू हो गई। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद का इतिहास 118 साल पुराना है, जो प्रीह विहियर मंदिर और आसपास के क्षेत्रों को लेकर है।बता दें जब कंबोडिया फ्रांस के अधीन था तभी 1907 में दोनों देशों के बीच 817 किमी की लंबी सीमा खींची गई थी। थाईलैंड ने हमेशा इसका विरोध किया, क्योंकि नक्शे में प्रीह विहियर मंदिर कंबोडिया के हिस्से में दिखाया गया था। इस पर दोनों देशों में विवाद चलता रहा। 1959 में कंबोडिया यह मामला अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले गया और 1962 में अदालत ने फैसला दिया कि मंदिर कंबोडिया का है। थाईलैंड ने इसे स्वीकार किया, लेकिन आसपास की जमीन को लेकर विवाद अब भी जारी है।

### फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण 25 लोगों की मौत

लंदन (ईएमएस)। फिलीपीन में खराब मौसम के कारण अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है और बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकाला जारी है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में उष्टकटिबंधीय तूफान से मौसम की स्थिति और बिगड़ गई है।तूफान 'को-मे' ने पंगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में दस्तक दी और इस दौरान 165 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उत्तरपूर्व की ओर बढ़ रहा यह तूफान अब कमजोर हो रहा है और शुक्रवार सुबह इसके प्रभाव से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों को गत सप्ताहांत से अब तक 25 लोगों की मौत की खबरें मिली हैं, जिसमें से ज्यादातर लोगों की मौत अचानक बाढ़ आने, पेड़ उखड़ने, भूस्खलन और करंट लगने के कारण हुई है। आठ अन्य लोग लापता हैं। 'को-मे' से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### भारतीयों को नौकरी देने वाली कंपनियों को धमकाने पर उतरे डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां दुनियाभर के देशों को टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं वहीं वे भारतीय युवाओं को नौकरी देने वाली कंपनियों को भी धमकाने लगे हैं। हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम में साफ शब्दों में चेताते हुए कहा कि, हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है। इन सभी के बीच उन्होंने अपने ही देश में अपने साथी नागरिकों को बरगलाने और यहां तक कि उन पर 'सेंसरशिप'(नियंत्रित करने) लगाने का काम किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में, वे दिन अब लद गए हैं।ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के दिन अब लद चुके हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने एआई से जुड़े तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग कट्टरपंथी वैश्वीकरण का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ठगा महसूस करते रहे।ट्रंप ने इस मौके पर एआई से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें व्हाइट हाउस कार्ययोजना भी शामिल है, जो अमेरिकी एआई प्रौद्योगिकी 'पैकेज'के निर्यात को बढ़ावा देकर अमेरिकी एआई उद्योग को समर्थन देने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास स्थापित करता है। ट्रंप ने कहा, एआई की दौड़ जीतने के लिए सिलिकॉन वैली और उससे भी आगे तक देशभक्ति और राष्ट्रीय निष्ठा की एक नई भावना की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, हमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की जरूरत है जो अमेरिका के लिए पूरी तरह से समर्पित हों। हम चाहते हैं कि आप अमेरिका को प्राथमिकता दें। आपको ऐसा करना ही होगा।

# पोल खुली और शिकायतें बढ़ने के बाद अब यूनुस से छिन सकता है नोबेल पुरस्कार



ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश के मुखिया मोहम्मद यूनुस का नोबेल वाला ताज अब खतरे में है। वजह ये है कि उनकी पोल पूरी दुनिया के सामने खुल गई है। शिकायतों पर शिकायतें हो रही हैं। लोग प्रमाण के साथ बात कर रहे हैं यहां तक कुछ लोगों ने नोबेल पुरस्कार वापस लेने की भी मांग की है। नोबेल शांति पुरस्कार देने वाली कमेटी से मोहम्मद यूनुस की शिकायत की गई है। जी हां, निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तसलीमा नसरीन ने नोबेल समिति से बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार देने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस ने दक्षिण एशियाई देश में अशांति फैलाकर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है।नसरीन ने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से भयानक संकट में धकेल रहे हैं। उनके दिल में नफरत और प्रतिशोध है। उनका व्यवहार असभ्य, बर्बर और क्रूर है। वह विपक्षी लोगों को मारना चाहते हैं। उनका शांति स्थापित करने का कोई इरादा नहीं है। इन नौ महीनों में देश में एक भी दिन शांति नहीं रही और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। कृपया उनका नोबेल पुरस्कार वापस लेकर शांति के पक्ष में एक उदाहरण स्थापित करें।तसलीमा नसरीन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'यूनुस ने नोबेल पुरस्कार की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। एक ऐसा व्यक्ति जिसे अशांति फैलाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। अब से कोई भी शांति पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं पर विश्वास नहीं करेगा। इसके बजाय लोग सोचेंगे कि क्या वह व्यक्ति वास्तव में बुरा है। नोबेल समिति को इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इससे पहले 1 मई 2025 को बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने मोहम्मद यूनुस की सरकार को निशाना बनाया था। उन्होंने यूनुस के नोबेल शांति पुरस्कार को वापस लेने की अपील की थी। उन्होंने मुहम्मद यूनुस पर सत्ता का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। नसरीन ने पहले एक्स पर पोस्ट किया था कि उन्होंने नॉर्वेजियन नोबेल समिति को एक पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने लिखा, मुझे पता है कि एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाता है, तो उसे वापस नहीं लिया जा सकता, लेकिन कृपया विचार करें कि क्या यह असाधारण परिस्थितियों में संभव है? आपने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार दिया, लेकिन उन्होंने शांति के लिए एक भी काम नहीं किया।नसरीन ने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस ने ग्रामीण बैंक में काम करते हुए टैक्स से बचने की कोशिश की और बैंक के विदेशी फंड का उपयोग अपने व्यवसाय शुरू करने के लिए किया। उन्होंने कहा, 'जब महिलाएं जिन्होंने माइक्रो लोन लिया था, ब्याज के साथ राशि वापस नहीं कर सकीं, तो ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों ने उनके घरों को ध्वस्त कर दिया। ऐसे व्यक्ति को शांति का प्रतीक कैसे माना जा सकता है?' तसलीमा नसरीन ने मोहम्मद यूनुस को 1971 में पराजित पाकिस्तानी सेना का एजेंट भी कहा। उन्होंने कहा कि यूनुस ने जिहादी आतंकवादियों के साथ मिलकर बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, 'पिछले नौ महीनों में विपक्षी नेताओं और अल्पसंख्यक हिंदुओं को उनके आदेश पर मार दिया गया है। उनके घरों को जलाया और नष्ट कर दिया गया है। कई लोगों को गलत तरीके से जेल में डाल दिया गया है।'उन्होंने आगे कहा, 'यूनुस पड़ोसी भारत के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। बांग्लादेश के पास भारत के खिलाफ युद्ध करने की कोई क्षमता नहीं है, फिर भी अपने भ्रम में वह देश के लाखों लोगों को मौत की ओर धकेल रहे हैं। जिहादी आतंकवादियों के हमलों के कारण उद्योग बंद हो गए हैं, आर्थिक स्थिति भयानक होने वाली है, लेकिन यूनुस चिंतित नहीं हैं। उनका बांग्लादेश में चुनाव कराने का कोई इरादा नहीं है। उनके साथी (पाकिस्तान) देश को लूटने में व्यस्त हैं।'

### चीनी नागरिकों की सुरक्षा करने में पाकिस्तान फेल, चीन ने मुनीर को लिया आड़े हाथ

बीजिंग,(ईएमएस)। कहने को चीन पाकिस्तान का खास दोस्त और हमदर्द है। अब चीन ने पाकिस्तान को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इसकी वजह है पाकिस्तान में कार्यरत चीनी नागरिकों की सुरक्षा तय करने में मुनीर फेल रहे हैं। यह मुद्दा तब और गंभीर हो गया, जब मुनीर की चीन यात्रा के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने उन्हें इस असफलता के लिए आड़े हाथों लिया। यह घटना न केवल दोनों देशों के बीच तनाव को उजागर किया है, बल्कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे यानी सीपीईसी जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स की सुरक्षा और भविष्य पर भी सवाल उठाती है।हाल के वर्षों में बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा जैसे इलाकों में चीनी इंजीनियरों और श्रमिकों को निशाना बनाया गया है। 2021 में दासू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर हुए आत्मघाती हमले में नौ चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। 2023 में करांची में एक काफिले पर हुए हमले में चीनी नागरिकों को निशाना बनाया। इन हमलों के पीछे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे विद्रोही समूहों का हाथ रहा है, जो सीपीईसी परियोजनाओं को स्थानीय संसाधनों के शोषण के रूप में देखते हैं।

## सेना प्रमुख मुनीर से पंगाः इमरान खान को जेल में गंदे पानी से नहाने को किया जा रहा मजबूर



लाहौर,(ईएमएस)। पाकिस्तान सेना के जनरल असीम मुनीर से पंगा लेने के बाद पूर्व पीएम इमरान खान बुरी तरह फंसे हैं। कई मामलों में दोषी करार दिए जा चुके इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उनका कहना है कि वह देश के इतिहास में 'सबसे कठोर कारावास की सजा' काट रहे हैं। यहां तक की नहाने के लिए गंदा पानी दिया जा रहा है।पूर्व प्रधानमंत्री के 'एक्स' हैंडल से जारी एक पोस्ट में उनके हवाले से कहा गया है, मैं केवल संविधान की सर्वोच्चता और अपने देश की सेवा के लिए देश के इतिहास में सबसे कठोर कारावास की सजा काट रहा हूं। उन्होंने आरोप लगाया, 'उत्पीड़न और तानाशाही का स्तर इतना ज्यादा है कि मेरे पास नहाने के लिए जो पानी है, वह भी गंदा और दूषित है, जो किसी भी इंसान के लिए इस्तेमाल के लायक नहीं है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान ने दावा किया कि उनके परिवार की ओर से भेजी गई किताबें महीनों से रोककर रखी गई हैं और टेलीविजन तथा अखबार तक उनकी पहुंच भी समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा, 'मैं वही पुरानी किताबें बार-बार पढ़कर अपना समय काट रहा था, लेकिन अब उन तक पहुंच भी बाधित कर दी गई है।' इमरान ने दावा किया कि पाकिस्तान के इतिहास में किसी भी नेता को इस तरह के व्यवहार का सामना नहीं करना पड़ा, जैसा कि वह वर्तमान में अनुभव कर रहे हैं।उन्होंने अपने साथ किए जा रहे कथित व्यवहार की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से की, जिन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में संलिप्त होने के बावजूद कारावास के दौरान 'हर संभव सुविधा प्रदान की गई थी।' इमरान ने कहा कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी, जो 'निर्दोष' हैं और राजनीति का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें भी जेल में 'अमानवीय परिस्थितियों' का सामना करना पड़ रहा है। इमरान ने आरोप लगाया कि उनके सभी बुनियादी मानवाधिकारों का हनन किया गया है और यहां तक कि उन्हें कानून एवं जेल नियमावली के तहत सामान्य कैदियों को मिलने वाली न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं।

## युद्धविराम वार्ता के लिए कतर गई टीम को इजरायल ने दोहा से वापस बुला लिया



यरुशलम,(ईएमएस)। इजरायल ने गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर कतर की राजधानी दोहा में चल रही वार्ता के लिए अपनी टीम को वापस बुलाने का फैसला लिया है। हालांकि इजरायल ने कतर, मिस्र और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के प्रयासों की सराहना की, जो इस वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। इजरायल के मीडिया ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि वार्ता पूरी तरह से विफल नहीं हुई है। यह एक समन्वित कदम है, और इजरायल की टीम महत्वपूर्ण फैसलों के लिए परामर्श के लिए वापस लौटी है।सूत्र ने कहा कि वार्ता का माहौल अभी भी सकारात्मक है। वहीं इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि यह फैसला हमास की ओर से मध्यस्थों के प्रस्ताव पर दी गई प्रतिक्रिया के बाद लिया गया। हमास ने गुरुवार को 60 दिन के युद्धविराम और इजरायली बंधकों के साथ-साथ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी।हमास ने मध्यस्थों के प्रस्ताव में बदलाव की मांग की है। हमास ने 200 फिलिस्तीनी उग्रवादियों और 7 अक्टूबर, 2023 के बाद से हिरासत में लिए गए 2,000 गाजा के नागरिकों की रिहाई की मांग की है। यह संख्या उस प्रस्ताव से कहीं अधिक है जिसे इजरायल ने स्वीकार किया था। इजरायल ने लगभग 120 उग्रवादियों और 1,200 नागरिकों की रिहाई पर सहमति जताई थी। इसके अलावा, चैनल 12 ने बताया कि हमास ने 10 जीवित बंधकों के बदले 200 ऐसे फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई मांगी है जो इजरायलियों की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी 50 बंधक हैं, जिनमें से 20 को बंधक बनाकर रखा गया है। दूसरी ओर, फिलिस्तीनी और इजरायली मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इजरायली जेलों में 10,800 से अधिक फिलिस्तीनी कैद हैं, जिन्हें यातना, भुखमरी और चिकित्सा उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से कई की मौत भी हो चुकी है। अक्टूबर 2023 से शुरू हुए गाजा युद्ध में इजरायल ने 59,500 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ जंग में दोहरे मापदंडों को कतई स्वीकार नहीं करेंगे भारत और ब्रिटेन

लंदन,(ईएमएस)। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई 'शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति से अब तक पूरी दुनिया भली-भांति वाकिफ हो चुकी है। पाकिस्तान के समर्थन से किए गए इस हमले में आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी था। मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए इसकी गूंज गुरुवार को लंदन में हुई भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक में भी जोरदार अंदाज में सुनाई दी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में भी इसका उल्लेख किया। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और उनकी सरकार का पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए आभार जताया। साथ की कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को कोई स्थान न देने और चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग न करने देने को लेकर भी एकमत हैं। जो लोग लोकतंत्र द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए यानी उनकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। जानकारों की राय में भारत-ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों की यह टिप्पणी खासतौर पर चीन और पाकिस्तान के लिए जरूरी संदेश था। जिसमें शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों का नाम लिए बगैर स्पष्ट रूप से अपनी मत रखा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले दस वर्षों में हमारी व्यापक सामरिक भागीदारी को और अधिक गति और ऊर्जा प्रदान करने के लिए विजन 2035 जारी किया जा रहा है। जिसके बाद तकनीक, रक्षा, जलवायु, शिक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में एक मजबूत, भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी साझेदारी का रोडमैप बनेगा। रक्षा और सुरक्षा में साझेदारी के लिए रक्षा औद्योगिक रोडमैप बनाया गया है। दोनों देशों के तकनीक सुरक्षा कदम को और मजबूत करने पर काम किया जाएगा। कृत्रिम मेधा से जटिल खनिजों तक सेमीकंडक्टर से साइबर सुरक्षा तक प्रतिबद्धता के साथ दोनों देश नए भविष्य का निर्माण करेंगे। पीएम के मुताबिक, शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देश मिलकर एक नया अध्याय लिख रहे हैं। ब्रिटेन के 6 विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोल रहे हैं। बीते सप्ताह ही गुरुग्राम में साउथ हैम्पटन विश्वविद्यालय के कैंपस का उद्घाटन हुआ है। ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीय हमारे संबंधों में एक जीवंत पुल का काम करते हैं। ये भारत से केवल करी ही नहीं लेकर आते हैं। बल्कि अपने साथ रचनात्मकता, प्रतिबद्धता और चरित्र भी लाते हैं।प्रधानमंत्री ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर प्रसन्नता जताई और कहा कि इसी के साथ ही दोहरी कराधान संधि (डीसीसी) पर भी सहमति बनी है। जिससे दोनों देशों के सेवा क्षेत्र खासकर तकनीक और वित्त को नई ऊर्जा मिलेगा। व्यापार करने में आसानी होगी, बिजनेस की लागत घटेगी और व्यापार करने में आत्मविश्वास बढ़ेगा। डीसीसी से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को भारत की कौशलयुक्त प्रतिभा मिलेगी। उन्होंने सीईटीए को महज एक आर्थिक साझेदारी नहीं बल्कि साझा समृद्धि की योजना बताते हुए कहा कि इससे एक ओर भारतीय कपड़ा, फुटवियर, रत्न और आभूषण, समुद्री उत्पाद और इंजीनियरिंग से जुड़े उत्पादों की ब्रिटेन के बाजार में पहुंच बढ़ेगी। वहीं, भारत के कृषि उत्पादों, प्रसंस्कृत उद्योग के लिए ब्रिटेन के बाजारों में नए अवसर बनेंगे। देश के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए ये समझौता विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। दोनों समझौतों से निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए मौके उत्पन्न होंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भारतीय टीम वापसी के लिए आक्रामक क्रिकेट खेले : वॉन

मैनचेस्टर (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है भारतीय टीम को इस सीरीज में वापसी के लिए विराट कोहली की तरह का आक्रामक क्रिकेट खेलना होगा। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम को तीसरे दिन के खेल पर सबसे ज्यादा धयान देना होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 358 रन बनाये हैं। वॉन के अनुसार अगर भारतीय टीम तीसरे दिन के खेल पर नियंत्रण बनाने में सफल रही तो उसे जीत मिल सकती है। साथ ही कहा कि कप्तान शुभमन गिल और टीम के लिए ये दिन अभी या कभी नहीं वाला साबित हो सकता है। उसके पास आक्रामक खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।वॉन ने कहा कि, तीसरे दिन ही सीरीज का फैसला तय होगा। अगर इंग्लैंड का तीसरा दिन अच्छा रहा तो वह सीरीज जीत जाएगी। इसलिए भारतीय कप्तान को विराट कोहली वाली आक्रामक मानसिकता के साथ उतरना होगा। वहीं अगर भारतीय टीम टीम सफल रही तो वह सीरीज में बनी रहेगी। भारतीय गेंदबाज हालांकि अब तक इस मैच प्रभावी साबित नहीं हुए हैं क्योंकि वह विरोधी टीम पर दबाव नहीं बना पाये। इस मैच से डेब्यू करने वाले अंशुल कंबोज भी कुछ खास नहीं दिखे। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज भी प्रभावित नहीं कर पाये। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में भी 1-2 से पीछे है।

### स्टोक्स ने सोबर्स, बॉथम और कैलिस के क्लब में जगह बनायी

मैनचेस्टर (ईएमएस)। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय टीम के खिलाफ यहां चौथे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। ऑलराउंडर स्टोक्स ने इस मैच में 72 रन देकर 5 विकेट लिए। इसी के साथ ही स्टोक्स अब टेस्ट क्रिकेट में 10 शतक और पांच बार पारी में 5 विकेट लेने वाले चौथे क्रिकेटर बने हैं। स्टोक्स के नाम टेस्ट क्रिकेट में 13 शतक हैं। इससे अंदाजा होता है कि उनकी बल्लेबाजी भी काफी अच्छा है। टेस्ट में पांचवी बार पारी में 5 विकेट लेने से पता चलता है कि स्टोक्स गेंद और बल्ले दोनो से ही प्रभावित कर सकते हैं। इससे वह वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी गैरी सोबर्स, इंग्लैंड के इयान बॉथम और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस के क्लब में शामिल हो गये हैं।गौरतलब है कि एक पारी में पांच से अधिक बार 5 विकेट लेने और 10 से अधिक शतक बनाने वाले ऑलराउंडरों की सूची में सोबर्स पहले नंबर पर हैं। सोबर्स ने अपने शानदार टेस्ट करियर के दौरान 26 शतक और 6 बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। वहीं बॉथम ने 14 टेस्ट शतक और 27 बार पारी में पांच विकेट लिए है जबकि कालिस ने 45 टेस्ट शतक और 5 बार पारी में पांच विकेट लिए ।

### कुलदीप की उपेक्षा पर अश्विन हैरान

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा पर हैरानी जतायी है। अश्विन ने कह कि चौथे टेस्ट के लिए टीम में तीन बदलाव हुए पर इसके बाद भी कलाई के स्पिनर कुलदीप को टीम में जगह नहीं मिल पायी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि तीन स्पिनरों को शामिल करना अजीब लगता पर ये भी सही है कि रविन्द्र जडेजा अब आपके लिए एक स्पिनर ही नहीं विशेषज्ञ बल्लेबाज भी हैं। वाशिंगटन सुंदर भी स्पिनर होने के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। जब आपके गेंदबाज इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, तो आप एक आक्रामक गेंदबाज को अवसर क्यों नहीं दे रहे यही मुझे समझ नहीं आ रहा है ।अश्विन के अनुसार पहली पारी में हमारे गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आसानी से रन बनाये। जैक क्रॉली और बेन डकेट ने 166 रनों की ओपनिंग साझेदारी की हालांकि जडेजा ने क्रॉली को 84 रन पर आउट कर दिया। नये गेंदबाज अंशुल कंबोज ने डकेट को 94 रन पर आउट करके अपना पहला टेस्ट विकेट लिया पर यह पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज भी विकेट नहीं ले पाये। इन हालातों में अगर कुलदीप होते तो मेजबान बल्लेबाजों के लिए रन बनाने कठिन हो जाते।

### डॉसन की वापसी से हुआ लाभ : वॉन

मैनचेस्टर (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को शामिल करने से टीम को एक ऑलराउंडर मिला है जिससे टीम को फायदा है। शोएब बशीर के फिट नहीं होने के कारण आठ साल के बाद डॉसन की वापसी हुई है। डॉसन ने यशस्वी जायसवाल का विकेट लेकर अपनी वापसी को सही साबित किया है। वॉन ने कहा, 'वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद करता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में भी लाभ होगा। डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी वापसी का दावा किया था।

### ऋषभ के चोटिल पैर को निशाना बनाने वाले स्टोक्स पर भड़के लोग

मैनचेस्टर (ईएमएस)। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन पैर की अंगुली में फ्रैक्चर के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरे। उनके इस जज्बे की जहां लोगों ने प्रशंसा की और उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की कड़ी आलोचना की है। स्टोक्स इस मैच में जानबूझकर ऋषभ के चोटिल पैर पर यॉर्कर गेंदें कर रहे थे। वहीं जब ऋषभ ने एक रन लिया तब भी स्टोक्स ने बहुत ही ध्यान से उनके पैर के उस पंजे को देखा जिसमें फ्रैक्चर हुआ था। उन्होंने टूटी उंगली को लक्ष्य कर लगातार यॉर्कर गेंदें फेंकीं। ऋषभ तब भी बिना डरे जमे रहे और उन्होंने एक पैर से खेलते हुए आक्रामक शॉट लगाये। जोफ्रा आर्चर ने भी उनके पैर पर ही निशाना साधार पर इस बल्लेबाजी ने शानदार छक्का लगा दिया।इस प्रकार किसी बल्लेबाज के चोटिल पैर को ही गेंद से टारगेट करने की स्टोक्स की रणनीति की सोशल मीडिया में जमकर आलोचना हुई है। लोगों ने कहा कि खेल है, खेल ही रहने दो। क्या आउट करने के लिए फ्रैक्चर पर ही टारगेट करना जरूरी था? यह आउट करने की रणनीति थी या विरोधी को जानबूझकर और ज्यादा चोटिल करने की बेहद शर्मनाक कोशिश? साथ ही कहा कि स्टोक्स ने क्रिकेट भावना, खेल भावना, जेंटलमेन गेम जैसे बातों का अपमान किया है। अभी दो दिन पहले ही पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा था कि इंग्लैंड सहित कुछ टीमें खेल भावना शब्द का इस्तेमाल अपनी सुविधा के अनुसार करती हैं। मैनचेस्टर टेस्ट में भारत ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए हैं। फ्रैक्चर होने के बावजूद ऋषभ ने दूसरे दिन बल्लेबाजी की और 54 रन बनाकर आउट हुए।

### टी20 में 150 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने ईश सोढ़ी

हरारे (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के स्पिनर ईश सोढ़ी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ में में चार विकेट लेने के साथ ही टी20 में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए। सोढ़ी टिम साउथी और राशिद खान के बाद टी20 प्रारुप में ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह तीसरे और न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज हैं। ईश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में केवल 4 ओवर में ही 12 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके इस शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की टीम ने 60 रनों से मैच जीत लिया।गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड टिम साउथी के नाम है। साउथी ने 126 मैचों में 164 विकेट लिए हैं। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान हैं। इस कलाई स्पिनर ने केवल 96 मैचों में 161 विकेट लिए हैं।

### ओवल टेस्ट के लिए जगदीशन को मिल सकती है भारतीय टीम में जगह

मैनचेस्टर (ईएमएस)। ऋषभ पंत के मैनचेस्टर टेस्ट में चोटिल होकर बाहर होने के कारण विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ के बाहर होने के बाद ध्रुव जुरैल को विकेटकीपर की जिम्मेदारी मिली है पर उनके कवर के तौर पर जगदीशन को रखा जा सकता है। जगदीशन ओवल में होने वाले पांचवे टेस्ट में टीम के साथ जुड़ सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीआई जल्द ही जगदीशन को टेस्ट टीम में शामिल करने की घोषणा कर सकता है। जगदीशन को अवसर इसलिए मिल रहा है क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी फिट नहीं हैं।

# अभिमन्यु ईश्वरन के टेस्ट डेब्यू का इंतजार समाप्त नहीं हो रहा, सामने ही 15 खिलाड़ियों को मिला है मौका

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम में पिछले चार साल में तीन कप्तान ही नहीं बल्कि कोच भी बदले हैं पर नहीं बदली है तो बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन की किस्मत। अभिमन्यु के सामने ही 15 खिलाड़ी डेब्यू कर चुके हैं पर उसे अवसर नहीं मिला। वहीं इंग्लैंड दौरे की बात ले लें बैकअप गेंदबाज के तौर पर शामिल अंशुल कंबोज को आते ही खेलने का अवसर मिल गया। 17 खिलाड़ियों के भारतीय स्क्वॉड में अब 16 खिलाड़ी डेब्यू कर चुके हैं, वहीं अभिमन्यु का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा।साल 2022 में पहली बार भारतीय दल में शामिल हुए अभिमन्यु को अभी तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है जबकि इंग्लैंड दौरे में वह भारत ए टीम के कप्तान भी रहे हैं। वहीं अभिमन्यु के सामने ही इस दौरान 15 खिलाड़ी डेब्यू कर चुके हैं। ये भी नहीं है कि ईश्वरन का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। रिकॉर्ड और परफॉर्मेंस बेहतर होने के कारण ही उन्हें लगातार टीम में जगह मिलती




रही है। इस क्रिकेटर के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 100 से भी अधिक मैच हैं जिसमें उन्होंने 48.7 की औसत के साथ 7841 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 27 शतक शामिल हैं।साल 2022 में अभिमन्यु को भारतीय दल में जगह मिली थी, मगर उससे पहले 2021 में उन्हें घर पर हुई इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के 5 खिलाड़ियों के स्टैंडबाय में रखा गया था। वहीं वह न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल के स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। इस खिलाड़ी के सामने ही कप्तान ही नहीं मुख्य कोच कोच भी बदले हैं पर उसे अवसर नहीं मिल पाया है। इंग्लैंड दौरे के पहले टेस्ट में उम्मीद लगाई जा रही थी कि अभिमन्यु ईश्वरन को मौका मिल सकता है पर साई सुदर्शन को मौका दिया। वहीं 8 साल बाद वापसी कर रहे करुण नायर को भी टीम में जगह मिल गयी। अभिमन्यु के सामने इस खिलाड़ियों ने किय है डेब्यू।केएस भरत और सूर्यकुमार यादव ने 2023 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के लिए अपना टेस्ट डेब्यू किया, जो नागपुर के वीसीए स्टेडियम (फरवरी 2023) में खेला गया था। यशस्वी जायसवाल और ईशान किशन ने 12 जुलाई, 2023 को रोसेउ में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला और मुकेश कुमार 20 जुलाई, 2023 को पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय टेस्ट क्रिकेटर बने।कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 26 दिसंबर, 2023 को सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए अपना पहला टेस्ट खेला और रजत पाटीदार ने 2 फरवरी, 2024 को विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना पहला टेस्ट खेला।सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने 15 फरवरी, 2024 को राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया और तेज गेंदबाज आकाश दीप 23 फरवरी, 2024 को रांची में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेटर बने। बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने भी 7 मार्च, 2024 को धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना पहला टेस्ट खेला।नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा ने 22 नवंबर, 2024 को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

### लिवरपूल ने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके को साइन किया

लंदन (ईएमएस)। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे।लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विट्र्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया।

# सचिन सहित दिग्गजों ने ऋषभ के साहसिक जज्बे को सलाम किया

मुम्बई (ईएमएस)। सचिन तेंदुलकर सहित कई दिग्गज क्रिकेटरों ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरने पर उनके जज्बे को सलाम किया है। ऋषभ जब बल्लेबाजी के लिए उतरे तो टीम मुश्किल हालातों में थी पर उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेलकर उससे 358 रनों के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।पहली पारी में जब वह पहले दिन बल्लेबाजी कर रहे थे तो उनके पैर पर एक तेज गेंद लगी थी। क्रिस वोक्स की ये गेंद सीधे ही उनके पैर के अंगूठे पर लगी जिससे उसमें फ्रैक्चर हो गया। मैदान से उनको एम्बुलेंस में बिठाकर ले जाना पड़ा और डॉक्टरों ने उनको करीब छह सप्ताह तक खेल से दूर रहने को कहा पर इसके बाद भी वह दूसरे दिन पेन किलर लेकर बल्लेबाजी के




लिए उतरे। उन्होंने लंगड़ाते मेजबान इंग्लैंड टीम के गेंदबाजों का पूरे साहस से सामना किया।तेंदुलकर ने इस साहसिक पारी को देखकर कहा, "मजबूती का मतलब है दर्द के बावजूद खेलना और उससे ऊपर उठना। ऋषभ ने चोट के साथ वापस मैदान में आकर और ऐसा प्रदर्शन करके जबरदस्त कैरेक्टर दिखाया है। उनका अर्धशतक इस बात का उदाहरण है कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए कितनी हिम्मत और दृढ़ संकल्प की जरूरत होती है। यह एक बहादुरी भरा प्रयास था, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। बहुत अच्छा खेला, ऋषभ," वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा, "उन्होंने अपने घायल पैर को जूते में डाल लिया है और धीरे-धीरे मैदान की ओर बढ़ रहे हैं। यह देखना वाकई अद्भुत है।"

# डब्लयूडब्ल्यूई के स्टार रेसलर हल्क का दिल का दौरा पड़ने से निधन

नई दिल्ली (ईएमएस)। डब्लयूडब्ल्यूई के स्टार रेसलर रहे हल्क होगन का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 71 साल के थे। प्राप्त जानकारी के अनसार दौरा पड़ने के बाद हल्क के घर पर डॉक्टर भी पहुंचे थे पर हालात गंभीर होने के कारण उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया पर उनकी जान नहीं बच पायी।कुछ ही सप्ताह पहले हल्क होगन की पत्नी ने उन अफवाहों को गलत बताया था कि वह बेहोश हैं। हल्क की पत्नी ने कहा था कि उनका दिल मजबूत है और वह सर्जरी से उबर रहे हैं। वह वो 80 के दशक में प्रशंसकों के लिए एक रियल लाइफ सुपरहीरो जैसे थे। दमदार शरीर, पीला-लाल रंग का कॉस्ट्यूम और उनका स्लोगन उनकी खास पहचान थी. हल्क होगन ने अपने साहस और जुनून के चलते ही हल्कमैनिया का निर्माण किया। शुरुआती दिनों में वह विंस मैकमैहन




की राष्ट्रीय विस्तार योजना का चेहरा बने थे। रेसलमेनिया 3 में आंद्रे द जाइंट के खिलाफ उनका मैच आज भी ऐतिहासिक माना जाता है।हल्क कई बार डब्लयूडब्ल्यूई चैम्पियन रहे। शुरुआती आठ रेसलमेनिया में से सात के आयोजन में हल्क ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान प्रशंसकों की नजरें उनपर ही रहती थीं। उनकी अपार लोकप्रियता ने पेशेवर कुश्ती को अमेरिकी मनोरंजन में मुख्यधारा में ला दिया।साल 1996 में विश्व चैम्पियनशिप रेसलिंग में वापसी करके हल्कने दुनिया को हैरान कर दिया था। हल्क इस बार पुराने लाल-पीले रंग के कॉस्ट्यूम की जगह पर काले-सफेद गियर में सामने आए। उनका ये अवतार आज भी रेसलिंग के सबसे चर्चित चेप्टर्स में से एक माना जाता है। पेशेवर कुश्ती पर हल्क होगन का प्रभाव किस कदर रहा है उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें डब्लयूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम में दो बार शामिल किया गया था।

# यश पर अब एक नाबालिग ने लगाया बलात्कार का आरोप

मुम्बई (ईएमएस)। क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले ही यौन शोषण मामले में फंसे यश पर अब जयपुर में एक नाबालिग ने रेप का आरोप लगाया है। आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेटर यश पर इससे पहले गाजियाबाद में एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया था। इस मामले में वह कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं हालांकि वह अभी तक गिरफ्तारी से बचे हुए हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में गाजियाबाद मामले में यश की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी पर अब जयपुर में उनके खिलाफ जो मामला दायर हुआ है उससे उनका करियर भी खतरे में




आ गया है। उनपर 17 साल की नाबालिग लड़की ने बलात्कार का आरोप लगाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यश के खिलाफ सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में नाबालिग पीड़िता द्वारा बलात्कार के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया है कि यश ने पेशेवर क्रिकेट में बेहतर भविष्य का वादा करते हुए उसका दो साल तक शोषित किया।रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता क्रिकेट के जरिये ही यश के संपर्क में आयी थी। ऐसे में यश ने उसे बेहतर क्रिकेट करियर बनाने का झांसा देते हुए दो साल तक बलात्कार किया। रिपोर्ट में आईपीएल 2025 का भी जिक्र करते हुए कहा गया है कि यश दयाल ने जयपुर में हुए मैच के दौरान पीड़िता को एक होटल में बुलाया और उसका शोषण किया। लंबे समय तक चुप्पी, भावनात्मक ब्लैकमेल और शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के बाद पीड़िता ने अंत में उसके खिलाफ आधिकारिक तौर पर शिकायत दर्ज कराई है।.जयपुर पुलिस ने आगे बताया कि जब बलात्कार की पहली घटना तब हुई थी जब पीड़िता 17 साल की नाबालिग थी, इसलिए यश के खिलाफ पास्को अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें दोषी पाये जाने पर यश को लंबे समय की सजा होना तय है।

### मुझे भी लगी भी ऋषभ जैसी चोट : पोंटिंग

लंदन (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की चोट को लेकर कहा है कि वह भी ऐसी मेटास्टार्सल इंजरी का शिकार हुए थे, इसलिए ऋषभ को लेकर उन्हें चिंता हो रही है। पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ अपना पैर भी जमीन पर नहीं रख पा रहे थे जिससे पता चलता है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान क्रिस वोक्स की एक गेंद उनके पैर से लग गयी थी। जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से बाहर ले जान पड़ा। पोंटिंग ने कहा कि उनकी की इंजरी ज्यादा गंभीर दिख रही थी क्योंकि वह मुश्किल से भी अपना पैर जमीन पर रख पा रहे थे।पोंटिंग ने कहा, जब तक गोल्फ कार्ट आया तब तक वह 6 से 8 मिनट तक दर्द से परेशान दिखा। तुरंत हुई सुजन भी परेशान करने वाली बात है। मुझे भी मेटास्टार्सल इंजरी हुई थी और वह बहुत छोटी और नाजुक हड्डियां में होती हैं। मेटाटार्सल या मेटाटार्सस बोन पैर के पंजे की उन 5 हड्डियों के समूह को कहते हैं जो एड़ी की हड्डी को उंगलियों और अंगूठों की हड्डियों से जोड़ती हैं। पोंटिंग ने आगे कहा, 'वह अपने पैर पर कोई भी वजन नहीं डाल पा रहा है जो बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है।

# प्रधानमंत्री मोदी इंग्लैंड दौरे में युवा क्रिकेटरों से मिले



लंदन (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने इंग्लैंड दौरे में समय निकालकर युवा क्रिकेटरों से भी मिले। मोदी जब युवा क्रिकेटरों से मिले रहे थे तो उनके साथ इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भी वहां उपस्थित थे। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीरें जारी करते हुए लिखा, क्रिकेट का यह रिश्ता अपने शीर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेकर्स एस्टेट में युवा क्रिकेटरों से मुलाकात करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।गौरतलब है कि भारत और इंग्लैंड के बीच लंबे समय से क्रिकेट के मैदान पर कड़ी टक्कर रही हैं। वहीं भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम भी इस समय 5 टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड में ही है। अभी तक इस सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पीछे चल रही है। वहीं, मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट खेला जा रहा है। वहीं हाल ही में भारतीय महिला टीम ने भी यहां एकदिवसीय और टी20 सीरीज जीती थी। भारतीय अंडर-19टीम भी अभी इंग्लैंड दौरे पर है। इस टीम ने भी यहं शानदार प्रदर्शन किया है। कई भारतीय खिलाड़ी भी इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। ठीक इसी तरह इंग्लैंड के कई क्रिकेटर भी आईपीएल में खेलते हैं।

### अगले माह होगा रोमन रेंस और जे उसो का ब्रेकर और ब्रॉन्सन से मुकाबला



सेन डियागो (ईएमएस)। डब्ल्यू डब्ल्यूई में अगले महा अगस्त में रेसलर रोमन रेंस और जे उसो की टीम का मुकाबला ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड से होगा। यह मुकाबला 2 या 3 अगस्त को समरस्लैम में होगा। पॉल हेमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करके इस मुकाबले के बारे में बताया है। उन्होंने रोमन रेंस और जे उसो को चेतावनी भी दी है। हेमैन ने रोमन रेंस को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह मुकाबला उनके लिए बेहद कठिन रहेगा। हेमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा, रोमन किसी भी दिन मुकाबला करें उससे फर्क नहीं पड़ेगा। ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड की ओर से रोमन रेंस और जे उसो ने मुकाबले की चुनौती स्वीकार की है।रोमन ने इससे पहले हेमैन का मजाक उड़ाया था। उन्होंने कहा था कि हेमैन ने उन्हें द ट्राइबल चीफ नहीं बनाया है। रेंस ने कहा कि वह द ट्राइबल चीफ इसलिए हैं क्योंकि फैंस उन्हें अभी भी मानते हैं। इसके बाद ब्रॉन ब्रेकर ने कहा कि वह यहां के नए बिग डॉग हैं। रेंस और ब्रेकर के बीच मारपीट भी हुई थी। जे उसो ने आकर रोमनको बचाया। इसके बाद रेंस ने समरस्लैम के लिए चुनौती दी। जे उसो इस मुकाबले में रोमन रेंस के पार्टनर होंगे।

### पाक क्रिकेटर इमाद के तलाक की अटकलें



लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तानी के क्रिकेटर इमाद वसीम आज खेल की जगह अपनी निजी जिंदगी को लेकर अधिक चर्चाओं में हैं। ये भी कहा जा रहा है कि इमाद और उनकी पत्नी सानिया अशफाक के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और दोनो तलाक तक पहुंच गयी हैं। सानिया अशफाक के सोशल मीडिया पर किये एक पोस्ट के बाद से ही दोनो के खराब संबंधों की बात सार्वजनिक हो गयी।सानिया ने इस पोस्ट में लिखा, मौन को सहमति या फिर सबूतों की कमी नहीं माना जाना चाहिए। मैं खूब सोच-विचार करने के बाद केवल सही समय का इंतजार कर रही हूं। स्थानीय मीडिया के अनुसार हाल में इमाद को एक महिला के साथ घूमते हुए देखा गया था। जिसके बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नायला रजा का नाम भी चर्चा में आ गया। इसका एक वीडियो भी आया है। माना जा रहा है कि नायला ही इमाद के साथ थी हालांकि इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं नायला ने इमाद के साथ किसी भी तरह के अफेयर की खबरों से इंकार किया है पर इमाद ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।हाल ही में सानिया ने अपने बेटे जायन के जन्म के बाद भी एक पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने इमाद को टैग नहीं किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इमाद वसीम की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम बायो में भी बदलाव किया है।

# अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर स्थापित अटल मोहल्ला क्लीनिक बदलने के खिलाफ भाजपाईयों ने निकाला विरोध मार्च






धनबाद, देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल मोहल्ला क्लीनिक का हेमंत सरकार द्वारा नाम बदलने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कंबाइंड बिल्डिंग चौक से विरोध मार्च निकाला एवं रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर कड़ा विरोध किया गया। कंबाइंड बिल्डिंग से रणधीर वर्मा चौक तक निकले हेमंत सोरेन के खिलाफ विरोध मार्च का नेतृत्व धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया। पूरे यात्रा के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ता हेमंत सोरेन मुर्दाबाद ,अटल जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान ,अटल बिहारी वाजपेयीअमर रहे का जोरदार नारा लगाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, यह निर्णय राज्य सरकार के राजनीतिक संकीर्णता और जन भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता उजागर करता है। सरकार का यह कृत्य केवल अटल जी का अपमान नही है बल्कि झारखंड के करोड़ों लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ भी है। हम मांग करते हैं कि अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम पुनः स्थापित किया जाए।

अटल जी केवल एक नाम नहीं विचार हैं और विचारों को कोई मिटा नहीं सकता।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि झमुमों-कांग्रेस - राजद गठबंधन की सरकार निम्न स्तरीय राजनीति करते-करते अब ऐसे इंसान से भी नफरत करने लगी, जिन्होंने आदिवासी समाज को पहचान दिलाने के लिए झारखंड को अलग राज्य बना दिया। महज मिशनरियों के चंद वोटो के लिए षड्यंत्र रचने का कार्य यह सरकार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ईसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस अवसर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र हाँसदा, जिला मंत्री, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता प्रसाद, पंकज सिन्हा, पुरुषोत्तम रंजन, मुकेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, राजाराम दत्ता, संजय कुशवाहा, सन्नी रवानी, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, जगबंधु मंडल, शंभु सिंह, मुकेश सिंह, शंभु सिंह, उमेश सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह भवानी, अमित सिंह, डी के सिंह, मनोज रिंकू, बेबी यादव, चनेश्वर यादव सहित सैंकड़ो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनबाद विधायक राज सिन्हा को फुटपाथ दुकानदारों की नहीं, बल्कि अपने खास लोगों की चिंता है : डॉ नीलम मिश्रा

धनबाद, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह मिडिया पेनेलिस्ट डॉ० निलम मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद विधायक राज सिन्हा के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि, सच्चाई अक्सर कड़वी होती हैं । विधायक को खुद अपनी राजनैतिक यात्रा की असलियत देखने कि ताकत होनी चाहिए ,पीए से विधायक बनने तक का सफर कैसा है। कोई जनआंदोलन से इनकी उपज नहीं है,यह सब जानता है। इसलिए जनता हित इनकी प्रमुखता नहीं बल्कि स्वार्थ की राजनीति इनके सर चढ़कर बोलता है । उन्होंने कहा की महामहिम राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए पुलिस लाइन में अतिक्रमण मुक्त अभियान में टुट रहें दुकान का अफसोस विधायक को नहीं हैं, बल्कि कुछ चाटुकारों एवं निजी व्यक्ति कि स्वार्थ कि इन्हें चिंता है। जिनके साथ ये जुड़े हुए हैं। इसलिए समर्थन में विधायक विचलित हैं। हकीकत तो भाजपा के कार्यकर्ता भी जानते हैं कि कुछ चाटुकारों, एवं अपने परिवार के लिए कार्य करते हैं ,चाहे वो कार्य सही हो या ग़लत फिर शराब हो या कोयला। अगर विधायक को धनबाद के लोगों की सही में चिंता है तो सरायढेला में जब दुकानों में आग लगी थी तब विधायक जी कहां थें? सीएमआरआई से दर्जनों कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया था और उन कर्मचारियों द्वारा महिनों आंदोलन किया गया तब विधायक जी कहां थें? सीएमआरआई के दबंगों द्वारा कृष्णा नगर के लोगों का आवागमन इस प्रकार से बंद कर दिया गया है। इमरजेंसी में एंबुलेंस भी वहां पहुंच नहीं पाती है। स्थानीय लोग विधायक के घर का परिक्रमा करके थक गए लेकिन विधायक का जरा भी संवेदना वहां नहीं जागा।आज विधायक की यह स्थिति हो गई हैं कि दो चार दैनिक भत्ता पर रखें कर्मचारी रूपी नक़ली कार्यकर्ताओं से बयान दिलवान पड़ रहा हैं। क्योंकि भाजपा के कार्यकर्ता इन के साथ नहीं हैं।धनबाद की जनता के साथ साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी इन के व्यक्तित्व एवं चाल-चरित्र से परिचित हो गए हैं । रहीं बात निलम मिश्रा को यह नहीं जानते हैं कि कौन है नीलम मिश्रा ? तो यह आपको जानना जरूरी भी नहीं है। आप जनता की जरूरत को जानिए ,उनकी आवाज को सुनिए, जिस जनता ने आपको चुनकर विधायक बनाया है। उनकी मुश्किलों को जानिए। निश्चित तौर पर विधायक को आने वाले समय में धनबाद की देवतुल्य जनता बताएंगी कि निलम मिश्रा कौन है।

## लोयाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता की हासिल

### पुलिस ने स्कूटी सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब और भारी मात्रा में नकदी रुपये के साथ धर दबोचा



लोयाबाद।लोयाबाद पुलिस को गुरुवार की देर रात वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने स्कूटी सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब और नकदी के साथ धर दबोचा। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। लोयाबाद थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच थाना क्षेत्र के सेन्द्रा रेलवे पुल के पास गश्ती दल वाहन जांच कर रहा था। इसी दौरान कतरास की ओर से आ रहे एक स्कूटी पर सवार दो युवकों को रोका गया। जांच के दौरान उनके पास से 32 बोतल हंटर बियर, तीन बोतल मैकडोनाल्ड रम, दो बोतल 8 पीएम, एक बोतल ब्लेंडर प्राइड, एक बोतल सिग्नेचर प्राइड के साथ 2,39,000 रुपये नकद बरामद किया गया। मौके पर स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए ।दोनों युवकों की पहचान सत्येन्द्र केवट एवं सोनू केवट के रूप में हुई है। इनके खिलाफ कांड संख्या 41/25 के तहत शराब तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गश्ती दल में थाना के एएसआई नवल शुक्ला, बिनोद पासवान, सहित अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे। लोयाबाद थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर सख्ती से निगरानी रखी जा रही है और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# उपायुक्त ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दामोदरपुर, स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण







### एएनएम की बहाली, भवन की मरम्मती, प्रसव की संख्या में बढ़ोतरी समेत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश,

धनबाद उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, आदित्य रंजन ने दामोदरपुर पंचायत अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र की विस्तार से जानकारी ली। सीएचओ ने जानकारी देते हुए बताया कि ओपीडी, एनसीडी, गर्भवती महिलाओं को सम्पूर्ण जांच व प्रसव से पूर्व तथा प्रसव के बाद अन्य जरुरी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान सीएचओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एएनएम की कमी के बारे में उपायुक्त को अवगत कराया। इसके अलावा आवश्यकताओं के अनुरूप फर्नीचर समान, विभिन्न प्रकार के किट, आधारभूत संरचना, योग करने हेतु शेड निर्माण की आवश्यकता से भी उपायुक्त को अवगत कराया।

उपायुक्त, आदित्य रंजन ने एएनएम के रिक्त पड़े पदों पर बहाली को लेकर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बिल्डिंग रिनोवेशन करने, आधारभूत संरचना करने, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, सभी खिड़कियों में नेट लगाने, आवश्यकता के अनुसार फर्नीचर निर्माण करने, ईसीजी मशीन लगाने, डिलीवरी किट उपलब्ध कराने, परिसर के चारों ओर उनकी झाड़ियां की साफ सफाई करने, योग करने हेतु शेड निर्माण करने एवं वॉल पेंटिंग कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश सिविल सर्जन एवं डीएमएफटी की टीम को दिए।

साथ हीं सीएचओ को डिलीवरी की संख्या बढ़ाने सर्विस इंप्रूव करने के साथ-साथ जो भी सुविधा उपलब्ध है उसके रखरखाव करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने दवाओं की उपलब्धता की लिस्ट बोर्ड पर प्रकाशित करने, नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अच्छी से अच्छी व्यवस्था देने हेतु निर्देशित किया।

मौके पर उपायुक्त, आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ० आलोक विश्वकर्मा, डीपीएम, नीरज यादव के अलावा सीएचओ एवं डीएमएफटी की टीम मौजूद थी।

## समाहरणालय में ब्लॉक पीईसी आधार ऑपरेटरों के लिए "यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लिकेशन" पर केंद्रित एक सफल प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



गिरिडीह, समाहरणालय में ब्लॉक पीईसी आधार ऑपरेटरों के लिए "यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लिकेशन" पर केंद्रित एक सफल प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऑपरेटरों की यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लिकेशन से संबंधित समझ और तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करना था, जो आधार नामांकन और अद्यतन प्रक्रियाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतिभागियों ने इस दौरान यूनिवर्सल क्लाइंट के विभिन्न पहलुओं को व्यावहारिक रूप से सीखा और अपनी शंकाओं का समाधान पाया। यह प्रशिक्षण भविष्य में आधार सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यकुशलता को और बेहतर बनाएगा।

# मुख्यालय हाजीपुर में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 25 जुलाई को रेल निकेतन स्थित नया सम्मेलन कक्ष में छत्रसाल सिंह महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नीरज वर्मा प्रधान वित्त सलाहकार पूर्व मध्यं रेल हाजीपुर द्वारा की गई। सम्मेलन में रेलवे बोर्ड नई दिल्ली से सम्मानित अतिथि के रूप में पी.के.मल्लिक कार्यकारी निदेशक ट्रांसफार्मेशन भी शामिल हुए। बैठक में प्रधान वित्त सलाहकार महोदय द्वारा रेल के आय-व्याय की समीक्षा की गई तथा उन्होंने अपने संबोधन में वित्तीय अनुशासन को अनुरक्षित रखते हुए आगामी नौ महीने का बजट आवंटन के अंतर्गत व्यय को नियंत्रित करने का दिशा-निर्देश दिया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा अपने संबोधन में कर्मचारी हित के सभी पहलुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए तथा निर्देशित किया गया कि इसे अपने कार्यकलापों में शामिल किया जाए। इस सम्मेलन में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों के अलावा प्रधान वित्तं सलाहकार निर्माण श्रीमती बंदना शर्मा विसमुलेधि/वित्त एवं बजट एम.एम.हसन विसमुलेधि/ कारखानाए भंडार एवं यातायात संकल्प नारायण सिंह विसमुलेधि/ निर्माण विजय तुकाराम कदम सभी उपविसमुलेधि समेत पूर्व मध्य् रेल के पांचों मंडलों के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक शामिल हुए।

## गाड़ी सं. 03233/34 दानापुर-भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर और भागलपुर के मध्य चलायी जा रही 03233/03234 श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है ।

विस्तारित अवधि के दौरान गाड़ी सं. 03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल अब 26 एवं 27 जुलाई को तथा गाड़ी सं. 03233 भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेषल 26, 27 एवं 28 जुलाई को भी परिचालित की जाएगी । विदित हो कि गाड़ी सं. 03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेषल दानापुर से 15.30 बजे खुलकर 22.00 बजे भागलपुर पहुंचती है तथा गाड़ी सं. 03233 भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 01.00 बजे खुलकर 07.50 बजे दानापुर पहुंचती है ।

**कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, गिरिडीह।**
ई0मेल- nagar.dhanwar@gmail.com / दूरभाष : 06554 796845

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना–01 / 2025– 26**

धनवार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0, DAY-NULM, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), NAMASTEयोजना तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों हेतु IECतथा कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के सामग्रियों, कार्यों तथा सेवाओं की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु फर्म का चयन करने हेतु इच्छुक प्रतिभागीयों से दर आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्ता फर्म का चयन न्यूनतम दर के आधार पर किया जाएगा । इच्छुक प्रतिभागी सभी सामग्रियों तथा कार्यों हेतु अलग–अलग दर को सील बंद लिफाफे में दिनांक– 01.08.2025 को अपराहन् 01:00 बजे धनवार नगर पंचायत कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अंकित दर में वस्तु एवं सेवा कर सहित सभी करों एवं परिवहन का शुल्क भी शामिल होगा। इस कोटेशन आमंत्रण सूचना हेतु आपूर्ति किए जानेवाले सामग्रियों तथा कार्यों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | सामाग्री / कार्य का विवरण | दर जी0एस0टी0 के साथ |
|---|---|---|
| 1 | बैनर | Per/sq ft |
| 2 | बैनरFrameके साथ | Per/sq ft |
| 3 | सैल्फी पावंइन्ट | Per/sq ft |
| 4 | स्टैण्डी बैनर | Per/sq ft |
| 5 | Wall Painting Normal | Per/sq ft |
| 6 | सोहराय Art Painting | Per/sq ft |
| 7 | T-Shirt with Logo | Per/piece |
| 8 | Cap with Logo | Per/piece |
| 9 | Track Suit | Per/piece |
| 10 | Hoarding | Per/sq ft |
| 11 | Radio Jingle | Per/Minutes |
| 12 | नुक्कड़ नाटक | प्रत्येक नाटक |
| 13 | Handbill | Per/sq ft |
| 14 | Sticker | Per/sq ft |
| 15 | Cloth Banner | Per/sq ft |
| 16 | Advertisement Vehicle | Per/Day |
| 17 | Modern Art | Per/sq ft |
| 18 | Training of 30 persons including Breakfast, Lunch & Evening Snacks | Per/Training |

इस अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना से संबंधित नियम एवं शर्तो को धनवार नगर पंचायत कार्यालय के मुख्य सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत।

PR 358172 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

# सीईडी विभाग में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन







बोकारो । बीएसएल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) में एक दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महाप्रबंधक (सीईडी) श्री ए.के. अविनाश, महाप्रबंधक (सीईडी) मो. शाहबुद्दीन, महाप्रबंधक (सीईडी) मो. तसनीम सलाम सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ हुआ। सहायक महाप्रबंधक (सीईडी) श्रीमती ज्योति ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अपने संबोधन में सभी को निरंतर सुरक्षा उपायों का पालन करने तथा सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने औद्योगिक विस्तार की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्नत सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एडवांस्ड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम) की अनिवार्यता पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने सीईडी विभाग की क्वालिटी सर्किल टीम 'फ्रंटलाइन सेफ्टी वॉरियर्स' एवं 'सेफ्टी वॉरियर्स' को भिलाई में आयोजित सीसीक्यूसी चैप्टर में प्राप्त पुरस्कारों के लिए बधाई दी एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सहायक महाप्रबंधक (सीईडी) श्री गणेश कुमार ने प्रतिभागियों को पीएसएसआर (प्री-स्टार्टअप सेफ्टी रिव्यू) और पीटीआर (परमिट टू वर्क) पर प्रशिक्षण देते हुए आधुनिक सुरक्षा प्रबंधन तकनीकों तथा नए वर्क परमिट फॉर्म की प्रक्रिया से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में श्री आदित्य स्वरूप ने 'वर्क एट हाइट' एवं उसकी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर प्रस्तुति दी और ऊंचाई पर कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में सीईडी एवं एसआईजीएस विभाग के कुल 35 कर्मचारियों ने भाग लिया और सुरक्षा उपायों, जोखिम प्रबंधन एवं सुरक्षित कार्य प्रणाली के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ज्ञान अर्जित किया। इस प्रकार के आयोजन बोकारो स्टील प्लांट की सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति एवं कर्मचारियों को सुरक्षित तथा दक्ष कार्य पद्धति से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

## प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत कार्यशाला का आयोजन, बीआरपी और सीआरपी को दिया गया प्रशिक्षण

# विद्यालयों में संस्थागत तरीके से हीं बदलाव संभव : उपायुक्त





### प्रति दिन विद्यालयों में कराएं चेतना सत्र, बच्चों की उपस्थिति में होगी वृद्धि

### विद्यालयों को सुधारने के लिए कमियों का नहीं मेहनत का करें आकलन, बेहतर होंगी सुविधाएं : उपायुक्त

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला के सभी बीआरपी एवं सीआरपी को सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस,जिला स्कूल, बाबुडीह में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उपायुक्त, आदित्य रंजन ने कहा कि शिक्षा विभाग में बीआरपी एवं सीआरपी का काफी महत्व है। सभी बीआरपी एवं सीआरपी शिक्षा के मूल उद्देश्य से नहीं भटके। आपके सहयोग से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार संभव है। इस दौरान उपायुक्त में सभी बीआरपी एवं सीआरपी से एक-एक कर सरकारी विद्यालयों की कमियों की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने कहा कि प्राइवेट विद्यालयों एवं सरकारी विद्यालयों में सिर्फ एक ही अंतर है वह अंतर है कि प्राइवेट विद्यालयों में पढ़े लिखे परिवार के बच्चे पढ़ते हैं एवं सरकारी विद्यालयों में अशिक्षित परिवार एवं गरीब परिवार एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक के बच्चे पढ़ाई करते है। इस बात पर हमें गर्व होना चाहिए कि हम वैसे बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, साथ ही उनके परिजन शिक्षित नहीं है। ऐसे घरों में शिक्षा का दीप जलाना अपने आप में गर्व की बात होती है।

उपायुक्त ने कहा कि अक्सर अंग्रेजी मीडियम और हिंदी मीडियम को लेकर काफी चर्चाएं होती है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में हफ्ते में काम से कम एक दिन सभी शिक्षक अंग्रेजी में बातचीत करें I ताकि बच्चों एवं शिक्षकों को भी अंग्रेजी में बात करने की धीरे-धीरे आदत हो। इस दौरान बीआरपी एवं सीआरपी ने विद्यालयों के पीटीएम में पेरेंट्स के नहीं आने की समस्या से उपायुक्त को रूबरू कराया। इस मामले में उपायुक्त ने कहा कि पीटीएम का एसओपी सभी शिक्षक पढ़ें और उसे पर अमल करें। पीटीएम के दौरान सभी पेरेंट्स के बच्चों की अलग से चर्चा करें। साथ ही विद्यालय में अच्छा परफॉर्मेंस करने पर बच्चों को पीटीएम के दौरान सम्मानित भी करें। इसके अलावा पेरेंट्स को भी मोबिलाइज करें। तभी पीटीएम में पेरेंट्स की उपस्थिति में वृद्धि हो सकेगी।

उपायुक्त ने सभी बीआरपी एवं सीआरपी से कहा कि विद्यालयों में जांच के मकसद से न जाए बल्कि सुधार करने के उद्देश्य से जाएं। विद्यालयों में कमियों का नहीं बल्कि मेहनत का आकलन सुनिश्चित करें तभी बदलाव संभव है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और एक अच्छे इंसान बनाने की दिशा में कार्य करें। विद्यालयों की व्यवस्था को सुधारने में किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं है। इसके लिए आवश्यकता है संस्थागत तरीके से आप अपने-अपने विद्यालयों में बदलाव सुनिश्चित करें। इसके लिए अलग-अलग हाउस का गठन करें, इको क्लब का गठन करें एवं बेहतर मैनेजमेंट के साथ विद्यालय का संचालन सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के रहन-सहन, अनुशासन तभी बेहतर होंगे जब शिक्षक भी उसका पालन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिदिन चेतना सत्र अवश्य कराएं I ताकि बच्चों में इसकी चर्चा हो और बच्चों की उपस्थिति की प्रतिशत में वृद्धि हो। हम सभी मिलकर विद्यालयों को सुधारेंगे। सभी स्कूल सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस जैसा हो यह हमारी प्राथमिकता होगी इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक, आयुष कुमार सभी बीआरपी एवं सीआरपी तथा डिएमएफटी टीम भी मौजूद थी I

## बैंक मोड़ स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, धनबाद में 25वाँ कारगिल विजय दिवस मनाया गया

### सैनिकों की वेशभूषा में बच्चों ने सबका मन जीता




धनबाद। कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है। इस अवसर पर बच्चों ने सैनिकों के प्रति अपने सम्मान का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया I देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत बच्चों ने परेड, देश भक्ति गीत और लघु नाटक का मंचन आदि प्रस्तुत किया I विद्यालय के प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के भीतर मानव मूल्य,देशभक्ति की भावना, तथा शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना विद्यालय का प्रथम कर्तव्य है, ताकि वे देश के अच्छे नागरिक बन सके I कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया I इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ मौजूद थी I

## सीएसआईआर, सीआईएमएफआर द्वारा "एक दिन एक वैज्ञानिक" पांच दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का किया गया आयोजन

धनबाद, वैज्ञानिक अनुसंधान को समाज से जोड़ने की प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिष्ठित केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में, सीएसआईआर, केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर, सीआईएमएफआर, धनबाद द्वारा 'एक दिन एक वैज्ञानिक', ऑडस नामक पांच दिवसीय राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआईआर, जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत 21 से 25 जुलाई 2025 तक सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के बारवा रोड परिसर में आयोजित हुआ।ऑडस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अन्वेषण के प्रति रुचि जगाना है। हर दिन एक विशेष विषय पर आधारित रहा, जिसमें देश भर के विभिन्न स्कूलों से आए तीन सौ से अधिक छात्रों और 14 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। केंद्रीय विद्यालय 2, धनबाद के 50 छात्र और 2 शिक्षक सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में पहुंचे I जहां उन्होंने कोयला



पर्यावरण निगरानी और ऊर्जा-कुशल तकनीकों से जुड़े अनुसंधान को प्रत्यक्ष देखा। वैज्ञानिकों के साथ संवाद से पुस्तकीय ज्ञान को वास्तविक अनुभव में बदलने का भी अवसर मिला। बोर्ड मिडिल स्कूल, मुग्मा,अल इस्लाह स्कूल; डीएवी कोईलानगर; ज्ञान सागर; कार्मेल स्कूल डिगवाडीह; और सेंट जोसेफ स्कूल एनटीपीसी के छात्र विभिन्न अनुसंधान प्रभागों में गए और आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों एवं डेमोंस्ट्रेशन को देखा।अल इस्लाह, डीएवी कोईलानगर, सेंट जोसेफ एनटीपीसी और ज्ञान सरोवर विद्यालय के 62 छात्रों ने सिरका, तेल और बेकिंग सोडा जैसी दैनिक वस्तुओं का उपयोग कर लावा लैंप, अदृश्य अग्निशामक और उब्लेक जैसे प्रयोग किए। वैज्ञानिकों ने कठिन अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से समझाया।अभाया स्कूल के 42 छात्रों ने स्वयं फोल्डस्कोप असेंबल किए और प्याज की परतों जैसे सूक्ष्म नमूनों का अध्ययन किया। इस गतिविधि ने वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ाया और सूक्ष्म संरचनाओं के प्रति समझ विकसित की।कार्यक्रम के अंतिम दिन भारत की खनिज संपदा पर आधारित सत्र आयोजित किया गया। जेएनवी धनबाद, गुरुनानक मिशन स्कूल, ऐक्स तुरामडीह, डीएवी मुनीडीह, डीएम पब्लिक स्कूल पुटकी, महर्षि विद्यालय,तेलंगाना, तथा जेएनवी वैशाली, बिहार के छात्रों ने खनिज मानचित्र और इसके औद्योगिक उपयोग पर आधारित क्विज़ व चर्चा में भाग लिया। इसने पृथ्वी विज्ञान के महत्व को उजागर किया।

## उपायुक्त ने किया आईआईटी, आईएसएम में कार्यक्रम स्थल सहित अन्य तैयारियों का निरीक्षण





### राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने आज देर शाम आईआईटी आईएसएम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। आईआईटी आईएसएम में आगामी 1 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम निर्धारित है।सबसे पहले उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रपति के आवासन के लिए तैयार हो रहे प्रेसिडेंट सुइट, प्रेसिडेंट सुइट तक पहुंच पथ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, ग्रीन रूम, कार्यक्रम स्थल तक निर्धारित मार्ग, कार्यक्रम स्थल का प्रवेश एवं निकास द्वार का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने तथा राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं आईआईटी,आईएसएम में निरीक्षण से पहले उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया। निरीक्षण में उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार, प्रबोध पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1, शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर, राम नारायण ठाकुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी, नारायण राम, बीएन सहदेव के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद में नवप्रवेशित अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित





धनबाद, : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में आज नवप्रवेशित अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन पेनमैन ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, इतिहास, सुविधाएं और छात्र जीवन से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने सभी नए छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "आपने आईआईटी में दाखिला लेने का लक्ष्य बनाया, मेहनत की और जेईई परीक्षा पास कर यहां तक पहुंचे। लेकिन अब यहां आने के बाद आपके जीवन का नया फेज शुरू हुआ है, और अब आपके लक्ष्य भी बदलेंगे।" उन्होंने कहा कि जैसे हाई जंप करने वाला एथलीट हर बार बार ऊंचाई बढ़ाता है, वैसे ही आपको भी अपने टारगेट को लगातार अपग्रेड करना होगा। "हर पड़ाव पर सफलता का मापदंड बदलता है, और जो खुद को उस बदलाव के साथ एडजस्ट करता है, वही आगे बढ़ता है," उन्होंने समझाया। प्रो. मिश्रा ने छात्रों से कहा कि आगे की यात्रा में भी कई चैलेंज आएंगे, जिन्हें उन्हें खुद ही फेस और सॉल्व करना होगा। हालांकि, फैकल्टी हमेशा उनके साथ गाइड और सपोर्ट के तौर पर मौजूद रहेगी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे संस्थान की सभी सुविधाओं का पूरा उपयोग करें और एक सक्सेसफुल प्रोफेशनल और जिम्मेदार नागरिक बनें। कार्यक्रम की शुरुआत में डीन (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) प्रो. रजनी सिंह ने संस्थान की समृद्ध विरासत पर एक प्रेजेंटेशन के जरिए जानकारी दी और बताया कि यह कैंपस जल्द ही 100 साल पूरे करने जा रहा है। डीन (अकैडमिक) प्रो. एम.के. सिंह ने छात्रों को संस्थान की एकेडमिक स्ट्रक्चर के बारे में बताया, जिसमें 14 हफ्तों का सेमेस्टर सिस्टम, मिड-सेमेस्टर और एंड-सेमेस्टर एग्जाम्स, और उनका वेटेज शामिल है। उन्होंने यह भी साफ किया कि क्विज का वेटेज 20%, मिड-सेम 30% और फाइनल एग्जाम का वेटेज 50% होगा।

उन्होंने किसी भी तरह की अनैतिक गतिविधियों से बचने की सलाह दी। डीन (स्टूडेंट्स वेलफेयर) प्रो. एस.के. गुप्ता ने हॉस्टल की सुविधाओं, स्टूडेंट सेंटर और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट सेंटर में 23 एक्टिव स्टूडेंट क्लब हैं जो छात्रों को को-करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेने का मौका देते हैं। डीन (नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता) प्रो. आलोक दास ने इनोवेशन हब और संस्थान में मौजूद विभिन्न इनोवेशन सेंटर्स जैसे नरेश वशिष्ठ टिंकरिंग एवं नवाचार केंद्र, टेक्समिन, सीआईएल नवाचार केंद्र और अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र (एसीआईसी) के बारे में विस्तार से बताया। डीन (इंफ्रास्ट्रक्चर) प्रो. अमित राय दीक्षित ने संस्थान की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं और एमआईएस सिस्टम की जानकारी दी। सेंट्रल लाइब्रेरी के प्रोफेसर-इन-चार्ज प्रो. अजय मंडल ने छात्रों को लाइब्रेरी की सुविधाओं से अवगत कराया, जिसमें 24x7 उपलब्ध डिजिटल लाइब्रेरी भी शामिल है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने फैकल्टी सदस्यों से बातचीत की और संस्थान में अपने आने वाले सफर को लेकर उत्साहित नजर आये.

## राजकमल में करियर काउंसलिंग

### रोजगार के कई आयामों में एक महत्वपूर्ण आयाम है कंपनी सेक्रेटरी : सुमन्त कुमार मिश्रा



धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर घनसार, धनबाद में शुक्रवार को कलावती सभागृह में छात्र एवं छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग आयोजित की गई । जिसमें 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा इस मौके पर उपस्थित थे I उन्होंने कहा कि जानकारी न होने के कारण पढ़े लिखे युवा नौकरी नहीं प्राप्त कर पाते । अत्यधिक जानकारी रखना आज के समय में अत्यावश्यक है । 12वीं उत्तीर्ण भी कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा में सफल हो सकते हैं । रोजगार के आयाम में एक महत्वपूर्ण आयाम है कंपनी सेक्रेटरी । द इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेट्रीयेट शीप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रीता रिटोलिया ने एवं चैप्टर इंचार्ज तापस मजूमदार ने विद्यार्थियों को कंपनी सेक्रेटरी एवं उससे जुड़े कई रोजगारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी ।करियर के साथ-साथ उनको रोजगार पाने के लिए अपने आप में किन-किन गुणों को विकसित करने की आवश्यकता है इससे भी बच्चों को अवगत कराया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, सुमन्त कुमार मिश्रा , उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह समेत विद्यालय के प्रभारीगण एवं वाणिज्य के सूरज कुमार चौधरी ,दीपांकर खवास, पवन तिवारी ,अरुण कुमार मिश्रा, श्रीकांत अधिकारी, संजीव पटनायक व अन्य उपस्थित थे ।

## जनता दरबार में जनशिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी ने सुनी आम जनों की शिकायत



धनबाद, जनशिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी, नियाज अहमद ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के राजगंज, कतरास, नावाडीह, टुंडी, बड़ा अंबोना सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी।जनता दरबार में नावाडीह में जल जमाव से निजात दिलाने, सेरेब्रल पाल्सी ऑपरेशन के लिए सहायता प्रदान कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने, जमीन मापी, खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा कर घर बनाने, छल कपट कर पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए। सभी मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया।

मौके पर आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, संजय कुमार झा, एपीआरओ, आलोक कुमार मिश्रा, जन शिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक, नंदकिशोर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया

तेतुलमारी।तेतुलमारी नगरीकला स्थित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को 36 झारखंड बटालियन एन.सी.सी.धनबाद के कमान अधिकारी कर्नल संजय खंडवाल द्वारा एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस शिविर में धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़,साहिबगंज, के स्कूल/कॉलेज से करीब पाँच सौ (500) एन.सी.सी के कैडर (लड़का) आए हुए हैं। उद्घाटन के बाद कर्नल खंडवाल ने सभी कैडर को इस शिविर के लाभ के बारे में विस्तार पूर्व बताया। इस शिविर के आधार





पर कैडर को प्रमाण पत्र A/B/C मिल सकता है जिसके आधार पर सरकारी नौकरी जैसे सेना, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलो तथा अन्य विभाग में छूट एवं वरीयता मिलेगी I

इसके अलावा कैडर को आत्मा-अनुशासन, शरीरिक फिटनेस में सुधार, नेतृत्व कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुणों का विकास होगा। सरकारी विशेषज्ञों द्वार नौकरी में सुविधा, झारखंड अग्निशमन विभाग द्वार आज से बचाव एवं सुरक्षा तथा सर्वमंगला पब्लिक स्कूल द्वार स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी इस शिविर में दिया जायेगा। इस अवसर पर एन.सी.सी के कैप्टन राम कुमार सिंह,पी.एच.एम. विकास, सूबेदार शाम सिंह एवं स्कूल प्रबंधन के तरफ से डॉ. (श्रीमती) सर्वमंगला प्रसाद, डॉ. (श्रीमती) प्रभा सक्सेना , ई. महेंद्र प्रसाद, डॉ. हरदेव प्रसाद एवं एन.सी.सी प्रभारी गोविंद महतो, जीतेंद्र विश्वकर्मा, किशन महतो, बीरेंद्र रवानी, मृत्युंजय मंडल एवं विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।